श्रावण कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 02:08 तक उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 11 जुलाई 2025
वर्ष 5, अंक 140, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



यूरोपीय आयोग अध्यक्ष उर्सुला को विश्वास मत 14

आसियान से व्यापार समझौता वार्ता में तेजी के प्रयास 12

## कांवड़ यात्रा आज से शुरू चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा

मुख्य संवाददाता, देहरादून



- डीजीपी ने हरिद्वार और ऋषिकेश पहुंचकर तैयारियों को परखा

**अमृत विचार :** श्रावण मास की कांवड़ यात्रा आज से प्रारंभ हो रही है। डीजीपी दीपम सेठ ने गुरुवार को हरिद्वार और ऋषिकेश में कांवड़ यात्रा मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि, कांवड़ यात्रा के शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित संचालन हेतु पुलिस पूरी तरह से सतर्क एवं प्रतिबद्ध है।

डीजीपी ने बताया कि संपूर्ण कांवड़ मेला क्षेत्र में 7000 कर्मियों का फोर्स तैनात किया गया है, जिनमें 3000 पुलिसकर्मी, 1350 होमगार्ड और पीआरडी, 15 कंपनी पीएसी, 9 कंपनी अर्द्धसैनिक बल, 9 टीम बम डिस्पोजल स्क्वायड, 4 टीम आतंकवादी निरोधक दस्ता, 10 टीम एसडीआरएफ 10 टीम ड्रोन, 7 टीम जल पुलिस की तैनाती की गई है। 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरो से कंट्रोल रूम के जरिए कांवड़ क्षेत्र की 24 घंटे सतत निगरानी की जा रही है। सीमावर्ती राज्यों के कंट्रोल रूम से समन्वय स्थापित कर रियल टाइम सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जा रहा है। सीसीटीवी, ड्रोन निगरानी, कंट्रोल रूम, इंटीग्रेटेड कम्युनिकेशन सिस्टम स्थापित किया गया है। संदिग्ध गतिविधियों के दृष्टिगत एसटीएफ और अभिसूचना की विशेष टीमें तैनात की गई हैं।

# आधार, वोटर आईडी और राशन कार्ड को भी पहचान पत्र मानें

नई दिल्ली, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को दिए निर्देश
- बिहार में वोटरलिस्ट पुनरीक्षण जारी रखने को अनुमति



उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को निर्वाचन आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को जारी रखने की अनुमति देते हुए इसे संवैधानिक दायित्व बताया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हालांकि, इस कवायद के समय पर सवाल उठाया और कहा कि बिहार में एसआईआर के दौरान आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर दस्तावेज के तौर पर विचार किया जा सकता है।

पीठ ने कहा कि हमारा प्रथम दृष्टया मानना है कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान आधार, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड पर दस्तावेज के तौर पर विचार किया जा सकता है।

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि 10 विपक्षी दलों के नेताओं सहित किसी भी याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया पर अंतरिम रोक की मांग नहीं की है। उसने संबंधित याचिकाओं पर जवाब मांगा और सुनवाई की अगली तारीख 28 जुलाई तय की। पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग 21 जुलाई तक इन याचिकाओं पर जवाबी हलफनामा दाखिल करे और इन पर प्रत्युत्तर 28 जुलाई तक दाखिल किए जाएं। पीठ ने कहा कि उसे चुनाव आयोग की विश्वसनीयता और ईमानदारी पर संदेह नहीं है, क्योंकि यह एक संवैधानिक दायित्व है, लेकिन इस प्रक्रिया का समय संदेह पैदा कर रहा है। न्यायालय ने चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी से कहा कि हमें आपकी ईमानदारी पर संदेह नहीं है, लेकिन कुछ धारणाएं हैं। हम आपको रोक नहीं रहे हैं क्योंकि यह एक संवैधानिक दायित्व है। द्विवेदी ने कहा कि किसी को बात रखने का अवसर दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा।

### पहले ही कदम उठाना था, थोड़ी देर कर दी

इससे पहले, पीठ ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के समय पर सवाल उठाते हुए निर्वाचन आयोग से कहा कि आपको पहले ही कदम उठाना चाहिए था, अब थोड़ी देर हो चुकी है। हालांकि, उसने इस दलील को खारिज कर दिया कि आयोग के पास इस कवायद को करने का कोई अधिकार नहीं है। न्यायालय ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण की कवायद महत्वपूर्ण मुद्दा है, जो लोकतंत्र की जड़ों से जुड़ा है और यह मतदान के अधिकार से संबंधित है। भारत निर्वाचन आयोग ने इस कवायद को न्यायोचित ठहराया और कहा कि आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है।

### नागरिकता, गृह मंत्रालय का अधिकार क्षेत्र

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण में दस्तावेजों की सूची में आधार कार्ड पर विचार न करने को लेकर सवाल किया और कहा कि निर्वाचन आयोग का किसी व्यक्ति की नागरिकता से कोई लेना-देना नहीं है और यह गृह मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आता है। द्विवेदी ने संविधान के अनुच्छेद 326 का हवाला देते हुए कहा कि आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है। न्यायमूर्ति धूलिया ने कहा कि यदि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के अंतर्गत नागरिकता की जांच करनी है, तो पहले ही कदम उठाना चाहिए था, अब थोड़ी देर हो चुकी है।

### दिल्ली-एनसीआर यूपी और हरियाणा में भूकंप के तेज झटके

**नई दिल्ली।** हरियाणा में झज्जर के समीप गुरुवार सुबह 4.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में भी महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप का केंद्र झज्जर से तीन किलोमीटर उत्तर पूर्व और दिल्ली से 51 किलोमीटर पश्चिम में जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के झटके सुबह नौ बजकर चार मिनट पर महसूस किए गए। झज्जर के अलावा भूकंप के झटके पड़ोसी रोहतक और गुरुग्राम जिलों, पानीपत, हिसार और मेरठ में भी महसूस किए गए।

झज्जर में एक बुजुर्ग व्यक्ति ने बताया कि यह जोरदार झटका था। मुझे लगता है कि मैंने जिंदगी में पहली बार इतना तेज झटका महसूस किया। उन्होंने बताया कि भूकंप के कारण कई लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। दिल्ली में भूकंप के झटके महसूस होते ही दहशत फैल गई और लोग खुले स्थानों पर इकट्ठा हो गए। लोग अपने घरों से बाहर भागे। विकासपुरी निवासी सुल्तान खान ने बताया कि यह बहुत ही डरावना अनुभव था। उन्होंने बताया कि हमें अचानक धरती हिलती हुई महसूस हुई और हम अपने घर से बाहर भागे। बाद में हमें अहसास हुआ कि भूकंप आया था। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में भी ऐसे ही दृश्य देखने को मिले।

# देवभूमि में अब प्रारंभ होगा ऑपरेशन कालनेमि : धामी

## मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश, सनातन धर्म की आड़ में नहीं चलेगा खिलवाड़

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- किसी भी धर्म के छद्म भेषधारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में अनेक नए कानून, नियम और अभियान शुरू कर देश भर में नई परम्परा शुरू करने की कवायद की है। इसी क्रम में, गुरुवार को उन्होंने देवभूमि उत्तराखंड में सनातन धर्म की आड़ में लोगों को ठगने और उनकी भावनाओं से खिलवाड़ करने वाले छद्म भेषधारियों के खिलाफ ऑपरेशन कालनेमि शुरू करने के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां असामाजिक तत्व साधु-संतों का भेष धारण कर लोगों, विशेषकर महिलाओं को ठगने का कार्य कर रहे हैं। इससे न सिर्फ लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं बल्कि सामाजिक सौहार्द और सनातन परंपरा की छवि को भी नुकसान पहुंच रहा है। ऐसे में किसी भी धर्म का व्यक्ति यदि ऐसे कृत्य करता हुआ मिलता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सोशल मीडिया फेसबुक पर भी मुख्यमंत्री ने लिखा कि जिस प्रकार असुर कालनेमि ने साधु का भेष धारण कर भ्रमित करने का प्रयास किया था। वैसे ही, आज समाज में कई ''कालनेमि'' सक्रिय हैं जो धार्मिक भेष धारण कर अपराध कर रहे हैं। हमारी सरकार जनभावनाओं, सनातन संस्कृति की गरिमा की रक्षा और सामाजिक सौहार्द बनाये रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आस्था के नाम पर पाखंड फैलाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री धामी ने राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी), नकल विरोधी कानून, नशा मुक्त देवभूमि जैसे नियम और अभियान शुरू कर एक नई इबारत लिखने का काम किया है जो अपने आप में एक नई मिसाल है।

### राज्य के औद्योगिक भविष्य को नई दिशा देगी ग्राउंडिंग सेरेमनी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्चस्तरीय बैठक के दौरान अधिकारियों को रुद्रपुर में प्रस्तावित एक लाख करोड़ रुपये की ग्राउंडिंग सेरेमनी के सफल आयोजन के लिए तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम भव्य और प्रभावशाली स्वरूप में आयोजित किया जाए, जिससे राज्य की औद्योगिक प्रगति को नई गति और पहचान मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भव्य आयोजन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे। यह आयोजन राज्य के औद्योगिक भविष्य को नई दिशा देगा तथा उत्तराखंड के युवाओं को रोजगार के व्यापक अवसर प्रदान करेगा। वर्ष 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान राज्य सरकार को 3.50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। इनमें से 1 लाख करोड़ रुपये की ग्राउंडिंग हो चुकी है, जो उत्तराखंड के औद्योगिक विकास के प्रति निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहन देगा और राज्य की आर्थिक समृद्धि के नए द्वार खोलेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं सजगता और समन्वय के साथ सुनिश्चित की जाएं, जिससे राज्य की सकारात्मक छवि और निवेश-अनुकूल वातावरण को देश-दुनिया के समक्ष सशक्त रूप से प्रस्तुत किया जा सके। बैठक में प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, विनय शंकर पाण्डेय, अपर पुलिस महानिदेशक एपी अंशुमन, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव बंशीधर तिवारी, प्रबंध निदेशक उद्योग सौरभ गहरवार मौजूद रहे।

### केंद्र ने आपदाग्रस्त छह राज्यों को दिए 1,066 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, केरल और उत्तराखंड के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) में केंद्रीय अंशदान के तहत 1,066.80 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

- राज्यों के साथ पूरी दृढ़ता से खड़ी है केंद्र सरकार : शाह

शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने जैसी अपदाओं का सामना कर रहे राज्यों के साथ पूरी दृढ़ता से खड़ी है। उन्होंने एक्स पर कहा कि आज केंद्र सरकार ने बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित राज्यों असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, केरल और उत्तराखंड के लिए एसडीआरएफ के तहत केंद्रीय हिस्से के रूप में 1,066.80 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, बाढ़ प्रभावित छह राज्यों में से असम को 375.60 करोड़, मणिपुर को 29.20 करोड़, मेघालय को 30.40 करोड़, मिजोरम को 22.80 करोड़, केरल को 153.20 करोड़ और उत्तराखंड को केंद्रीय हिस्से के रूप में 455.60 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

## सूर्या फैक्ट्री में सिलेंडर फटा यूपी के एक श्रमिक की मौत



सूर्या फैक्ट्री में आग पर काबू पाने के लिए पहुंची दमकल की गाड़ी।

संवाददाता, काशीपुर

- हादसे में 12 घायल, मुरादाबाद निवासी श्रमिक की हालत नाजुक

**अमृत विचार :** काशीपुर में बल्ब और ट्यूबलाइट बनाने वाली सूर्या कंपनी की फैक्ट्री में गुरुवार सुबह हाइड्रोजन सिलेंडर फटने से एक श्रमिक की मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक कर्मी घायल हो गए। एक श्रमिक की हालत नाजुक बनी है। कुमाऊं आयुक्त ने जिलाधिकारी को घटना की जांच के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, सूर्या फैक्ट्री में सुबह करीब 11 बजे एक हाईड्रोजन सिलेंडर लीक हुआ, जिसके बाद अचानक सिलेंडर जोरदार धमाके के साथ फट गया। उस समय वहां मौजूद श्रमिक श्यामू यादव पुत्र हरिपाल सिंह निवासी शेरवाहा सीतापुर, उत्तर प्रदेश की मौत हो गई जबकि रोहित पुत्र कलुआ निवासी चकठीरीया डान थाना भगतपुर मानपुर जिला मुरादाबाद गंभीर रूप से घायल हो गया। धमाका इतना तेज था कि आसपास की खिड़कियों के शीशे टूटकर हवा में तेजी से उछले। इसके चलते पास में ही फिलामेंट, डाउन लाइटर और स्टोर रूम के क्षेत्र में काम कर रहे 12 कर्मी घायल हो गए। घायलों को फैक्ट्री में ही प्राथमिक उपचार देने के बाद निजी अस्पताल भेजा गया। सीएम के सचिव व कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, डीएम नितिन भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा और सीएमओ डा. केके अग्रवाल ने मौके पर और अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। मुख्यमंत्री धामी ने भी घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि यदि किसी भी घायल को उपचार के लिए हायर सेंटर भेजना पड़े तो भेजा जाएगा। (-संबंधित पेज-7)

## 45 श्रद्धालुओं का पहला जत्था तिब्बत पहुंचा

कैलाश मानसरोवर यात्रा

- दर्शन-पूजन के बाद 18 जुलाई को करेंगे वापसी

संवाददाता, पिथौरागढ़



तिब्बत पहुंचे श्रद्धालुओं से बात करते अधिकारी।

**अमृत विचार :** कैलाश-मानसरोवर यात्रा पर जा रहे 45 श्रद्धालुओं का पहला जत्था गुरुवार को 17,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित लिपुलेख दर्रे से चीनी स्वामित्व वाले तिब्बत में प्रवेश कर गया।


केएमवीएन के धारचूला आधार शिविर के प्रभारी धनसिंह बिष्ट ने बताया कि श्रद्धालुओं ने सुबह पौने नौ बजे लिपुलेख दर्रा पार कर तिब्बत में प्रवेश किया। तिब्बत जाते समय दल के सभी सदस्य बहुत प्रसन्न थे। तिब्बत जाने से पहले, श्रद्धालु मंगलवार को गुंजी से 4104 फीट की ऊंचाई पर स्थित नाभीढांग पहुंचे। अगले दिन वह वहीं ठहरे जिससे खुद को वातावरण के अनुकूल ढालने का उन्हें समय मिल सके। तिब्बत में अपने प्रवास के दौरान श्रद्धालु तकलाकोट, दारचेन, डेरा फुक, जुंगघुई पू और कुगू नामक स्थानों पर रूकेंगे और पवित्र कैलाश पर्वत तथा मानसरोवर झील के दर्शन तथा परिक्रमा करेंगे। यह जत्था लिपुलेख दर्रे से होकर 18 जुलाई को भारतीय भूभाग में लौट आएगा और उस दिन बूंदी शिविर में विश्राम करेगा। इस बीच, 48 श्रद्धालुओं का दूसरा जत्था धारचूला आधार शिविर से गुंजी के लिए रवाना हो गया। दूसरे जत्थे में 34 पुरुष और पूर्व सांसद मीनाक्षी लेखी समेत 14 महिला श्रद्धालु हैं। इस वर्ष लिपुलेख दर्रे के जरिए पांच जत्थों में करीब 250 श्रद्धालु कैलाश मानरोवर की यात्रा पर जाएंगे।

### अफीम तस्करी में सैन्यकर्मी सहित तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सेना के एक सिपाही और उसकी महिला मित्र एवं एक अन्य साथी को अफीम तस्करी गिरोह चलाने और मणिपुर से राजस्थान तक अफीम पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि सिपाही ने तस्करी की गतिविधियों को अंजाम देने के लिए छुट्टी ली थी। सिपाही अपनी महिला मित्र और एक अन्य साथी के साथ एक कार में जा रहा था और उसे कालिंदी कुंज के पास रोका गया। गहन तलाशी में कार के फर्श के नीचे छिपाकर रखे गए अफीम के 18 पैकेट बरामद हुए।

### आस्था की डुबकी...



हरिद्वार में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में पवित्र डुबकी लगाई। हर की पैड़ी सहित विभिन्न घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। विभिन्न आश्रमों और मंदिरों में भी श्रद्धालु दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे। गुरु पूर्णिमा हिंदू धर्म में गुरु और शिष्य के पवित्र संबंध का प्रतीक है जो आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है।

## अतिवृष्टि, रिस्पना नदी में बहने से युवक की मौत

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- राज्य के कई जिलों में भारी बारिश ने बढ़ाई परेशानी

**अमृत विचार :** राज्य के कई जिलों में बुधवार देर शाम से गुरुवार सुबह तक जमकर बारिश हुई। देहरादून में अतिवृष्टि से रायपुर क्षेत्र में उफान पर आई रिस्पना नदी में बहे युवक की मौत हो गई।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, युवक की पहचान रायपुर निवासी अनिल कुमार (42) के रूप में हुई। पिछले 24 घंटे में देहरादून के हाथीबड़कला में 118 मिमी, मसूरी में 130.2 मिमी, हल्द्वानी में 101 मिमी, खटीमा में 78 मिमी बारिश हुई। भूस्खलन के कारण प्रदेशभर में दो राष्ट्रीय राजमार्ग और आठ राजमार्गों समेत 179 छोटी-बड़ी सड़कों पर आवागमन बाधित हो गया, जिन्हें खोलने का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को रायपुर क्षेत्र के अंतर्गत अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। किरसाली चौक, आईटी पार्क, ननूरखेड़ा, आमवाला, तपोवन, शांति विहार में स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनते हुए कहा कि जनता की सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

पीटीआर का दबंग

पीटीआर के लिटसिया जंगल में मिली खूंखार जीव की मौजूदगी, नुकीले दांत और पंजों के आगे खतरनाक जानवर भी खा जाते हैं मात

# हनी बेजर, जो बाघ-तेंदुआ और लकड़बग्घा से भिड़ने को रहता है तैयार

सुनील यादव, पीलीभीत



पीटीआर में देखा गया हनी बेजर।

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगलों की रहस्य भरी दुनिया में यूं तो बाघों का सिक्का चलता है, लेकिन यहीं एक ऐसा भी दुस्साहसी जीव रहता है, जिसकी दबंगई के आगे बिग कैट भी भीगी बिल्ली बन जाते हैं।

जी हां, हम बात कर रहे हैं हनी बेजर की, जो बाघ, तेंदुआ और लकड़बग्घा आदि से भिड़ने का दमखम रखता है। कई विशेष खासियत वाले इस वन्यजीव की मौजूदगी हाल ही पीलीभीत टाइगर रिजर्व में देखी गई है। महज एक दशक में ही पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपनी विशिष्ट जैव विविधता के दम पर देश के श्रेष्ठ टाइगर रिजर्वों में शुमार होने की ओर अग्रसर है। टाइगर रिजर्व का दर्जा मिलने के बाद यहां के जंगलों में वन्यजीवों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई। यहां दुर्लभ हार्नबिल से लेकर देश में सबसे कम दिखने वाला रेड कोरल कुकरी स्नैक, दुनिया की सबसे छोटी बिल्ली रस्टी स्पॉटेड आदि देखे जा रहे हैं। इसी कड़ी में पिछले दिनों पीलीभीत टाइगर रिजर्व के लिटसिया के जंगल में स्तनधारी हनी बेजर की मौजूदगी देखी गई है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने इसकी पुष्टि की है।

बिज्जू की तरह दिखने वाला हनी बेजर स्तनधारियों के परिवार से आता है। अफ्रीका, दक्षिण पश्चिम एशिया समेत देश में बेहद कम दिखने वाले हनी बेजर की गिनती सबसे बहादुर वन्यजीवों में होती है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में इनके आवास अधिकतर उन क्षेत्रों में हें, जहां यहां के भालू रहना पसंद करते हैं।

### शहद का रखता है शौक, इसलिए मिला यह नाम

टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के अध्यक्ष मोहम्मद अख्तर मियां के मुताबिक ढाई फीट तक लंबा हनी बेजर वैसे तो सर्वाहारी है, मगर इसे शहद सबसे प्रिय होता है। इसीलिए इसे हनी बेजर कहा जाता है। बहादुर वन्यजीवों में हनी बेजर की गिनती इसके लड़ाकू रवैया से होती है। खतरा का आभास होने पर छोटा-सा हनी बेजर बाघ, तेंदुआ, लकड़बग्घे जैसे बड़े वन्यजीवों से भी भिड़ जाता है। अख्तर मियां के मुताबिक, हनी बेजर इसकी बिलों से छेड़छाड़ करने वाले जहरीले सांपों, बिच्छू, अजगर पर भी सीधे हमला कर देता है। इसकी वजह यह भी है कि इसके दांत और पंजे बेहद नुकीले होते हैं।



पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वन एवं वन्यजीव संरक्षण की दिशा में बेहतर प्रयास किए जाने से सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। विलुप्त हो चुके या संकटग्रस्त जीव यहां के जंगलों में देखे जा रहे हैं, जो पीलीभीत टाइगर रिजर्व के लिए यह एक शुभ संकेत हैं। **-मनीष सिंह,** डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व।

# मदरसों में क्या होगा यह निर्णय राज्य सरकार लेगी

## हाईकोर्ट ने हल्द्वानी में मदरसे खोलने की याचिका पर की सुनवाई, मदरसा संचालकों को दिए प्रशासन को शपथ पत्र देने के निर्देश

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने हल्द्वानी में बिना पंजीकरण के चल रहे अवैध मदरसों को जिला प्रशासन द्वारा 14 अप्रैल 2025 को सील किए जाने के मामले में मदरसों की तरफ से दायर याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई की।

न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी की एकलपीठ ने मदरसा संचालकों से कहा है कि वे प्रशासन को इस सम्बंध में शपथपत्र दें कि वे केवल खुलेंगे लेकिन उनमें कोई धार्मिक, शिक्षण और नमाज आदि के कार्य नहीं होंगे। इनमें क्या खोला जाएगा, उस पर निर्णय राज्य सरकार लेगी। मदरसा अब्बू बकर सिद्दीकी, मदरसा जिन्नत उल कुरान, मदरसा दारुल उल इस्लामिया की तरफ से हाईकोर्ट में दायर याचिकाओं में कहा गया कि जिला प्रशासन ने बिना नियमों का पालन करते हुए कई मदरसों को विगत 14 अप्रैल 2025 को सील कर दिया जबकि मदरसों में शिक्षण संस्थान चल रहे थे। सरकार की तरफ से कहा गया कि ये मदरसे अवैध रूप से चल रहे थे। इनका पंजीकरण नहीं हुआ है। इनमें शिक्षण ,धार्मिक कार्य और नमाज भी हो रही है। ये सभी किसी व्यक्ति विशेष या अन्य के द्वारा संचालित हो रही हैं इसलिए इन्हें सील किया गया। जो मदरसे पंजीकृत थे उनको प्रशासन ने सील नहीं किया। उनको सरकार की तरफ से मिलने वाला अनुदान मिल रहा है, लेकिन अवैध मदरसों को नहीं मिल रहा है।

# पालिका, कैंट बोर्ड व प्रशासन को दिए निर्देश

- हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने की याचिका पर सुनवाई



विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने नैनीताल की नगर पालिका द्वारा जू रोड पर कैंट बोर्ड की भूमि से टैक्स वसूलने के मामले पर सुनवाई की।

खंडपीठ ने चुंगी वसूलने के मामले को विस्तार से सुनते हुए पालिका, कैंट बोर्ड व जिला प्रशासन को कई दिशा निर्देश जारी किए हैं। खंडपीठ ने नगर पालिका से कहा है कि अशोक सिनेमा हॉल की भूमि पर बनने वाली पार्किंग का दोबारा से नया प्रपोजल जिला प्रशासन को एक सप्ताह में दें। जू रोड से भवाली रोड को जाने वाले रास्ते को खुलवाने के सम्बंध में जिला अधिकारी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी और कैंट बोर्ड के अधिकारियों की बैठक कराकर निर्णय लें। उसकी रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें। खंडपीठ ने नगर पालिका का आय व्यय का ऑडिट कराने के लिए कम से कम जिला ऑडिट अधिकारी स्तर के व्यक्ति को नियुक्त करने को कहा है जिससे पता चल सके कि पालिका की कितनी आय है, कितनी व्यय की जाने वाली धनराशि, ऑडिट अधिकारी समय-समय पर उसका ऑडिट करेगा।

जू रोड की चुंगी वसूलने के मामले पर कोर्ट ने जिला अधिकारी से कहा है कि इस विवाद को सुलझाने के लिए नगर पालिका के अधिकारी व कैंट बोर्ड के अधिकारियो की बैठक कर इसे सुलझाकर निर्णय लें। सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी और कैंट बोर्ड के सीईओ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से और ईओ नगर पालिका व्यक्तिगत रूप से पेश हुए। उनके द्वारा न्यायलय में अपना पक्ष रखा गया। मामले के अनुसार, नैनीताल के जू रोड पर स्थित टोल टैक्स वसूलने के मामले में पालिका और कैंट बोर्ड का विवाद चल रहा है। याचिका में कहा गया है कि पालिका के आय के साधन कम हैं इसलिए उन्हें टैक्स वसूलने दिया जाए जबकि बोर्ड का कहना है कि यह भूमि उनकी है इसलिए उनको भी टैक्स से मिलने वाली रकम का हिस्सा मिलना चाहिए।

# कैंची धाम के लिए कई योजनाएं क्रियान्वित

- कैंचीधाम मंदिर ट्रस्ट ने सीएम आपदा राहत कोष में प्रदान किए 2.5 करोड़ रुपये



मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैंची धाम मन्दिर ट्रस्ट द्वारा प्रदेश में आपदा पीड़ित परिवारों को मदद के लिये मुख्यमंत्री राहत कोष में 2.50 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंची धाम मन्दिर ट्रस्ट द्वारा आपदा पीड़ितों की मदद के साथ ही शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में किया जाने वाला सहयोग मानवता की बड़ी सेवा है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंची धाम में प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत यातायात की सुगमता के लिये कैंची धाम बाईपास के लिए वन भूमि प्रस्ताव को केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से सैद्धांतिक स्वीकृति मिलने के बाद उक्त सड़क का तेजी से निर्माण किया जा सकेगा, जिससे क्षेत्रीय लोगों एवं पर्यटकों को आवाजाही में सुविधा मिलेगी। साथ ही, कैंची धाम और भवाली के पास लगने वाले जाम से भी मुक्ति मिलेगी। कैंची धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये अन्य कई योजनाएं भी क्रियान्वित की जा रही हैं। गुरुपूर्णिमा के अवसर पर विश्व प्रसिद्ध कैंचीधाम मंदिर में आयोजित एक सूक्ष्म कार्यक्रम में मंदिर ट्रस्ट द्वारा प्रदेश में प्राकृतिक आपदा के दौरान प्रभावित परिवारों को मदद प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष में आर्थिक मदद हेतु 2.50 करोड़ रुपये की धनराशि का चेक मुख्य विकास अधिकारी अनामिका को प्रदान किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश बिंद्रा ने कहा कि कैंची धाम मंदिर ट्रस्ट सामाजिक क्षेत्र में लंबे समय से कार्य व योगदान करता आ रहा है।

## पुल निर्माण मामले में डीएम से रिपोर्ट तलब

**नैनीताल, अमृत विचार :** उच्च न्यायालय ने हरिद्वार के ज्वालापुर परगना के नूरपुर पंजाहेड़ी गांव में सरकारी भूमि पर बनाये गये अवैध फ्लाईओवर और पुल के निर्माण को लेकर दायर जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित से विस्तृत रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने ज्वालापुर नूरपुर पंजाहेड़ी के समाजसेवी शुभम सरकार की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद ये निर्देश जारी किये। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि नूरपुर पंजाहेड़ी गांव को जोड़ने वाले सार्वजनिक और पैदल मार्ग पर दो सगे भाइयों ने मार्ग के दोनों ओर अपने घरों को जोड़ने के लिये फ्लाई ओवर/पुल का निर्माण कर दिया। इससे लोगों के रास्ते में अवरोध उत्पन्न हो गया है और सरकारी भूमि पर भी अतिक्रमण किया गया है। ग्राम प्रधान प्रदीप चौहान की ओर से इस मामले की शिकायत उपजिलाधिकारी से की गयी। एसडीएम ने रिपोर्ट के बाद अतिक्रमण को हटाने के निर्देश जारी किये लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। डीएम मयूर दीक्षित और एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल वर्चुअल रूप से जबकि तहसीलदार सचिन कुमार अदालत में पेश हुए। तहसीलदार की ओर से कहा गया कि इस मामले में दस्तावेजों की जांच नहीं हो पाई है।

## हाईकोर्ट की समय सारिणी में आंशिक बदलाव

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के दिशा निर्देश के बाद अब उत्तराखंड हाईकोर्ट की समय सारिणी में आंशिक बदलाव हुआ है। मुख्य न्यायाधीश के दिशा निर्देशों के क्रम में रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता द्वारा जारी अधिसूचना में बताया गया कि अब हाईकोर्ट में वादों की सुनवाई प्रथम पाली में सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक होगी। दोपहर भोजन का समय डेढ़ बजे से सवा दो बजे तक रहेगा। उसके बाद न्यायालय सवा दो बजे से साढ़े चार बजे तक न्यायिक कार्य करेगी। वहीं, कोर्ट की रजिस्ट्री सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक कार्य करेगी। मध्यान्ह भोजन दोपहर डेढ़ बजे तक चलेगा। उसके बाद शाम पांच बजे तक कामकाज होगा।

# विवि के प्रशासनिक भवन में रोपे गए पौधे



प्रशासनिक भवन में पौधरोपण करते कुलसचिव डॉ. मंगल सिंह मंद्रवाल व अन्य।

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित हरेला महोत्सव और एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत बुधवार को कुविवि के प्रशासनिक भवन में पौधरोपण किया गया। कुलसचिव डॉ. मंगल सिंह मंद्रवाल ने सभी को हरियाली के प्रतीक हरेला पर्व के बारे में बताया। निदेशक विजिटिंग प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि हरेला पर्व हमें प्रकृति से जोड़ता है और पृथ्वी को हमारा सबसे महत्वपूर्ण उपहार पौधरोपण ही है। इस दौरान संजय पंत, प्रकाश पांडे, कुंदन सिंह, ललित आदि मौजूद रहे।

## वार्डों की सफाई के लिए कमेटियां गठित

**नैनीताल :** नगर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने को लेकर डीएम के निर्देश के बाद नगर पालिका प्रशासन ने कमेटियों का गठन कर दिया है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा ने बताया 14 जुलाई से 28 जुलाई तक नगर के सभी वार्डों में रोस्टर के अनुसार गहन सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान कूड़ा निस्तारण, नालियों की सफाई, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता व कचरा फैलाने वालों पर निगरानी की जाएगी। सफाई अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए अधिकारियों की तैनाती भी की गई है। मुख्य सफाई निरीक्षक सुमित कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि सफाई निरीक्षक कमल सिंह और सफाई दरोगा दिनेश कटिहार को निरीक्षण अधिकारी नामित किया गया है।

# एसबीआई ने प्रदान की 50 सोलर लाइट



संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने कुमाऊं विश्वविद्यालय को निःशुल्क 50 सोलर लाइट प्रदान की है। बैंक नाव चालकों व फुटपाथ में आजीविका अर्जित करने वाले को रेनकोट व अन्य सामग्री प्रदान करेगा।

मुख्य प्रबंधक प्रवीन अरोड़ा ने बताया कि विद्युत उपभोग में सोलर लाइट की विद्यालयों में जरूरत को ध्यान में रखकर निर्णय लिया गया था। आशा फाउंडेशन के साथ इंटर कॉलेज के विद्यालयों में छात्राओं को सैनेटरी पैड वितरित किए जाएंगे। अन्य सामाजिक कार्यों में सहभागिता को लेकर प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भेजे गए हैं। इस दौरान मुख्य अतिथि रजिस्ट्रार डॉ. मंगल सिंह मंद्रवाल, एसबीआई के उप महाप्रबंधक राजीव रंजन, सहायक महाप्रबंधक दिव्या त्रिपाठी व अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# अस्पताल में टपकती छतों के नीचे भर्ती थे मरीज, एसडीएम नाराज

संवाददाता, नैनीटाल

**अमृत विचार :** नैनीताल के बीडी पांडे अस्पताल में टपकती छत के बीच मरीजों के भर्ती होने की सूचना के बाद एसडीएम ने अस्पताल का निरीक्षण किया। टपकती छतों के बीच भर्ती मरीजों को देखकर एसडीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने पीएमएस को छत में तुरंत तिरपाल डालकर व्यवस्था ठीक करने के निर्देश दिए।



बीडी पांडे अस्पताल का निरीक्षण करते एसडीएम नवाजिश खलीक।

बता दें कि बरसात के चलते नैनीताल बीडी पांडे अस्पताल में महिला मेडिकल वार्ड, बर्न वार्ड, जच्चा बच्चा वार्ड, नर्सिंग ड्यूटी रूम व मुख्य दरवाजे पर पानी टपक रहा है। वार्डों में टपकते पानी के बीच भर्ती मरीजों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। वहीं, स्टाफ भी बेड खिसकाकर व्यवस्थाओं को बनाने में जुटा है। बीते वर्ष भी अस्पताल की यहीं हालत थी।

परेशान मरीजों की शिकायत के बाद एसडीएम नवाजिश खलीक ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्डों में टपकते पानी व रखी बाल्टियों को देखकर एसडीएम ने नाराजगी जताई। इस दौरान उन्होंने छत का भी निरक्षण किया। एसडीएम नवाजिश खलीक ने बताया कि वार्डों का निरीक्षण किया गया है। जहां बारिश का पानी टपकता पाया गया। पीएमएस को छतों में तिरापाल डालने के निर्देश दिए गए हैं।

# सार्वभौमिक प्रार्थना दिवस मनाया

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सुख निवास स्थित बौद्ध मठ में गुरुवार को सार्वभौमिक प्रार्थना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्व शांति और समृद्धि के लिए पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम मुख्य अतिथि रहीं।

मठ अध्यक्ष लामा दोरजी ने फरजाना बेगम का पारंपरिक तिब्बती खातक पहनाकर व लामा दोरजी को पुष्प भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान फरजाना बेगम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूलमंत्र से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अल्पसंख्यक समुदायों के उत्थान के लिए विशेष प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उन्हें विशेष रूप से बौद्ध समुदाय से संवाद करने



कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

और उनकी समस्याओं को सुनने के निर्देश दिए हैं। अल्पसंख्यक आयोग का प्रयास है कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक रहने वाले हर अल्पसंख्यक नागरिक को मिल सके। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर भी बल देते हुए कहा कि बौद्ध और अन्य अल्पसंख्यक महिलाओं को स्वरोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में आगे लाने के लिए विशेष योजनाएं चलाई जाएंगी। इस मौके पर उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के बौद्ध सदस्य येशी थुप्तेन, तिब्बती संघर्ष समिति के अध्यक्ष तेनजिन जिनपा, स्थानीय तिब्बती युवा कांग्रेस के अध्यक्ष तेनजिन जिग्मे, तिब्बती महिला संगठन की सचिव रिंजिन चोएजोम, भोटिया समुदाय के अध्यक्ष रिंचेन नामग्याल, तेनजिन धोन्यो, कुनचौक थरचेन, तेनजिन छौवांग, चौंजोर, कर्मा डिकी, पेमा छोएकी, छिरिंग पल्मो आदि मौजूद थे।

## अतिक्रमण हटाने के लिए कमेटी गठित

**नैनीताल :** नैनीताल में बरसाती नालों पर हुए अतिक्रमण को हटाए जाने के लिए डीएम वंदना सिंह ने कमेटी का गठन किया है। उन्होंने कहा कि नैनीताल शहर अंतर्गत स्थित ब्रिटिश कालीन 62 नालों में अतिक्रमण होने की समय-समय पर शिकायत मिलती है। इन्हें हटाने के लिए प्रशासन अब कार्रवाई कर रहा है। अतिक्रमण हटाए जाने के लिए जिलाधिकारी ने बैठक कर नालों में अतिक्रमणकारियों की सूची तैयार कर 15 दिवस के भीतर उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व, लोनिवि, राजकीय सिंचाई, नगर पालिका व अर्थ एवं संख्या विभाग के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई है। टीम की ओर से नालों का जीआईएस, जीपीएस, ड्रोन व बंदोबस्ती नक्शे के आधार पर सर्वे कर अतिक्रमणकारियों की सूची तैयार कर पेश की जाएगी।

# अब नैनीताल पॉलिटेक्निक में ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स बंद

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** एक समय था जब राजकीय पॉलिटेक्निक नैनीताल में संचालित कोर्स ऑफिस मैनेजमेंट में दाखिला पाने के लिए विद्यार्थियों को महीनों तक इंतजार करना पड़ता था। यह कोर्स खासकर छात्राओं के बीच अत्यधिक लोकप्रिय था।

इसके अंतर्गत कंप्यूटर स्किल्स, कम्युनिकेशन, टाइपिंग और ऑफिस संबंधी कार्यों का व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता था। हालांकि अब तस्वीर बदल गई है। बदलते समय व तकनीकी कोर्सेज के प्रति रुझान और छात्रों की संख्या में भारी गिरावट के कारण इस शैक्षणिक सत्र से कॉलेज प्रशासन ने कोर्स को पूरी तरह बंद कर दिया है। कॉलेज प्रधानाचार्य



राजकीय पॉलिटेक्निक नैनीताल।

अनिल गौड़ ने बताया पिछले कुछ वर्षों से लगातार ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स में छात्रों की संख्या घटती जा रही थी। जहां पूर्व में सीटें भरने से पहले ही आवेदन बंद करने पड़ते थे, वहीं अब स्थिति यह हो गई थी कि पिछले तीन-चार वर्षों के दौरान एक भी छात्र ने प्रवेश के लिए आवेदन नहीं किया है। ऐसे में संसाधनों, फैकल्टी और कक्षाओं की नियमितता बनाए रखना प्रशासन के लिए चुनौती

- विद्यार्थियों की संख्या में लगातार कमी के कारण लिया गया निर्णय
- पूर्व में इस कोर्स में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को करना पड़ता था इंतजार

बन गया था। कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि अब छात्र तकनीकी और रोजगारोन्मुखी कोर्स की ओर ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं। निजी कंप्यूटर कोचिंग सेंटर्स आदि ने इस कोर्स की प्रासंगिकता को प्रभावित किया है। हेमा जोशी, जोकि 2004 में इसी कोर्स से डिप्लोमा प्राप्त कर आज एक सरकारी कार्यालय में वरिष्ठ सहायक पद पर कार्यरत हैं। कहती हैं यह कोर्स कई लड़कियों के लिए आत्मनिर्भरता की पहली सीढ़ी था। इसके बंद होने की खबर वाकई दुखद है।

## जानलेवा हमले में युवक दोषमुक्त करार

**नैनीताल :** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि प्रकाश की न्यायालय ने जानलेवा हमले के आरोपी छड़ा हल्द्वानी निवासी युवक को दोषमुक्त करार दिया है। वादिनी गीता निवासी छड़ा की ओर से ओर मामले की रिपोर्ट लिखाई गई थी। कहा था कि 20 जनवरी 2023 को ग्राम छड़ा कोटाबाग निवासी प्रेम बल्लभ भट्ट की ओर से उनके पति चंद्रशेखर भट्ट पर जानलेवा हमला किया गया। घायल अवस्था में वह पति को लेकर सुशीला तिवारी अस्पताल गईं। आरोप लगाया कि इस घटना के बाद भी जमीनी रागद्वेष के चलते आरोपी ने उन्हें तथा जेठ धारा बल्लभ भट्ट को भी जान से मारने की धमकी दी। मुकदमा राजस्व पुलिस से सिविल पुलिस को हस्तांतरित भी हुआ। बहस सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को संदेह के लाभ के आधार पर दोषमुक्त करार दिया।

बदलाव — गुरुवार दोपहर बाद खुला मौसम, अधिकतम तापमान 28 डिग्री व न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

# मौसम की आफत से सरोवर नगरी को अब मिली राहत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी में आधा दिन खराब रहे मौसम की आफत के बाद राहत मिली है। पिछले चार दिन से लगातार बारिश से गुरुवार दोपहर बाद निजात मिली। मौसम खुलने से लोगों के चेहरे भी खिल उठे।

सुबह की तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित रहा। कई स्कूली बच्चे स्कूल नहीं जा सके, जबकि दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों को भीगने के लिए मजबूर होना पड़ा। सैलानी होटलों में दुबके रह गए। वर्षा का दौर कभी हल्की तो कभी तेज बारिश का दौर पूर्वान्ह दो बजे तक जारी रहा। इस बीच नौकायन ठप रहा। दैनिक मजदूर, मजदूरी से विरत रहे। नाले उफान पर रहे और



नैनी झील में पड़ा कचरा। ● अमृत विचार

प्राकृतिक जलस्रोत पूरी तरह रीचार्ज होने से झील के जलस्तर में निरंतर वृद्धि जारी है, जो 80.3 फीट जा पहुंचा है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 28 व न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रहा। आद्रता अधिकतम 100 व न्यूनतम 60 प्रतिशत दर्ज की गई।

## हल्द्वानी में दो दिनों में हुई 267 मिमी बारिश

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** शहर में मूसलाधार बारिश का दौर जारी रहा। गुरुवार को भी हल्द्वानी में जमकर बारिश हुई। बारिश की वजह से तापमान में काफी कमी आई है। आने वाले दिनों में भी भारी बारिश होने का अनुमान है। मंगलवार और बुधवार को हल्द्वानी में काफी बारिश हुई। गुरुवार को तड़के बारिश का दौर शुरू हुआ जो देर सुबह तक चलता रहा। सुबह बारिश रुकने के बाद मौसम पूरी तरह से सुहावना हो गया। हल्द्वानी में गुरुवार को 101 मिमी बारिश हुई है। बुधवार को शहर में 166 मिमी में बारिश हुई। दो दिनों के अंदर शहर में 267 मिमी बारिश दर्ज हो चुकी है। मानसून सीजन में बुधवार और गुरूवार को हल्द्वानी में सबसे ज्यादा बारिश हुई है। हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## नैनी झील में कचरा समाने का सिलसिला जारी

**नैनीताल :** नैनीझील को स्वच्छ रखने के दावों के बावजूद झील में कूड़ा कचरा समाने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को मौसम खुला तो कचरे के ढेर झील में तैरते नजर आए। पिछले चार दिन हुई बारिश के चलते कचरे के ढेर नालों के साथ बहकर झील में पहुंच गए। नालों को चोक होने से रोकने और सफाई का जिम्मा सिंचाई विभाग का है। मानसून से पूर्व नालों की मरम्मत समेत सफाई कार्य किया गया था। हालांकि तेज बारिश ने सफाई की पोल खोलकर रख दी। कचरा शेर का डांडा रिहायशी क्षेत्र से जुड़े नालों से आता है और थोड़ा भी तेज बारिश में बहकर झील तक पहुंच जाता है। इधर नगर पालिका द्वारा पिछले कई दिनों से नैनी झील से कचरा निकाला जा रहा है। गत दिवस डेढ़ पीक आप कचरा झील से निकाला और अभी भी सफाई का क्रम जारी है।

## हरेला मेले में दुकानदार स्वयं बनाएंगे दुकानें

भीमताल : 16 जुलाई से 21 जुलाई तक आयोजित होने वाले हरेला मेले में इस बार नगर पालिका दुकानें बनाकर दुकानदारों को नहीं देगी। दुकानदारों को स्वयं नगर पालिका से ली गई भूमि पर दुकानें बनानी पड़ेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए अधिशासी अधिकारी उदयवीर सिंह ने बताया की दुकानदारों को ब्रांडेड तिरपाल के साथ ही दुकानों का निर्माण करना होगा। उन्होंने बताया कि मेले में पूर्ण रूप से पॉलिथीन प्रतिबंधित रहेगी। इस बार बाईपास मार्ग में निवास करने वाले लोगों को शौचालय से परेशानी न हो, इसके लिए उचित प्रबंध किए जा रहे हैं।

श्री अग्रवाल सभा रूद्रपुर (रजि0)
अर्जुन गुप्ता (अध्यक्ष)
अमित जैन लोहिया (महामंत्री)
रणवीर गुप्ता (कोषाध्यक्ष)
अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

### आज का मौसम

आसमान में घने बादलों के साथ बारिश होने की संभावना

30.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.21 | सूर्यास्त 19.14

### एक नजर

#### कल से लगेगा हरेला मेला

**हल्द्वानी :** पर्वतीय उत्थान मंच के सचिव देवेंद्र तोलिया ने बताया कि पांच दिवसीय हरेले मेले का शुभारंभ 12 जुलाई को सुबह 10 बेज गोलज्यू पूजन के साथ होगा। फिर शाम 4 बजे मेले का विधिवत उद्घाटन होगा। उन्होंने बताया कि कुमाउंनी संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक लंबी श्रृंखला है। मेले में कई स्टॉल लगाई जा रहे हैं जिनमें एक ओर पहाड़ी उत्पाद भी उपलब्ध होंगे।

संभागीय परिवहन कार्यालय हल्द्वानी ने बनाए छह रूट, 21 जुलाई से शुरू हो जाएगा इन बसों का संचालन

# अलग-अलग रंग और रूट नंबर से दौड़ेंगी सिटी बसें

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आखिरकार शहर में सिटी बस से यात्रा करने का सपना सच होने जा रहा है। 21 जुलाई से सिटी बसों का संचालन शुरू होने जा रहा है। जिसके लिए संभागीय परिवहन कार्यालय हल्द्वानी की ओर से 6 रूट बनाए गए हैं। इन बसों की पहचान अलग रखने के लिए सभी बसों को अलग-अलग रूट के अनुसार नंबर और रंगों में बांटा गया है। बसों का संचालन सुबह 6:30 बजे (ग्रीष्मकाल में) शाम 7 बजे (शीतकाल में) से रात 8:30 बजे तक किया जाएगा। बस का किराया भी आम आदमी को ध्यान में रखकर तय किया गया है। जिसमें 9 रुपये से लेकर 45 रुपये तक किराया रखा गया है।



सिटी बसों के संचालन से पहले इसमें सभी व्यवस्थाओं को ध्यान में रखा गया है। बस के दोनों ओर सर्कल में सिटी बस स्पष्ट रूप से लिखा होगा। बस के अंदर रूट की जानकारी के लिए आगे-पीछे इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड होगा। बस सीसीटीवी कैमरे से लैस होगी। उल्लेखनीय है कि मार्च में आयोजित आरटीए की बैठक में शहर में सिटी बसों के संचालन को मंजूरी मिली थी। जिसमें तीन माह के भीतर रूट चिन्हित कर बसें चलाने की योजना बनाई गई थी। संभागीय परिवहन अधिकारी सुनील शर्मा ने बताया कि 21 जुलाई से बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि संचालन शुरू होने पर शहर की आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी।

#### सिटी बस का किराया

पहले 2 किमी. तक 9 रुपये
2 से अधिक लेकिन 6 किमी. - 12 रुपये
6 से अधिक लेकिन 10 किमी. तक- 18 रुपये
10 से अधिक लेकिन 14 किमी. तक- 25 रुपये
14 से अधिक लेकिन 19 किमी. तक- 30 रुपये
19 से अधिक लेकिन 24 किमी. तक- 35 रुपये
24 से अधिक लेकिन 29 किमी. तक- 40 रुपये
29 किमी. से अधिक- 45 रुपये

#### इन रंगों से पहचानें अपने रूट की बस

बसों की पहचान के लिए सभी बसों को अलग-अलग रंग और रूट नंबर दिया गया है। रूट नंबर 1 को पीला रंग दिया गया है। इस रूट की बसें भाखड़ा-कुसमुखेड़ा-चंबल पुल-रानीबाग पर चलेंगी। रूट नंबर 2 की बसों को लाल रंग दिया गया है। जिसके तहत बसें रोडवेज स्टेशन-ट्रांसपोर्ट नगर-आरटीओ ऑफिस-कुसमुखेड़ा मार्ग पर चलेंगी। रूट नंबर 3 पर गहरे नीले रंग की बसें चलाई जाएंगी। जो रोडवेज स्टेशन-नरीमन चौराहा-स्टेडियम-तीनपानी-टीपीनगर-जेल रोड पर चलेंगी। इसी तरह रूट नंबर 4 पर रोडवेज-मेडिकल कॉलेज-देवलचौड़ चौराहा-बिड़ला स्कूल-गैस गोदाम-कालाढूंगी चौराहा मार्ग पर बसें चलाई जाएंगी, जिनको हरे रंग से पहचाना जाएगा। रूट नंबर 5 पर नारंगी रंग की बसें चलाई जाएंगी, जिनका संचालन रोडवेज स्टेशन-दुर्गा सिटी सेंटर-नवाबी रोड चौराहा-रिलायंस मॉल-कमलुवागांजा चौराहा-भाखड़ा रूट पर किया जाएगा। रूट नंबर 6 जिसमें बसें रोडवेज स्टेशन-मुखानी चौराहा-ऊंचापुल चौराहा-चौफला चौराहा-कठघरिया चौराहा-कमलुवागांजा चौराहा-ब्लॉक चौराहा- कालाढूंगी चौराहा पर चलेंगी। इस रूट की बसों को सफेद रंग दिया गया है।




# पहाड़ पर दोहरी मार : बिना सड़क प्रचार और मतदाता लाचार

## भीमताल ब्लॉक की ग्राम सभा स्यूड़ा बुनियादी सुविधाओं से है महरूम, बारिश में बह गई एक झोपड़ी, तीन खेत और सिंचाई नहर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मानसून झमाझम बरस रहा है और पहाड़ के गांव चुनावी शंखनाद से गूंज रहे हैं। चुनावी जंग में कूदे प्रत्याशी गांव की कीचड़ और गाद से भरी पगडंडियों पर जीत की राह खोज रहे हैं और मतदाता सोच रहा है कि वह मानसून में बह चुकी पगडंडियों से वह कैसे मतदान करने जाएगा। भीमताल ब्लॉक की ग्राम सभा स्यूड़ा में ऐसी समस्याओं की कोई कमी नहीं, जो इस आजाद भारत में बुनियादी सुविधाओं से महरूम हैं। इन्हीं बुनियादी सुविधाओं में एक है डगर, जो हर बरसात में बह जाती है।

ग्राम सभा स्यूड़ा में करीब 600 मतदाता हैं। इस हिसाब से दो हजार से ज्यादा लोग यहां निवास करते हैं और तकरीबन एक तिहाई आबादी के पास पैदल चलने को भी रास्ता नहीं है। ऐसे में पंचायत चुनाव न सिर्फ चुनाव लड़ने वालों के लिए चुनौती है, बल्कि मतदाता स्थल तक जाना भी मतदाताओं के लिए चुनौती है। बरसात के दिनों में मुख्य सड़क से दूर रहने वाले ग्रामीण एक तरह से अपने घरों में ही कैद होकर रह जाते हैं। स्थानीय समाजसेवी मंजू भट्ट ने बताया कि यहां रहने वाले ज्यादातर परिवार बीपीएल परिवार हैं। बरसात के सीजन में पैदल रास्ते या तो बंद हो जाते हैं या बह जाते हैं। मुख्य सड़क गांव से लगभग एक किमी दूर है और अगर एक माचिस भी खरीदनी हो तो पैदल ही एक किमी की चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। मंगलवार-बुधवार की रात हुई मूसलधार बारिश में स्थानीय निवासी गणेश सिंह, नरेन सिंह पुत्रगण भिनर सिंह के तीन खेत लगभग बह गए। परिवार यहां धान रोपाई की तैयारी कर रहा था। ऐसे में सिर्फ काश्तकारी पर जीवित रहने वाले काश्तकारों के सामने आर्थिक संकट भी खड़ा हो गया है। वहीं बारिश में काश्तकार शेर सिंह संबल की झोपड़ी भी ढह गई।



स्यूड़ा ग्राम सभा में बारिश से बहे खेत, धान रोपाई की तैयारी में थे किसान।

> यदि पैदल चलने के लिए रास्ता नहीं है तो इसे दिखवाया जाएगा। जिनके खेत बहे हैं, सिंचाई नहर क्षतिग्रस्त हुई तो रेवेन्यू के अधिकारियों को मौके पर भेज कर उसका निरीक्षण कर क्षतिपूर्ति के साथ नहर का निर्माण कराया जाएगा।
> – **नवाजिश खलीक**, एसडीएम, नैनीताल

#### कमाने दिल्ली व गुड़गांव चले गए ज्यादातर युवा

जहां पैदल चलने को रास्ता न हो, वहां भला कौन रहना चाहेगा। बावजूद इसके स्यूड़ा के बुजुर्गों ने गांव को गुलजार बना रखा है। फसल चट कर जाने वाले जानवरों की भारी चुनौतियों के बावजूद खेती करते हैं। युवाओं को यहां अपना भविष्य नजर नहीं आता है और यही वजह है कि यहां ज्यादातरह युवा कमाने के लिए दिल्ली और गुड़गांव चले गए हैं। कुछ ऐसे भी हैं तो रोज कमाने हल्द्वानी जाते हैं और फिर लौट कर गांव।

#### कोरोना में युवाओं ने काटी रोड

कोराना काल में गांव गुलजार हो गया था। ज्यादातर बहार कमाने वाले गांव आ गए थे। गांव के युवाओं ने अपने लिए रास्ता बनाने की ठानी और करीब आधा किमी सड़क को मोटर मार्ग में तब्दील कर दिया। तब इन युवाओं ने विधायक और स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार लगाई थी, लेकिन मदद नहीं मिली। कोरोला काल छटा, युवा कमाने के लिए शहर लौट गए और गांव की सड़क अधूरी रह गई।

#### लड़कों को नहीं मिलती लड़की, बारात नहीं ले जाते लड़के वाले

चूंकि गांव बुनियादी सुविधाओं और मुख्य सड़क से दूर है, ऐसे में लोग यहां अपनी बेटियों को ब्याहने से बचते हैं। लड़के वाले भी यहां शादी को कतराते हैं और वजह ये है कि गांव के लिए रास्ता नहीं है। ऐसे में बारात को मुख्य सड़क से करीब एक किमी नीचे ले जाना और फिर बहू को ब्याह कर एक किमी की फिर चढ़ाई चढ़ना चुनौती बन जाता है। यदि कोई रात बीमार हो जाए तो इलाज के लिए सुबह का इंतजार करना पड़ता है।



गांव की ओर जाने वाला मुख्य रास्ता, बरसात में इस पर पैर रखना भी मुमकिन नहीं होता।



गांव में ढही शेर सिंह की झोपड़ी। ● अमृत विचार

# इंस्टाग्राम से दोस्ती की फिर प्यार में फंसा दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- उत्तर प्रदेश के युवक ने मिलने के लिए बुलाया था होटल में
- जबरन बनाए शारीरिक संबंध बनाया आपत्तिजनक वीडियो

**अमृत विचार :** इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती और फिर प्यार पर भरोसा करना एक युवती को भारी पड़ गया। उत्तर प्रदेश के युवक ने युवती को झांसे में लिया और मिलने के लिए होटल बुलाया। जहां उसने न सिर्फ युवती से शारीरिक बल्कि उसके आपत्तिजनक वीडियो और फोटो भी खींच लिए। जिसके बाद वह युवती को ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता की तहरीर पर मुखानी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

मुखानी थानाक्षेत्र निवासी युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ माह पहले उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम पर अंकित नाम के युवक से हुई थी। अंकित मूलरूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। आरोप है कि इंस्टाग्राम पर दोस्ती गांठने वाले युवक से उसकी लगातार बातें हो रहीं थी। एक दिन उसने प्यार का इजहार किया और मिलने की इच्छा जताई।

लड़की ने हां कर दी। कुछ समय पहले लड़का मिलने के लिए हल्द्वानी आया और लड़की फोन कर एक होटल में बुलाया। जहां उसने जबरन युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए और इस दौरान उसने वीडियो व फोटो भी खींच लिए। जिसके बाद वह लड़की को ब्लैकमेल करने लगा। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश में दबिशें दी जा रही हैं।

#### बहू से दुष्कर्म का प्रयास, ससुर और साथी पर एफआईआर

**हल्द्वानी, अम :** एक ससुर ने अपनी ही बहू पर ही नीयत खराब कर ली। ससुर ने अपने एक साथी के साथ मिलकर बहू को खेत में खींच लिया और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। किसी तरह बचाकर भागी पीड़िता पुलिस के पास पहुंची। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि पांच जुलाई को वह अपने घर सोनकर फॉर्म बरेली रोड में थी। इसी दौरान उसका ससुर अपने एक साथी के साथ ताला तोड़कर घर में घुस आया। महिला ने ससुर को घर से बाहर जाने को कहा, लेकिन दोनों अंदर ही बैठ गए। महिला घर से बाहर भागी तो आरोपियों ने उसका पीछा शुरू कर दिया। बचकर भाग रही बहू को ससुर ने धक्का देकर खेत में गिरा दिया और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। बहू किसी तरह बचकर भागी और पुलिस के पास पहुंची। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि मामले में आरोपी ससुर व उसके साथी के खिलाफ दुष्कर्म का प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



हल्द्वानी कोतवाली में सूडान के नागरिक को काबू करने का प्रयास करती पुलिस।

# सूडान के युवक ने वर्दी फाड़ी, जवान को धुना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- मंगलवार रात नशे की हालत में रोडवेज के पास से लिया था हिरासत में, विदेशी भाषा बनी विवाद की वजह

**अमृत विचार :** दक्षिण अफ्रीकी देश सूडान के युवक को रात कोतवाली में बैठाना पुलिस को भारी पड़ गया। नशे की हालत में पकड़े गए युवक का जब अगली सुबह नशा काफूर हुआ तो कोतवाली पुलिस के लिए मुसीबत खड़ी हो गई। खुद को पुलिस के बीच फंसा देख युवक बेकाबू हो गया। उसने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की और जब खुद को फंसा पाया तो पुलिस हमला कर दिया। उसने पीआरडी जवान को कोतवाली में दौड़ा कर पीटा और पुलिस कर्मी की वर्दी फाड़ दी। हालांकि बाद में पुलिस ने उसे किसी तरह काबू कर लिया।

पुलिस के मुताबिक, मंगलवार हल्द्वानी बस अड्डे के पास एक सूडान का युवक नशे की हालत में घूम रहा था। संदिग्ध जान कर पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और कोतवाली ले आई। रातभर वह कोतवाली में रहा। बुधवार सुबह उसे होश आया तो पूछताछ शुरू की गई और यहीं से बात बिगड़ गई। पुलिस न तो सूडानी नागरिक की भाषा समझ आई और न उसे हिंदी। जब उससे पूछताछ हो रही थी तो कई पुलिस कर्मियों ने उसे घेर रखा था। संभवतः खुद को घिरा देख कर वह घबरा गया और समझ नहीं पाया कि उसके साथ क्या हो रहा है। इस पर वह पुलिस की घेराबंदी तोड़ कर भाग खड़ा हुआ। पुलिस उसे दबोचने पहुंची तो उसने हमला कर दिया। घटना से एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक पीआरडी जवान पर हमलावर नजर आ रहा है। कोतवाल राजेश कुमार यादव का कहना है कि नागरिक अफ्रीका के सूडान का रहने वाला कोन नाम का व्यक्ति है। जांच में उसका बीजा सही पाया गया। वह दिल्ली के किसी कॉलेज से एमबीए की पढ़ाई कर रहा है और हल्द्वानी घूमने आया था। नशे की हालत में और संदिग्ध नजर आने पर पूछताछ के लिए उसे कोतवाली लाया गया था। फिलहाल, उसे छोड़ दिया गया है।

#### बाइक सवार को कुचलने का प्रयास, कार सवार फरार

**हल्द्वानी :** बाइक और कार की टक्कर के बाद कार सवार बौखला गया। बाइक सवार के न रुकने पर उसने पीछा और उसे कार से कुचलने का प्रयास किया। पुलिस के सामने कार चालक हाथापाई पर आमादा हो गया और फिर कार समेत फरार हो गया। बनभूलपुरा लाइन नंबर एक निवासी सलीम ने पुलिस को बताया कि मुखानी चौराहे से जेल रोड की ओर जा रहा था। इसी बीच उसकी बाइक एक कार से टकरा गई और कार पर खरोंच लग गई। इस पर बहस हो गई और जब बाइक सवार वहां से निकला तो कार सवार ने उसका पीछा शुरू कर दिया। आरोप है कि पर्वतीय उत्थान मंच पहुंचने पर कार सवार ने उसे पीछे से टक्कर मारकर कुचलने का प्रयास किया। कार की टक्कर से बाइक सवार बाइक समेत नाली में जा गिरा। जिसके बाद वहां विवाद शुरू हो गया। जानकारी पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस के सामने कार सवार ने बाइक सवार को पीटने का प्रयास किया और फिर मौके से कार समेत फरार हो गया। कोतवाल राजेश कुमार यादव का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है।

# बाइक में भरवाए पेट्रोल में निकला पानी, हंगामा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** काठगोदाम क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप से पेट्रोल के साथ पानी मिलने की शिकायत लेकर लोग पहुंचे। काफी देर तक लोगों ने हंगामा किया। आरोप है कि पेट्रोल पंप संचालक अपनी गलती नहीं मान रहा था जिसके बाद लोगों का गुस्सा और भी बढ़ गया। पूर्ति विभाग की टीम ने जांच की पता चला कि पेट्रोल टैंक में ही पानी चला गया है।

रानीबाग क्षेत्र निवासी निवर्तमान क्षेत्र पंचायत सदस्य मनीष गानी ने बताया कि उन्होंने अपने वाहन में बुधवार की शाम को पेट्रोल भरवाया था। पेट्रोल भरवाने के बाद वाहन बंद हो गया। बाद में जांच करवाई तो पता चला कि पेट्रोल के साथ ही टैंक में पानी भी भरा हुआ। इसके बाद वह पेट्रोल पंप पहुंचे तो वहां अन्य भी कई वाहन वाले पहुंचे थे। उन्होंने भी यह आरोप लगाया कि इस पेट्रोल पंप से पेट्रोल के साथ पानी मिल रहा है। मनीष ने बताया कि घटना की जानकारी देने के लिए उन्होंने कई सरकारी अधिकारियों को फोन किया लेकिन किसी से भी संपर्क नहीं हो पाया। इसके बाद पेट्रोल पंप पर हंगामा हो गया और काफी भीड़ इकट्ठी हो गई। आरोप है कि पेट्रोल पंप संचालक अपनी गलती नहीं मान रहा था इस वजह से बहस और भी बढ़ गई। काफी देर तक हंगामा होता रहा। हालात काबू से बाहर जाने लगे तो पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने किसी तरह से मामला शांत कराया। शिकायत मिलने के बाद पूर्ति विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जांच की तो पता चला कि दिक्कत उन वाहन चालकों को जिन्होंने इस पेट्रोल पंप से एक्सपी 95 पेट्रोल डलवाया है। पता चला कि पेट्रोल पंप के टैंक जिसमें यह पेट्रोल भंडार किया गया था उसमें पानी चला गया है। पूर्ति अधिकारी राहुल डांगी ने तुरंत ही पेट्रोल पंप के उन दोनों नोजल को सील करवा दिया, जिसमें से एक्सपी 95 पेट्रोल दिया जा रहा था। साथ ही पेट्रोल पंप की कंपनी के सक्षम प्रतिनिधि को सूचित किया है कि टैंक को खाली करवाएं और अन्य जरूरी कार्रवाई करके, इसके रिपोर्ट जिला पूर्ति अधिकारी को शीघ्र प्रस्तुत करें।



पेट्रोल पंप में पानी मिलने के बाद उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार



पेट्रोल में पानी दिखाता युवक।

#### बोतल में निकलवाकर लाए लोग पेट्रोल

पेट्रोल पंप पर पहुंचे लोग अपने वाहन से पेट्रोल निकाल कर उसे बोतल में भरकर लाए थे। जिसमें दिख रहा था कि पेट्रोल के साथ ही पानी भी भरा हुआ है। आक्रोश जताने वालों ने यह भी आरोप लगाया कि इस पेट्रोल पंप से पहले भी कई बार मिलावटी पेट्रोल मिल चुका है। घटना की वीडियो और फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। जिसमें लोग अपने-अपने तरह से रिएक्ट कर रहे हैं।

सख्ती | नगर निगम की टीम ने जल निकासी के लिए अतिक्रमण किया चिन्हित, जलभराव से निजात को हटाया जाएगा अतिक्रमण

# न्यू फ्रेंडस कॉलोनी में गूल के ऊपर बनाई थी बाउंड्री, अब हटेगी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** नगर निगम की टीम ने गुरुवार को राजस्व विभाग के साथ न्यू फ्रेंडस कॉलोनी का दोबारा निरीक्षण किया। इसमें गूल के ऊपर अतिक्रमण पाया गया। भवन स्वामी को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। अतिक्रमण हटाने के बाद जल भराव की समस्या का समाधान हो जाएगा।

नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि यहां एक व्यक्ति की बाउंड्री गूल के ऊपर से बनाई गई है। जिसे लेकर शिकायत की थी। मौके पर निरीक्षण के दौरान राजस्व अभिलेखों में बाउंड्री गूल के ऊपर पाई गई। जिस पर भवन स्वामी को इससे अवगत कराया गया। निगम की ओर से शीघ्र बाउंड्री ध्वस्त कर अतिक्रमण हटाया जाएगा।



न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में अतिक्रमण की जांच करती निगम और राजस्व की टीम।

#### निगम की टीमों ने वार्डों में की सफाई

**हल्द्वानी :** नगर निगम की टीमों ने गुरुवार को शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई अभियान चलाया। सफाई कर्मचारियों ने जगह-जगह नालियों और गूलों से कूड़ा-कचरा हटाया। जिससे बारिश के दौरान पानी की निकासी बाधित न हो। कर्मचारियों ने मल्ला प्लॉट दमुवाढूंगा, वार्ड 42, मल्ली बमौरी क्षेत्र में नाली और गूलों की सफाई के लिए झाड़ियों का कटान किया। साथ ही टीम ने तिकोनिया चौराहे पर भी पानी की निकासी के लिए नालियों की सफाई कर कूड़ा-कचरा बाहर निकाला।



सफाई करती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप


शिक्षकों को सम्मानित करते मयंक गुप्ता। ● अमृत विचार

### गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों को सम्मानित किया

**कालाढूंगी :** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता मयंक गुप्ता ने सरस्वती शिशु मंदिर की प्रधानाचार्य व शिक्षकों को गिफ्ट व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इससे पहले सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मयंक गुप्ता ने समाज के निर्माण में गुरु सबसे बड़ी भूमिका निभाते हैं। उनके मार्गदर्शन से ही राष्ट्र प्रेमी पीढ़ी के निर्माण के साथ युवा देश का भविष्य बनकर उभरता है। प्रधानाचार्य शुभेंदु गुप्त ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान कर हम भारतीय परंपरा की धरोहर को नमन कर रहे हैं। इस दौरान रितिक गोस्वामी, लीला, लता, ललिता, नेहा, पुष्पांजली, भावना, चंदन, दीपक, आनंद, भुवन, मंजू व विनीता आदि मौजूद रहे।

### वरिष्ठ पत्रकार श्यामलाल के निधन पर जताया शोक

**रामनगर :** नगर के वरिष्ठ पत्रकार व राशन डीलर श्यामलाल का निधन हो गया।


श्यामलाल। (फाइल)

मोहल्ला भवानी गंज निवासी वरिष्ठ पत्रकार श्यामलाल को बुधवार की रात्रि अचानक स्वास्थ्य खराब होने पर उन्हें संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। यहां देर रात्रि उन्होंने उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। 54 वर्षीय श्यामलाल अपने पीछे दो पुत्र छोड़ गए। वह उत्तराखंड सरकार से मान्यता प्राप्त पत्रकार भी थे। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके पुत्र हर्षित कोहली व सूजल ने उन्हें मुखाग्नि दी। उनके निधन पर वरिष्ठ पत्रकार विनोद पपने, हरीश भट्ट, डॉ. जफर सैफी, गणेश रावत, गिरीश पांडे, जीवन कुमार, आसिफ इकबाल, त्रिलोक रावत, राजू वर्मा, सलीम मलिक, अजीत गोस्वामी, राजीव अग्रवाल, चंचल गोला, नाजिम सल्मान, जुगेश अरोड़ा बंटी, चन्द्रसैन कश्यप, रोहित गोस्वामी, चन्द्रशेखर जोशी, नितेश जोशी, कैलाश सुयाल, नदीम वारसी, मो. कैफ खान, विक्की कश्यप, नसीम खान, रागिब खान, अनिल अग्रवाल खुलासा, खुशाल रावत, गोविंद पाटनी, भुवन सिंह रावत, मो. उस्मान, नवीन पोखरियाल, गणेश गगन, रोहित भट्ट, सिद्धार्थ पपने, विमला अधिकारी ने शोक जताया है।


हल्दूचौड़ में श्री रामलीला कमेटी की बैठक में मौजूद सदस्य। ● अमृत विचार

### प्रथम नवरात्र से शुरू होगा रामलीला का मंचन

**हल्दूचौड़ :** श्री रामलीला कमेटी हल्दूचौड की बैठक में सर्वसम्मति से प्रथम नवरात्र से रामलीला मंचन किए जाने और अगस्त माह के दूसरे सप्ताह से तालीम आरंभ किए जाने का निर्णय लिया गया। आदर्श प्राथमिक विद्यालय हल्दूचौड़ के प्रांगण में स्थित रामलीला मंच पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष कैलाश चंद्र दुम्का की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष श्री रामलीला का मंचन आगामी प्रथम नवरात्रि से किया जाएगा। कलाकारों को अगस्त माह के द्वितीय सप्ताह से तालीम दी जाएगी। इस वर्ष अधिकाधिक क्षेत्रीय कलाकारों को मौका देकर उनकी अभिनय क्षमता का विकास किया जाएगा। रामलीला के सफल मंचन के लिए क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों एवं जनता से सहयोग लिया जाएगा। इस दौरान पूर्व प्रधान उमेश चंद्र कबडवाल, हेमवती नंदन दुर्गापाल, इंदर सिंह बिष्ट, उमेश शर्मा, दयाकिशन कबडवाल, हेम चंद्र दुम्का को संरक्षक पद की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में उपाध्यक्ष हरीश सिंह बिष्ट, सचिव शैलेंद्र दुम्का, उप सचिव भुवन सिंह पंवार, कोषाध्यक्ष चंद्र बल्लभ खोलिया, कैलाश बमेटा, दयाकिशन बमेटा, कमलेश बमेटा, मनोज कोठारी, भुवन गरवाल आदि मौजूद थे।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में 4,160 उम्मीदवार करेंगे जीत के लिए संघर्ष

## ग्राम प्रधान के 475 पदों पर 1501 ने कराया था नामांकन, जांच में 16 पत्र हुए निरस्त

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत में ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्यों के 4,514 पदों के लिए 4,160 उम्मीदवार जीत के लिए संघर्ष करेंगे।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पंचस्थानि ने बताया कि जनपद नैनीताल में ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 3749 पद हैं इसके सापेक्ष 1915 ने आवेदन किया। नामांकन पत्रों की जांच में 284 नामांकन निरस्त हो गए। इसके बाद 1631 उम्मीदवार मैदान में हैं। इसी तरह ग्राम प्रधान के 475 सीटों की सापेक्ष 1501 ने नामांकन किया। जांच में 16 नामांकन पत्र निरस्त हुए और 1485 उम्मीदवारों में प्रधान के लिए संघर्ष होगा। इसकेअलावा जिले में क्षेत्र पंचायत सदस्य की 263 सीटें हैं। इन पर 926 लोगों ने दावेदारी की थी। जांच में 22 के नामांकन निरस्त होने के बाद 904 उम्मीदवारों में मुकाबला होगा। जिला पंचायत सदस्य की 27 सीटों के लिए 141 लोगों ने दावेदारी की। जांच में एक का नामांकन पत्र निरस्त हो गया। अब 140 उम्मीदवार जिला पंचायत सीट पर किस्मत आजमाएंगे। वहीं त्रिस्तरीय पंचायत में कुल 4514 पदों के लिए 4483 लोगों ने नामांकन किया। जांच के बाद 323 नामांकन पत्र निरस्त हुए और 4160 उम्मीदवार में विभिन्न पदों के लिए मुकाबला होगा।


पूर्व विधायक व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद सपा के प्रदेश महासचिव अब्दुल गफ्फार।

### पुत्रवधू समेत कांग्रेस में शामिल हुए सपा प्रदेश महासचिव

**रामनगर :** गुरुवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव अब्दुल गफ्फार अपनी पुत्रवधू व समर्थकों के साथ कांग्रेस परिवार में शामिल हो गए। उनकी पुत्रवधू जिला पंचायत चिल्किया से निर्दलीय प्रत्याशी थीं। पूर्व विधायक रणजीत रावत ने सभी को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। भाजपा कार्यकर्ता बृजेश ध्यानी भी कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान रणजीत रावत ने कहा कि इस बार पंचायत चुनाव में कांग्रेस अपना परचम लहराएगी। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत, नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, जिला पंचायत चिल्किया से कांग्रेस की प्रत्याशी योगिता गोस्वामी, भुवन पांडेय, मनोज गोस्वामी, अब्दुल गुलफाम, घनश्याम गिरी, हरदीप सिंह दिप्पा, जुनैद अलवी, खलिक शाह, यूनिश सैफी, मनोज ढोंगरा, मो उस्मान, नंदन सिंह रावत, आलेहसन हाफिज, मो गुफरान, ख़ुशीद आलम, फारुख खान, मोईन खान, महेन्द्र प्रताप सिंह, सुमित तिवारी, चांद खान, मो. गाजी मौजूद रहे।

# चुनावः 17 प्रत्याशियों ने वापस लिया नामांकन

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** रामनगर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में गुरुवार से नामांकन वापसी की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 17 प्रत्याशियों ने नामांकन वापस लिए हैं। इनमें ग्राम पंचायत सदस्य के 3, प्रधान के 9, व क्षेत्र पंचायत में पांच नामांकन वापस हुए। रामनगर विकासखंड की चुनाव अधिकारी अधिशासी अभियंता नलकूप प्रिया सैनी ने बताया कि रामनगर में प्रधान के 50 पदों के लिए अब 226, क्षेत्र पंचायत के 31 पदों के लिए 152, ग्राम पंचायत सदस्य के 456 पद पर 307 उम्मीदवार हैं। उन्होंने सभी प्रत्याशियों से आचार संहिता का पालन करने का आग्रह किया है। शुक्रवार को नाम वापसी का आखिरी दिन है। 18 जुलाई को प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन होगा।

### पांच प्रधान प्रत्याशी समेत सात ने लिए नाम वापस

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पंचायत चुनाव में नाम वापसी के पहले दिन हल्द्वानी ब्लॉक में कई लोगों ने नाम वापस लिए। प्रधान प्रत्याशी, क्षेत्र पंचायत सदस्य और सदस्य ग्राम पंचायत पद पर नाम वापस लिए गए। ब्लॉक कार्यालय से जानकारी मिली कि प्रधान पद पर पांच लोगों ने नाम वापस लिए हैं। इनमें पनियाली से प्रत्याशी दिलीप सिंह, चौसला से दीपा, देवलचौड़ खाम से दीपा दर्मवाल, जयपुर खीमा से पुष्पा और बमेटाबंगर से शैलेंद्र दुम्का ने नाम वापस लिए हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रत्याशियों में से एक प्रत्याशी गंभीर सिंह ने नाम वापस लिया है। ग्राम पंचायत सदस्य पद पर दुम्काबंगर बच्ची धर्मा से प्रत्याशी मनीष मटपाल ने भी अपना नाम वापस ले लिया है। शुक्रवार को भी नाम वापस लिए जा सकते हैं। इसके बाद नाम वापसी नहीं होगी।

### भुमका से मंजू आर्य का निर्विरोध बीडीसी बनना तय



**भीमताल :** ग्राम पंचायत भुमका मंजू आर्य का क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर निर्विरोध निर्वाचिन तय है। यह निर्वाचन गांव के लोकतांत्रिक मूल्यों, आपसी विश्वास और सामाजिक सौहार्द की मिसाल बनकर सामने आया है। मंजू आर्य ने भी इस अवसर पर समस्त ग्रामवासियों के प्रति आभार प्रकट किया। ग्राम पंचायत भुमका के पूर्व ग्राम प्रधान मुकेश चंद्र बौद्ध ने भी ग्रामीणों का आभार जताया है।

### पतलिया से सुरेंद्र का निर्विरोध निर्वाचन लगभग तय



**हल्द्वानी :** ओखलकांडा ब्लॉक की पतलिया क्षेत्र पंचायत सीट पर भाजपा समर्थित सुरेंद्र नगदली का निर्विरोध निर्वाचन लगभग तय हो गया है। बीडीसी के अन्य उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र वापस ले लिए हैं। वह भाजपा जिला कार्यकारिणी के सदस्य हैं। इससे पूर्व में ओखलकांडा के मंडल अध्यक्ष भी रह चुके हैं। नगदली ने क्षेत्रवासियों व अन्य उम्मीदवारों का आभार जताया है।


कमलेश कैड़ा को समर्थन देने के बाद मौजूद प्रत्याशी।

### बडोन से तीन प्रत्याशियों ने कमलेश कैड़ा को दिया समर्थन

**हल्द्वानी :** ओखलकांडा ब्लॉक के बडोन से क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए भाजपा समर्थित कमलेश कैड़ा को अन्य तीन प्रत्याशियों ने समर्थन दे दिया है। ऐसे में उनका निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। बडोन से प्रियंका चिलवाल, यशोदा देवी, मंजू बिष्ट, बचुली देवी, कमलेश कैड़ा ने बीडीसी सदस्य के लिए नामांकन किया था। इनमें बचुली देवी का नामांकन निरस्त हो गया। बाकी तीन उम्मीदवारों प्रियंका, यशोदा, मंजू ने कमलेश कैड़ा को समर्थन देते हुए नामांकन वापस ले लिया है। इस पर कमलेश कैड़ा ने उनका व क्षेत्रवासियों का आभार जताया है।


चकलुवा मुख्य बाजार में कार्य करते श्रमिक। ● अमृत विचार

## मोबाइल चोरी के मामले में दोष सिद्ध

**रामनगरः** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामनगर राजीव धवन ने मोबाइल चोरी के मामले में अभियुक्त को दोष सिद्ध पाते हुए दो वर्ष के कठोर कारावास और अर्थदंड से दंडित किया है। अभियुक्त सुमित आर्या के विरुद्ध थाना कोतवाली रामनगर में मुकदमा दर्ज हुआ था। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामनगर राजीव धवन ने सहायक अभियोजन अधिकारी राजेश सिंह रावत व अभियुक्त के अधिवक्ताओं की विस्तारपूर्वक बहस सुनी। सुनवाई के बाद सुमित आर्य को धारा 380 के तहत दो वर्ष के कठोर कारावास व 4000 रुपए का अर्थदंड, अर्थदंड अदा नहीं करने पर दो महीने का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है। धारा 411 के तहत 1 वर्ष के कठोर कारावास, 2000 रुपये के अर्थदंड, अर्थदंड नहीं देने पर एक महीने के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है। दोनों सजा साथ-साथ चलेगी और जेल में काटी गई सजा भी समायोजित की जाएगी।

# मतदाता के दोनों हाथ नहीं तो ठुड्डी पर लगाएंगे स्याही

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मतदान अधिकारी प्रथम, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को प्रशिक्षण दिया गया।

गुरुवार को मेडिकल कॉलेज सभागार में हुए प्रशिक्षण में एडीएम विवेक रॉय ने कहा कि सभी कर्मी प्रशिक्षण में ही समस्याओं का समाधान कर लें। मतदान दिवस के दिन यदि कोई समस्या आती है तो जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों व रिटर्निंग ऑफिसर से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र के 100 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार का प्रचार नहीं होना चाहिए। मतदान स्थल पर आने जाने के लिए निर्वाचन की ओर से दिए गए वाहनों से ही आवाजाही करेंगे। डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी ने बताया कि प्रशिक्षण में मतदान दिवस की तैयारियों के साथ मतदान समाप्ति के बाद मतपेटियों को स्ट्रॉन्ग रूम तक लाने की प्रक्रिया व आने वाली संभावित समस्याओं की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान कक्ष के अंदर पर्याप्त रोशनी हो। मतदान दिवस पर महिला एवं पुरुष मतदाताओं के लिए पृथक-पृथक लाइनें बनाई जाएं, तथा सूचना पट पर बूथ संख्या स्पष्ट रूप से अंकित हो ताकि मतदाता बूथ की पहचान कर सकें। मास्टर ट्रेनर एचबी चंद ने बताया कि यदि किसी मतदाता के दोनों हाथ नहीं हैं तो पहचान स्याही उसकी ठुड्डी/चिन पर लगाई जाएगी। मतपत्र के पीछे सुभेदक सील एवं पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से किए जाएं। इस दौरान मतपेटी सह नोडल अधिकारी राजेन्द्र पांडे आदि मौजूद रहे।


प्रशिक्षण के दौरान मौजूद कार्मिक। ● अमृत विचार

# नाबालिग का अपहरण पड़ोसी युवक पर आरोप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** घर से दुकान के लिए निकली 16 साल की किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने एक युवक पर किशोरी के अपहरण का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। इसके अलावा शहर से एक युवती और किशोर भी संदिग्ध हालात में लापता हो गए।

बिठौरिया नंबर दो निवासी एक पिता ने पुलिस को बताया कि बीती 8 जुलाई को उसकी 16 वर्षीय बेटी सुबह 9 बजे घर से दुकान से कुछ सामान लेने गई थी, लेकिन इसके बाद वह घर नहीं लौटी है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले करन नाम के लड़के ने उनकी बेटी का अपहरण किया है। जिसमें युवक के परिवारवालों का भी हाथ है। मुखानी पुलिस ने मामले में अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे मामले में वैलेजली लॉज निवासी एक 13 वर्षीय किशोर भी लापताहुआहै। तीसरे मामले में रामपुर रोड निवासी 22 वर्षीय युवती कार्यालय जाने की बात कहकर मामी के घर से निकली और लापता हो गई। परिजनों ने बताया कि अपने मित्र के साथ गौलापार मंदिर की ओर निकली थी। पुलिस खोजबीन कर रही है। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि शीघ्र बरामद कर लिया जाएगा।

# लाइनों के लीकेज को बंद करने का कार्य शुरू

खबर का असर

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचारः** चकलुवा क्षेत्र व मुख्य बाजार में जल संस्थान के अधिकारियों की अनेदखी से हजारों लीटर पानी प्रतिदिन बर्बाद होने की खबर अमृत विचार ने प्रकाशित की थी। इसके बाद जल संस्थान ने पेयजल लाइनों की लीकेज को बंद करना शुरू करा दिया है।

पिछले एक माह से पेयजल लाइनों से कई जगहों पर लीकेज की समस्या बनी हुई थी। शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे थे। चकलुवा मुख्य बाजार में आलम यह था कि दुकानदारों की दुकानों में लीकेज का पानी घुस रहा था।

चकलुवा मुख्य बाजार सहित आसपास की जगहों में लीकेज के कारण प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा था। हालांकि समाचार प्रकाशित होने के बाद जल संस्थान ने लीकेज को बंद करने का कार्य शुरू करा दिया है। दुकानदार कुकु पांडे, मुन्ना बोरा, मदन सिंह बिष्ट, कपिल कन्याल, दिनेश देउपा व ग्रामीणों ने अमृत विचार अखबार का आभार जताया है।

### मल्लीताल से अधेड़ लापता, तलाश में जुटी पुलिस

**नैनीताल :** मल्लीताल क्षेत्र में एक अधेड़ बीते चार दिन से लापता है। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। मल्लीताल निवासी पुष्पा फर्त्याल ने कोतवाली में शिकायत करते हुए कहा है कि उनके पति दीपक सिंह फर्त्याल बीती सात जुलाई को घर से बाजार के लिए निकले थे। बताया कि शाम को उनकी अपने पति से फोन पर बात हुई थी। वह उस समय अपने दोस्त के साथ थे। इसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं लग पाया है। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि महिला की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर लापता अधेड़ की खोजबीन की जा रही है।

# आयकर रिटर्न जारी नहीं होने से करदाता परेशान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आयकर रिटर्न को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। आयकर रिटर्न-1 और 4 के अतिरिक्त अन्य रिटर्न नहीं आने से आयकरदाताओं व पेशेवरों को परेशानी हो रही है।

आयकर विशेषज्ञों के अनुसार, कर निर्धारण वर्ष 2025-26 के लिए आयकर विभाग की ओर से आयकर रिटर्न फॉर्म्स –आईटीआर-2, 3, 5, 6 और 7 अभी तक जारी नहीं किए गए हैं। इसकी वजह से करदाताओं को आईटीआर फाइल करने में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। जुलाई में 10 दिन बीतने के बाद भी सिर्फ आईटीआर-1 व 4 ही जारी किया है। इस वजह से इनको छोड़ कर अन्य रिटर्न दाखिल नहीं हो रहे हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने मई में वर्ष 2025-26 के लिए गैर ऑडिट मामलों में रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर की है। अब जुलाई का माह चल रहा है लेकिन सभी आईटीआर जारी नहीं हुए हैं। यह पहली बार बार हुआ है कि जुलाई में भी रिटर्न जारी नहीं हुए हैं। इस वजह से आयकर अधिवक्ता, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स व अन्य पेशेवर परेशान हैं।बताया जा रहा है कि जिन करदाताओं की वेतन के साथ अन्य स्रोतों जैसे कैपिटल गेन से आय होती है, ऐसे वेतन भोगी कर्मचारी भी रिटर्न जमा नहीं भर सकते हैं।इसकी वजह है कि अन्य आवश्यक रिटर्न्स की फाइलिंग यूटिलिटीज अब तक जारी नहीं हुई हैं।




> ऐसी स्थिति में करदाताओं को नुकसान नहीं होना चाहिए। गैर-ऑडिट मामलों के लिए निर्धारित डेडलाइन से पहले सभी फार्म तथा उसकी यूटिलिटी आयकर विभाग को जारी कर दी जानी चाहिए। जिससे कि सभी करदाता समय से अपने रिटर्न दाखिल कर सकें।
> – **सुमित गुप्ता**, अधिवक्ता आयकर

व्यवस्था | हल्द्वानी के एमबीपीजी कॉलेज में विभिन्न वर्गों में हुए करीब सात हजार पंजीकरण

# पंजीकरण प्रक्रिया समाप्त, 15 से शुरू होंगे प्रवेश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** कुमाऊं विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया बृहस्पतिवार को संपन्न हो गई। विश्वविद्यालय के सबसे बड़े महाविद्यालय एमबीपीजी कॉलेज सहित क्षेत्र के अन्य कॉलेजों में 15 जुलाई से ऑफलाइन प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होगी। प्रवेश के लिए इस वर्ष भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। विश्वविद्यालय की ओर से समर्थ पोर्टल को 24 मई से 10 जुलाई तक छात्रों के लिए खोला गया था। इस दौरान हजारों विद्यार्थियों ने स्नातक प्रथम वर्ष के लिए आवेदन किया। एमबीपीजी कॉलेज में इस बार बीए, बीकॉम, बीएससी बायो और बीएससी गणित वर्ग में कुल 7,000 से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए हैं। कॉलेज के प्रवेश प्रभारी डॉ. नवल किशोर लोहनी ने बताया कि गुरुवार शाम छह बजे तक 6456 विद्यार्थियों ने समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया था। चूंकि पोर्टल रात 12 बजे तक खुला था, अंतिम आंकड़ा सात हजार से ऊपर पहुंचने की संभावना है। एमबीपीजी कॉलेज समेत अन्य महाविद्यालयों में प्रवेश को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कॉलेज प्रशासन ने प्रवेश प्रक्रिया के सुचारु संचालन के लिए पूरी तैयारी कर ली है

कॉलेज प्रशासन की ओर से 14 जुलाई को संकायवार मेरिट सूची कॉलेज में चस्पा की जाएगी। इसके बाद 15 जुलाई से ऑफलाइन प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके अंतर्गत चयनित छात्रों को दस्तावेजों के सत्यापन के बाद निर्धारित समय पर कॉलेजों में प्रवेश लेना होगा।




### कोर्सवार आवेदन आंकड़े

बीए प्रथम सेमेस्टर : 3398 आवेदन
बीकॉम : 1179 आवेदन
बीएससी ( गणित वर्ग ) : 746 आवेदन
बीएससी ( जीव विज्ञान वर्ग ) : 796 आवेदन

### महिला कॉलेज में नहीं भरी सीटें

**हल्द्वानी :** प्रदेश के एकमात्र राजकीय महिला महाविद्यालय में समर्थ प्रवेश पोर्टल से प्रवेश के लिए 838 छात्राओं ने आवेदन किया है, जबकि कॉलेज में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए 1207 सीटें रिजर्व हैं। इस बार कॉलेज में प्रवेश लेने वाली छात्राओं की संख्या घट गई है। निर्धारित सीटों पर आवेदन कम हुए हैं। प्रवेश प्रभारी डॉ. सरस्वती बिष्ट ने बताया कि बीएससी गणित में 107, बायो में 176, बीए में 348, बीकॉम में 105, बीकॉम ऑनर्स में 102 छात्राओं के प्रवेश के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं।

SAHAS Homeo
Homeopathic Clinic & Medical Store
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता



डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धी रोग
अन्य रोग • स्पॉन्डिलाइटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

बुधवार को अमृत विचार में प्रकाशित खबर में बनभूलपुरा, जज फार्म और रामपुर रोड में बदहाल सड़कों से हो रही परेशानी के बारें में दी गई थी जानकारी

# सड़कों के गड्ढों में भरी जीएसबी, रोलर चलाकर किया कॉम्पैक्शन

खबर का असर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बुधवार के अंक में 'सीवर-पेयजल लाइनें बिछाईं... गड्ढे भरना भूले' शीर्षक से प्रकाशित खबर का असर अब जमीन पर दिखाई देने लगा है। खबर में बनभूलपुरा, जज फार्म और रामपुर रोड सहित अन्य क्षेत्रों में सीवर व पेयजल लाइन बिछाने के बाद सड़कें गड्ढों में तब्दील हो जाने और स्थानीय लोगों को हो रही भारी परेशानी को उजागर किया गया था।

खबर प्रकाशित होने के बाद उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी (यूयूएसडीए) ने प्रभावित सड़कों पर जीएसबी (ग्रेन्युलर सब-बेस) बिछाकर गड्ढों को भरने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इससे लोगों को अस्थायी रूप से राहत मिली है और सड़क पर आवागमन कुछ हद तक सुगम हुआ है।


सीवर-पेयजल लाइनें बिछाईं...गड्ढे भरना भूले
बनभूलपुरा से जज फार्म तक जगह-जगह गड्ढे, स्कूली बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को हो रही दिक्कत
अमृत विचार पड़ताल
एक साल से गड्ढों और कीचड़ पर चलने को मजबूर
पहले गड्ढे नहीं भरे, अब रोड़ा बिछाकर छोड़ दिया


जर्ज फार्म में गड्ढे वाले स्थान पर बिछाई गई जीएसबी। ● अमृत विचार

यूयूएसडीए के प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह ने बताया कि जज फार्म क्षेत्र में पेयजल लाइन बिछाने के चलते करीब 29.5 किलोमीटर सड़क प्रभावित हुई है। इनमें से 7.11 किमी सड़क का पुनर्निर्माण और 10.6 किमी पर सब-सर्फेसिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। शेष हिस्सों में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है।

रामपुर रोड पर भी पेयजल लाइन बिछाने के बाद रोलर चलाकर कॉम्पैक्शन का कार्य किया गया है, ताकि सड़कों की समतलता बनी रहे और बारिश में पानी न भर पाए।

प्रोजेक्ट मैनेजर ने यह भी बताया कि मानसून के बाद प्रभावित सड़कों पर हॉटमिक्स बिछाकर स्थायी मरम्मत की जाएगी। एजेंसी की ओर से यह प्रयास किया जा रहा है कि सीवर व पेयजल लाइन बिछाने के तुरंत बाद सड़कों की अस्थायी मरम्मत कर आमजन को परेशानियों से बचाया जाए।

इसके लिए यूयूएसडीए ने वार्डवार सहायक अभियंता (एई) और जूनियर इंजीनियर (जेई) की तैनाती भी कर दी है, ताकि निगरानी रखी जा सके और मरम्मत कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

सड़कों की स्थिति में सुधार होते देख स्थानीय लोगों ने आंशिक राहत मिलने पर संतोष जताया है।

### कुल 70 किलोमीटर जीएसबी बिछाई, तीन क्यूआरटी गठित

**हल्द्वानी:** शहर में 26 वार्डों में पेयजल व सीवर लाइन बिछाने के बाद कुल 70 किमी. लंबाई की सड़कों पर जीएसबी बिछा दी गई है। इन सड़कों में मानसून के बाद सड़कें बनाई जाएंगी। इधर, मानसून के दौरान योजना वाले क्षेत्रों में होने वाली समस्या से निपटने के लिए तीन क्यूआरटी गठित की गई हैं। प्रत्येक क्यूआरटी में 30 कर्मचारी शामिल हैं। टीम बरसात के दौरान गड्ढे भरान, पानी की निकासी और रोड ड्रेसिंग आदि कार्य कर रही है। टीम को एक जेसीबी, ट्रैक्टर ट्रॉली और पानी की निकासी के लिए मोटर उपलब्ध कराई गई है।

## आज से जिला स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा शुरू

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जिला बैडमिंटन संघ की ओर से आज से 14 जुलाई तक हल्द्वानी स्टेडियम में तीन दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में अंडर-11, 13, 15, 17, 19 और ओपन आयु वर्ग के बालक-बालिका खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। गुरुवार को रानीबाग स्थित एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में संघ के जिलाध्यक्ष रितेश बिष्ट ने जानकारी दी कि एकल वर्ग के टॉप-4 खिलाड़ी और युगल वर्ग के विजेता राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए चयनित माने जाएंगे। अंडर-11 व 13 की राज्य स्तरीय स्पर्धा अक्टूबर में हल्द्वानी में होगी, जबकि अंडर-15 और 17 की प्रतियोगिता 16 जुलाई से ऊधमसिंह नगर में तथा ओपन वर्ग की स्पर्धा अल्मोड़ा में आयोजित होगी।

# बीडीसी उम्मीदवार ने ग्रामीणों समेत आयुक्त कैंप कार्यालय में दिया धरना

## नामांकन निरस्त होने से ग्रामीण नाराज, आरओ पर लगाया दस्तावेज हटाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ओखलकांडा ब्लॉक के बडोन से क्षेत्र पंचायत सदस्य की उम्मीदवार बचुली देवी का नामांकन खारिज होने से नाराज ग्रामीणों ने कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत के कैंप कार्यालय में धरना दिया। सभी ने एक सुर में रिटर्निंग ऑफिसर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

गुरुवार को पूर्व दर्जा मंत्री हरीश पनेरू के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय पहुंचे और धरना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि बचुली देवी ने बीडीसी सदस्य के लिए नामांकन किया था, इसके लिए सभी जरूरी दस्तावेज लगाए थे जिनकी रसीदें भी रिटर्निंग ऑफिसर ने उन्हें दीं। अब गुरुवार को उसी रिटर्निंग ऑफिसर ने दस्तावेज पूरे नहीं होने का हवाला देते हुए नामांकन निरस्त कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि नामांकन पत्र से दस्तावेजों को जानबूझकर हटाया। साथ ही महिला उम्मीदवार से रिटर्निंग ऑफिसर ने अभद्र व्यवहार की भी शिकायत की।


डीसी आयुक्त के कैंप कार्यालय में धरना देते ग्रामीण। ● अमृत विचार

> कुछ कांग्रेस जन निरस्त नामांकन पत्र को लेकर अधिकारियों पर दवाब बना रहे हैं। उनके सभी तरह के आरोप निराधार हैं। ओखलकांडा, धारी, रामगढ़, भीमताल, बेतालघाट सहित कई ब्लाकों में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत, वार्ड मेंबर के पदों पर नामांकन दाखिल हुए थे। नामांकन पत्र में त्रुटि के कारण सैकड़ों नामांकन निरस्त हुए हैं। बस ओखलकांडा में कुछ कांग्रेसी नामांकन पत्र खारिज होने पर राजनिति कर रहे हैं।
> **-कमलेश कैड़ा**, बीडीसी सदस्य प्रत्याशी

हरीश पनेरू ने आरोप लगाते हुए कहा कि विधायक राम सिंह कैड़ा की पत्नी कमलेश कैड़ा के निर्विरोध निर्वाचन के लिए यह साजिश की गई है। प्रशासन व निर्वाचन अधिकारी विधायक के दवाब में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिकायतें धारी एसडीएम और पुलिस से भी की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। चेतावनी दी कि जब तक रिटर्निंग ऑफिसर पर मुकदमा दर्ज नहीं किया जाता तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान मौके पर पहुंचे और उन्होंने लोगों को समझा कर शांत किया। धारी एसडीएम केएन गोस्वामी का कहना है कि दस्तावेज अधूरे पाए जाने पर रिटर्निंग ऑफिसर को नामांकन रद्द करने का अधिकार है। प्रत्याशी यदि असहमति रखती हैं तो कोर्ट में अपील कर सकती हैं।

## तीन घंटे बाधित रही पेयजल आपूर्ति

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बरसात के साथ पानी की आपूर्ति के लिए लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। शीतलाहाट नलकूप में सिल्ट आने से गुरुवार सुबह जलापूर्ति बाधित रही। जल संस्थान के अनुसार, काठगोदाम क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति इसी नलकूप से की जाती है, जो सुबह 8 बजे से लेकर 11 बजे तक पूरी तरह बंद रही। जल संस्थान के कनिष्ठ अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया कि नलकूप में अचानक सिल्ट भर जाने से संचालन में दिक्कत आई, जिससे तीन घंटे तक जलापूर्ति नहीं हो सकी। सफाई के बाद दोपहर तक व्यवस्था सामान्य कर दी गई।

## निरीक्षण में शिक्षकों को लगाई फटकार


**हल्द्वानी:** अपर निदेशक माध्यमिक कुमाऊं मंडल गजेंद्र सिंह सोन ने गुरुवार को हल्द्वानी के स्कूलों का निरीक्षण किया। हाईस्कूल नवाड़ खेड़ा में उन्होंने बच्चों से सिलेबस से संबंधित प्रश्न पूछे, लेकिन बच्चे संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए। इस पर उन्होंने शिक्षकों को फटकार लगाई और पठन पाठन को सही करने को कहा। हर बच्चे को चैप्टर से संबंधित बिंदुओं को बारीकी से पढ़ाने के निर्देश दिए।

# नलकूप से चोरी की तांबे की वायर, पेयजल आपूर्ति ठप

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर में चोरी की घटनाएं अब सामान्य घरों या दुकानों तक सीमित नहीं रह गई हैं। चोर अब बुनियादी जरूरतों से जुड़ी सरकारी सुविधाओं को भी निशाना बना रहे हैं। ऐसा ही मामला देवलातल्ला क्षेत्र में सामने आया है, जहां बीते मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने सिंचाई के नलकूप से तांबे की वायर चोरी कर ली। इस वारदात के चलते इलाके में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप है। जिससे करीब 5 हजार की आबादी प्रभावित है।

नलकूप खंड के कनिष्ठ अभियंता नितिन कुमार ने बताया कि वायर चोरी से मोटर पूरी तरह ठप हो गई है। विभाग नलकूप को ठीक करने का कार्य कर रहा है और नई वायर डाली जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रयास किया जा रहा है कि एक-दो दिन में जलापूर्ति फिर से बहाल कर दी जाए। यह पहला मौका नहीं है, जब देवलातल्ला क्षेत्र के नलकूप को चोरों ने निशाना बनाया हो। इससे पहले भी लगभग 15 दिन पहले देवता तल्ला पजाया के नलकूप में चोरी हुई थी।


तांबे की वायर चोरी के बाद ठप पड़ा नलकूप। ● अमृत विचार

### स्थानीय लोगों में आक्रोश, सुरक्षा की मांग

देवलातल्ला क्षेत्र के स्थानीय नागरिकों में इस घटना को लेकर भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि एक तो जल संकट से वे पहले ही परेशान हैं, ऊपर से चोरों की इस करतूत ने मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नलकूपों की चौबीसों घंटे निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं या फिर चौकीदार की तैनाती की जाए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### तांबे की तारें बनीं चोरों की कमाई का जरिया

जानकारों का कहना है कि नलकूपों में इस्तेमाल होने वाली तांबे की वायर बाजार में अच्छे दामों पर बिकती है, जिससे चोरों को इन तारों से मोटी कमाई होती है। यही वजह है कि चोर लगातार इन जगहों को निशाना बना रहे हैं। इन तारों की कीमत प्रति किलो सैकड़ों रुपये होती है, जो चोरी को एक लाभदायक धंधा बना रही है।

पहली घटना के बाद कोई ठोस सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई, जिससे चोरों के हौसले और बढ़ गए। दोबारा हुई चोरी ने नलकूप विभाग व पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कनिष्ठ अभियंता नितिन कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में काठगोदाम थाने में तहरीर दे दी गई है।


बीमा चेक सौंपते पीएनबी के अधिकारी। ● अमृत विचार

## पीएनबी ने नॉमिनी को सौंपा 40 लाख का चेक

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने सैलरी बचत खाता (गोल्ड) योजना के अंतर्गत दुर्घटना बीमा क्लेम में उत्तराखंड परिवहन निगम के दिवंगत परिचालक मनीष कुमार मिश्रा की नॉमिनी प्रीति मिश्रा को 40 लाख का चेक प्रदान किया। गुरुवार को पीएनबी हल्द्वानी मंडल कार्यालय में मंडल प्रमुख सिद्धार्थ अधिकारी ने यह चेक सौंपा। उन्होंने बताया कि बैंक की विभिन्न योजनाओं में स्वास्थ्य बीमा, टर्म इंश्योरेंस व दुर्घटना बीमा के अंतर्गत 2 .5 करोड़ तक की राशि का प्रावधान है। साथ ही चेकबुक, आरटीजीएस, डिमांड ड्राफ्ट जैसी सुविधाएं नि :शुल्क हैं और लॉकर व लोन पर रियायतें भी दी जा रही हैं। इस अवसर पर परिवहन निगम के अधिकारी राजकुमार, मनोज दुर्गापाल और पीएनबी के अधिकारी उमाशंकर तिवारी, मनोज दुबे आदि मौजूद रहे।

# नाले के अपस्ट्रीम भाग का निरीक्षण किया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बीते बुधवार देवखड़ी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र भदयूनी में भारी बारिश के बाद पैदा हुए हालात को देखते हुए नगर आयुक्त ऋचा सिंह के नेतृत्व में देवखड़ी नाले के अपस्ट्रीम भाग का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान, एसडीएम राहुल शाह, एई मनोज तिवारी, फतेहपुर रेंजर, यूयूएसडीए की तकनीकी टीम और नगर निगम के जीआईएस विश्लेषक शामिल रहे।

बारिश के कारण देवखड़ी नाले में बहुत अधिक पानी का बहाव देखा गया, जिससे डाउनस्ट्रीम यानी नीचे के क्षेत्रों में जलभराव और बाढ़ की संभावनाएं बढ़ गई थीं। लेकिन डभ्एम की ओर से स्वीकृत आपदा न्यूनीकरण योजना


निरीक्षण के दौरान मौजूद नगर आयुक्त, सिटी मजिस्ट्रेट व एसडीएम। ● अमृत विचार

के तहत अपस्ट्रीम में निर्मित 13 प्रस्तावित चेक डैम में से 10 पहले ही बन चुके हैं, जिनसे जल बहाव की गति को प्रभावी रूप से नियंत्रित किया गया। इन चेक डैम ने न सिर्फ तेज बहाव को रोका बल्कि बड़ी मात्रा में मलबा, बोल्डर, रेत और मिट्टी को भी रोका। जिससे नीचे के शहरी क्षेत्रों में बड़ा नुकसान होने से टल गया। चेक डैम जैसी आपदा न्यूनीकरण संरचनाओं की समयबद्ध निगरानी और नियमित रखरखाव पर जोर दिया, ताकि संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके। सुझाव दिया कि भविष्य में अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में इसी प्रकार की संरचनाएं विकसित की जाएं। तपोवन कॉलोनी के पास देवखड़ी नाले के चैनलाइजेशन कार्य की भी शुरुआत कर दी गई है।

### 3 चेक डैम निर्माणाधीन मलबा हटाने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शेष 3 चेक डैम का निर्माण प्रगति पर है। वहीं, वन विभाग को चेक डैम में एकत्र मलबे को शीघ्र हटाने के निर्देश दिए गए हैं। दो जेसीबी मशीनों की तैनाती कर मलबा हटाने का कार्य जारी है ताकि चेक डैम की प्रभावशीलता बरकरार रह सके।

### क्षतिग्रस्त पुलिया को किया ठीक

बुधवार को हुई तेज बारिश के कारण वर्कशॉप लाइन में प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय के ठीक सामने मलबा आ गया था। नगर निगम की ओर से जेसीबी की मदद से पानी की निकासी करने के दौरान पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई थी। क्षतिग्रस्त पुलिया को ठीक कर लिया गया है।

# नुमाइश को नहीं दिया जाए विद्युत कनेक्शन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को पार्षद रवि वाल्मीकि के नेतृत्व में अधीक्षण अभियंता ऊर्जा निगम नवीन मिश्रा से मुलाकात कर नुमाइश क्षेत्र में बिजली कनेक्शन रोके जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यूकेडी ने मांग की कि एमबी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित हो रही नुमाइश को किसी भी सूरत में बिजली आपूर्ति न दी जाए, क्योंकि यह आयोजन बिना किसी वैध अनुमति के किया जा रहा है। यूकेडी के केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल और पार्षद रवि वाल्मीकि ने कहा कि बिना अनुमति के दुकानें लगा दी गई हैं, जो दर्शाता है कि नुमाइश माफिया कितने प्रभावशाली हैं।

यूकेडी नेताओं ने चिंता जताई कि नुमाइश स्थल के सामने अस्पताल, इंटर कॉलेज और डिग्री कॉलेज स्थित हैं, और पूर्व में ऐसे आयोजनों के दौरान समाज विरोधी तत्वों ने महिलाओं और छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आई हैं। रवि वाल्मीकि ने कहा कि यह न सिर्फ कानून व्यवस्था का उल्लंघन है, बल्कि स्थानीय जनता की सुरक्षा और सुविधा से भी खिलवाड़ है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ऐसी अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और नुमाइश को तत्काल रोका जाए।

आस्था

हिमालय संगीत शोध समिति की ओर से जेके पुरम मुखानी में गुरु पूर्णिमा समारोह का आयोजन, गायन, वादन और नृत्य की प्रस्तुति देकर मोहा सभी का मन

# गुरु पूर्णिमा के मौके पर सुर, लय और नृत्य का हुआ संगम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** हिमालय संगीत शोध समिति ने जेके पुरम मुखानी में गुरु पूर्णिमा समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें गायन, वादन व नृत्य कर कलाकारों ने मंचीय प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी पूरन सिंह मेहत ओर कृपाल सिंह नेगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

अध्यक्षता चेतन तिवारी और संचालन भुवनेश विराट ने की। शुरुआत गुरु वंदना नृत्य से कोमल किमोठी, प्रियांशी शर्मा, उन्नति भट्ट, वर्णिका शर्मा ने की। बाल कलाकार प्रेरणा, प्रसिद्धि, वैष्णवी, वेदांती, देवांशी की समूह नृत्य प्रस्तुति के बाद मतवार सिंह



हिमालय संगीत शोध समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार।

व अभिनव नेगी का बांसुरी वादन हुआ। अमित किमोठी, अविनाश फर्स्वाण, आयुष भट्ट, नवप्रभात नेगी व साथियों ने गुरुभक्ति की रचना प्रस्तुत की। हारमोनियम में नव्या उनियाल, तबले पर योगिता पांडे और अभय जोशी ने संगत की। दुनिया से सहारा क्या लेना गीत को प्रथम भट्ट, भावित पाठक, हर्षल मदान, रक्षित पांडे व साथियों ने प्रस्तुत किया। तबला वादन नीरज उप्रेती, शुभम पांडे, हारमोनियम का वादन अंकित धारियाल ने किया। राग भैरव पर आधारित रचना शिव शंकर कैलाशपति को ईशान जोशी, आराध्या शाह, गौरांगी पंत, तनय तिवारी व साथियों ने प्रस्तुत किया। राग भीमपलासी पर आधारित रचना शारदे महारानी को ममता पांडे, नीलम जोशी, चेतना तिवारी, सरिता रावत व साथियों ने प्रस्तुत किया। शिवाष्टंक की प्रस्तुति राहुल तिवारी, भुवन शर्मा व साथियों ने दी। इस अवसर पर संगीतज्ञ डा. पंकज उप्रेती, धीरज उप्रेत, पंकज जोशी, अभिषेक तिवारी, निरंजन भट्ट, पूरन तिवारी, पूरन सिंह मेहता, अमृता पांडे आदि मौजूद थे।


शिक्षक विपिन पांडे को सम्मानित करते विधायक भगत। ● अमृत विचार

## विधायक भगत ने शिक्षक पांडे का किया अभिनंदन

**हल्द्वानी :** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विधायक बंशीधर भगत ने राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त शिक्षक विपिन पांडे के आवास पर पहुंचकर सम्मानित किया। विधायक भगत ने कहा कि विपिन पांडे ने हरिदत्त नित्यानंद इंटरमीडिएट कॉलेज में शिक्षण किया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया बल्कि सेवानिवृत्ति के बाद भी समाज सेवा में सक्रिय हैं। उन्होंने स्वयं के प्रयासों से एक बुक बैंक की स्थापना की है जिससे जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को पुस्तकें उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने शिक्षक समुदाय से प्रेरणा लेने और शिक्षा के प्रसार में योगदान देने का आह्वान किया। इस दौरान सुरेश गौड़, योगेश तिवारी, भुवन पंत, केसी त्रिपाठी, प्रमोद पंत, प्रताप गौड़, मोहन जोशी, कैलाश पांडे, विक्रम गौड़ आदि मौजूद रहे।

## गुरु पूर्णिमा पर बालाजी मंदिर में उमड़ी भीड़

**रामनगर, अमृत विचार :** गुरु पूर्णिमा पर कई स्थानों पर लोगों ने अपने गुरुओं का भावपूर्ण स्मरण किया। उनके पांव छूकर आशीर्वाद भी मांगा। सिद्धपीठ श्री बालाजी मंदिर कोसी घाट पर गुरु पूर्णिमा का पर्व पर हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया । सुबह से ही मंदिर परिसर में सैकड़ों भक्तों की भीड़ बाबा को गुरु स्वरूप में स्वीकारने के लिए दिखाई दी। ब्रह्म मुहूर्त में बाबा के चोला श्रृंगार के बाद सुबह आठ बजे बाबा का हवन प्रारंभ किया गया। इसके पश्चात श्री बालाजी महाराज जी की दिव्य आरती शुरू की गई। उन्हें सवामणी का भोग भी लगाया गया। जिसके पश्चात भक्तों द्वारा बाबा को तिलक लगाने का क्रम शुरू किया गया। साथ ही मंदिर के सेवक कलाकारों ने बाबा की भक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति दी। महंत शुभम गर्ग ने कहा कि जीवन के प्रथम गुरु नि :संदेह माता- पिता है, किंतु जीवन पथ पर हमें विभिन्न गुरुओं का संसर्ग प्राप्त होता।

## गुरु की महत्ता पर डाला प्रकाश

**नैनीताल, अमृत विचार :** महर्षि विद्या मंदिर ताकुला में गुरु पूर्णिमा के मौके पर भावातीत ध्यान सत्र और गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य निर्मल पांडे ने छात्रों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए गुरु की महत्ता पर प्रकाश डाला। कहा कि गुरु पूर्णिमा न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह दिन सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण माना जाता है। यह दिन गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर होता है, जिनके मार्गदर्शन से छात्र जीवन में उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी जाती है। इस अवसर पर दीपा बिष्ट, रेखा भट्ट, दीपिका, सरोज दत्त, प्रियंका, हिमानी, वैशाली, बरखा, मानसी, खष्टी और अभय जोशी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### दुकान खाली कराने को लेकर विवाद

**बाजपुर** : किराये की दुकान खाली करवाने को लेकर मालिक व किरायेदार के बीच विवाद हो गया। मामले को लेकर पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी पहुंचे पीड़ित दुकान मालिक ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला आदर्शनगर सुल्तानपुर पट्टी निवासी अनिल मौर्य पुत्र स्व. भगवान स्वरूप ने पुलिस को बताया कि उसके मकान में एक दुकान है, जिसमें एक व्यक्ति किरायेदार के रूप में मोबाइल की दुकान का संचालन करता है। कई बार अपनी दुकान को खाली कराने के लिए कह चुका है, लेकिन व्यापारी दुकान खाली नहीं कर रहा है तथा दुकान मालिक के साथ अभद्रता करता है। इतना ही नहीं उसके परिजनों से झूठी शिकायतें कर घर में मारपीट व विवाद करवाता है।

### 56 पाउच कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सितारगंज** : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत एएसआई राकेश सिंह रौकली व कांस्टेबल हरीश राम ने गश्त के दौरान जयपाल सिंह उर्फ दद्दू पुत्र अवधेश नारायण, निवासी ग्राम साधूनगर को 56 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्त को आबकारी अधिनियम की धारा-60(1) के तहत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

### कार की चपेट में आने से महिला घायल

**बाजपुर** : कार की चपेट में आकर महिला घायल हो गई, जिसे नगर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम इटव्वा निवासी गोरो बाई पत्नी रांझा सिंह गुरुवार को दोपहर बाद करीब डेढ़ बजे बाइक से उतरकर पैदल टेंपो में बैठने जा रही थी। इसी बीच नैनीताल स्टेट हाईवे पर भगत सिंह चौक के निकट तेज रफ्तार कार चालक ने उसे चपेट में ले लिया जिसमें वह घायल हो गई। घटना के बाद वहां आसपास के व्यापारियों व राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। घायल महिला को नगर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
PH. 05946-292618

**सूचना**

मेरे पुत्र लांसनायक हरेन्द्र सिंह भण्डारी आर्मी नं. 4211292W के सैन्य अभिलेखों में मेरा नाम भूलवश दलीप सिंह भण्डारी (DALIP SINGH BHANDARI) दर्ज है। जबकि सही और वास्तविक नाम दलीप सिंह (DALIP SINGH) दर्ज किया जाए। **दलीप सिंह S/o शेर सिंह, ग्राम चौना, पोस्ट दौलाघट, तहसील व जिला अल्मोड़ा।**

**सूचना**

मेरे ड्राईविंग लाईसेंस संख्या UK0419770030274 है। जिसमें मेरा व मेरे पिता जी का नाम भूलवश TARA CHANDRA BAALIYA SON OF KRISHNANAND BALALIYA गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरा व मेरे पिता जी का सही व वास्तविक नाम TARA DATT PADALIA SON OF KRISHNA NAND PADALIA है। अतः मैं अपने ड्राईविंग लाईसेंस में अपना व अपने पिता जी का सही नाम दर्ज कराना चाहता हूँ। **तारा दत्त पडलिया पुत्र श्री कृष्णानन्द पडलिया, निवासी तल्लीताल, नैनीताल (उत्तराखण्ड)**


# यूएसनगर में चार जिपं. सदस्यों समेत 441 के नामांकन निरस्त

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच में 8218 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र मिले वैध, जिला पंचायत सदस्य समेत हैं कुल 4568 पद




संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए नामांकन पत्रों के जांच की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद अब नाम वापसी की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। चार दिन चले नामांकन पत्रों की जांच के दौरान 8659 नामांकन पत्रों में से जांच के बाद 441 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र निरस्त कर दिए गये हैं। जबकि जांच में 8218 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध मिले हैं।

यहां बता दें कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर 2 जुलाई से 5 जुलाई तक ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के लिए नामांकन पत्र जमा करने की प्रक्रिया चली। इस दौरान 4568 पदों के लिए 8659 दावेदारों ने नामांकन पत्र जमा किये। ग्राम पंचायत सदस्य के 3887 पदों के सापेक्ष 4412 नामांकन पत्रों की जांच हुई। इसमें 281 नामांकन रद्द हुए, जबकि 4131 वैध पाये गये हैं। इसी तरह ग्राम प्रधान के 373 पदों के सापेक्ष 2291 नामांकन पत्रों की जांच हुई। जांच में 60 नामांकन रद्द हुए हैं, जबकि 2231 वैध मिले। क्षेत्र पंचायत के 273 पदों के सापेक्ष 1689 नामांकन पत्रों की जांच हुई। इसमें 96 नामांकन रद्द हुए, जबकि 1593 नामांकन वैध पाये गये। इसी तरह जिला पंचायत सदस्य के 35 पदों के सापेक्ष 267 दावेदारों ने नामांकन पत्रों की जांच हुई। जांच में 4 जिला पंचायत सदस्यों के नामांकन निरस्त हो गये हैं, जबकि 263 जिला पंचायत सदस्यों के नामांकन वैध पाये गये हैं। वहीं नामांकन पत्रों की जांच के बाद आज से नामांकन पत्रों की वापसी की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। यह प्रक्रिया शुक्रवार तक चलेगी। इसके बाद पहले चक्र में 24 जुलाई और दूसरे चक्र में 28 जुलाई को सुबह 8 बजे से सायं 5 बजे तक मतदान होंगे, जबकि 31 जुलाई को सुबह 8 बजे से कार्य की समाप्ति तक मतगणना होगी।

### 1469 नामांकन, 60 निर्विरोध निर्वाचित, 1390 मैदान में

**सितारगंज** : विकासखंड सितारगंज में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। 10 जुलाई 2025 तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, विभिन्न पदों के लिए कुल 1469 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। इनमें से जांच उपरांत 1390 नामांकन वैध पाए गए, जबकि 79 नामांकन पत्रों को नियमों के तहत निरस्त कर दिया गया। नामांकन वापसी की प्रक्रिया में अब तक 79 प्रत्याशियों ने अपने पर्चे वापस लिए हैं। पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए सर्वाधिक 818 नामांकन वैध पाए गए हैं, वहीं ग्राम प्रधान पद के लिए 397 और क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए 254 नामांकन वैध घोषित किए गए हैं। निर्वाचन प्रक्रिया में अब तक 164 पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं, जबकि शेष 730 पदों पर अब मुकाबला तय है। चुनावी समर में उतरे 1390 प्रत्याशी अब प्रचार-प्रसार में जुट गए हैं। चुनाव प्रक्रिया की निगरानी रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा की जा रही है। जैसे-जैसे मतदान की तिथि नजदीक आ रही है, क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां और चर्चाएं तेज़ हो गई हैं।

### माया और शोमनाथ का निर्विरोध प्रधान चुना जाना तय

**खटीमा** : ग्रामसभा नदन्ना से माया जोशी और ग्रामसभा बंडिया से शोभनाथ मौर्य का निर्विरोध चुना जाना तय है। जिसमें माया जोशी लगातार तीसरी बार चुन जाएंगी। माया जोशी पहली बार सुमन देवी को 278 मतों से पराजित कर ग्राम प्रधान निर्वाचित हुई थी। वह दूसरी बार निर्विरोध निर्वाचन हुई और तीसरी बार भी उनकी प्रतिद्वंदी प्रत्याशी पुष्पा देवी ने अपना नामांकन वापस ले लिया जिससे उनका निर्विरोध निर्वाचित होना तय है। इधर बंडिया ग्राम सभा के लिए शोमनाथ मौर्य का भी निर्विरोध निर्वाचित होना तय माना जा रहा है। बंडिया ग्राम सभा के लिए चुनाव मैदान में उतरे छह प्रत्याशियो में बृजेश मौर्य, मनोज मौर्य और अशोक मौर्य, धर्मेन्द्र कुमार का नामांकन पत्र रद्द हो गया था। जबकि कुसुम देवी ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। अब सोमनाथ मौर्य का निर्विरोध ग्राम प्रधान निर्वाचित होना तय माना जा रहा है।




नाम वापसी के बाद खुशी जताते विधायक शिव अरोरा व अन्य। ● अमृत विचार



निर्विरोध प्रधान हरीश भट्ट के साथ विधायक अरोरा व अन्य। ● अमृत विचार

### ममता और हरनीत ने नाम लिया वापस

**रुद्रपुर** : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए अब नाम वापसी की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इसी क्रम में जिला पंचायत कार्यालय में विधायक शिव अरोरा की मौजूदगी में खानपुर पूर्व की सीट से जिला पंचायत सदस्य पद पर ममता बजाज, हरनीत कौर ने अपना नाम वापस ले लिया है। साथ ही खानपुर पूर्व सीट पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी अमिता विश्वास को अपना पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया है। शुक्रवार को नाम वापसी के बाद जिला पंचायत कार्यालय के बाहर विधायक शिव अरोरा ने जिला पंचायत सदस्य पद पर ममता बजाज, हरनीत कौर के पति राजेश बजाज व गुरबाज सिंह खानपुर पूर्व सीट पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी अमिता विश्वास को मजबूत करने की दिशा में लिए गये निर्णय को सहसिक बताया है। साथ ही उन्होंने भाजपा समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार प्रचार करने की बात कही है। इस अवसर पर जिला महामंत्री अमित नारंग, राजेश बजाज, गुरबाज सिंह, मंडल अध्यक्ष जगदीश विश्वास, मनीष छाबड़ा, प्रताप सिंह, मयंक कक्कड़ व अन्य लोग मौजूद रहे।


### छतरपुर सीट से निर्विरोध ग्राम प्रधान बने हरीश भट्ट

**रुद्रपुर** : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में रुद्रपुर विधानसभा के तहत आने वाले छतरपुर ग्राम से निवर्तमान प्रधान व भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीश भट्ट निर्विरोध प्रधान चुने गये हैं। वहीं निर्विरोध प्रधान बनने के बाद हरीश भट्ट अपने समर्थकों संग विधायक शिव अरोरा के आवास पहुंचे और विधायक शिव अरोरा का आभार जताया व आशीर्वाद लिया। इस दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि छतरपुर ग्राम अपने आप में मिसाल बनी है। जिन्होंने निवर्तमान प्रधान द्वारा क्षेत्र में किये गये कार्यों को संतोषजनक माना व हरीश भट्ट को निर्विरोध प्रधान चुनकर लोकतंत्र में एक सुखद मिसाल कायम की। वहीं विधायक ने निर्विरोध प्रधान का स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष जगदीश विश्वास, जिला महामंत्री भाजपा अमित नारंग, मयंक कक्कड़, मनोज मदान, महेंद्र आर्य, प्रेम सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।

# ई स्कूटी की बैटरी फटी, घर में लगी आग

- आसपास के लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू, सामान जलकर हुआ राख
- गृह स्वामी मजदूरी कर अपना परिवार चलाती थी, तीन लाख का बताया नुकसान

संवाददाता, दिनेशपुर



इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी में शॉर्ट सर्किट होने पर घर में लगी भीषण आग से जला सामान।

**अमृत विचारः** इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी की बैटरी फटने से घर में भीषण आग लग गई जिससे घर में रखी नगदी व सामान जलकर राख हो गया। आसपास के लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लोगों ने आग को आसपास के घरों में फैलने से बचा लिया। सूचना पर राजस्व उप निरीक्षक व जनप्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। गृह स्वामी शांति मंडल ने लगभग तीन लाख रुपए का नुकसान बताया।

वार्ड-दो निवासी शांति मंडल पत्नी स्व. कीना मंडल के घर में इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी चार्ज पर लगी हुई थी। गुरुवार की साढ़े तीन बजे अचानक स्कूटी की बैटरी फटने से घर में आग लग गई। भीषण आग की लपटें देख गृह स्वामी शांति मंडल व उनकी तीन पुत्रियां घर से बाहर निकलर शोर मचाने लगी, तभी आसपास के लोग एकत्रित हो गए। उन्होंने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन पानी डालते ही घर में फैले करंट के छंटते लगने लगे तभी आनन-फानन में लोगों ने घर की विद्युत लाइन काट दी। लोगों ने आसपास लगे हैंड पंपों के मोटर चलाकर पानी की बौछार डालकर बामुश्किल आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखी 12 हजार की नगदी, इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी, टीवी, कूलर, साइकिल, दो मोबाइल, दो सिलाई मशीन, कपड़े रखें अलमारी, राशन व मंदिर जलकर राख हो गया। पीड़िता शांति मंडल ने बताया कि वह मजदूरी के साथ कपड़ों की सिलाई कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती है। जिससे तीन पुत्रियों को पढ़ा रही है। अब उसके पास आय का कोई सहारा नहीं है। नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क ने पीड़िता को शासन-प्रशासन से पूर्ण सहयोग दिलवाने का आश्वासन दिया।

मौके पर पहुंचे राजस्व उप निरीक्षक सरताज खान व नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर, पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क, सभासद नित्यानंद मंडल, समाजसेवी एलपी राय, सुब्रत कुमार तरफदार, विनोद राय, अजय राय, सागर सिंह, विजय ढाली आदि सहित कई वार्डवासी मौजूद थे।

# पिस्टल दिखा सिडकुल कर्मी को लूटा, बट मारकर किया लहूलुहान

- आवास विकास चौकी की है वारदात
- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच की शुरू

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** थाना ट्रांजिट कैंप में बदमाशों ने सिडकुल कर्मी पर पिस्टल की बट से हमला कर न केवल लहूलुहान कर दिया बल्कि लूटपाट भी की। घायल को आनन फानन में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार आवास विकास निवासी अनिल कुमार ने बताया कि वह सिडकुल की एक कंपनी में काम करता है। रोजमर्रा की भांति 7 जुलाई की रात्रि सवा 8 बजे ड्यूटी से लौटकर गायत्री पार्क स्थित अपने कमरे का ताला खोल रहा था। तभी अचानक बाइक पर आए हथियारबंद दबंगों ने उसका मोबाइल छीनकर सड़क पर फेंक दिया। फिर पिस्टल की बट से सिर पर पांच-छह घातक प्रहार किए जिससे वह लहूलुहान होकर नीचे गिर गया। इसके बाद बदमाशों ने सीने पर पिस्टल सटाकर उसका पर्स लूट लिया। जिसमें एटीएम कार्ड सहित सात हजार की नगदी रखी हुई थी। जाते-जाते बदमाश जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो जाते है। चीख पुकार की आवाज सुनकर पड़ोसियों ने सिडकुल कर्मी को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

पीड़ित का कहना था कि दुस्साहसिक वारदात के बाद वह भयभीत है। उसकी जान बाल-बाल बची। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। उधर, थाना ट्रांजिट कैंप प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और पुलिस सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

### सरकारी अस्पताल के बाहर दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट

**काशीपुर** : सरकारी अस्पताल में दो पक्ष आपस में भिड़ गये। इस दौरान अस्पताल के बाहर दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। देर शाम तक मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी थी। कुंडेश्वरी क्षेत्र के ढकिया नंबर दो निवासी एक पक्ष अपने खेत पर धान की रोपाई के लिए जमीन तैयार कर रहा था। इस दौरान पड़ोसी काश्तकार भी पहुंच गए। मेड लगाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस हो गई। बात बढ़ने पर देखते ही देखते मारपीट होने लगी। इस बीच धारदार हथियार लगने से प्रथम पक्ष का एक युवक घायल हो गया। परिजनों ने उसे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसका इलाज किया। इसी बीच उनके परिचित भी अस्पताल पहुंच गए। कुछ देर बाद दूसरे पक्ष के चार-पांच युवक अस्पताल पहुंचकर उनके साथ बहस करने लगे। यहां भी दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। लोगों के बीच-बचाव करने पर मामला शांत हो सका। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने का प्रयास कर रही है। समाचार लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।






# चेक बाउंस मामले में पुनर्विचार याचिका न्यायालय ने की खारिज

- वर्ष 2019 में हो चुका था प्रकरण का निर्णय
- दोषी काट चुका था एक वर्ष का कारावास

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** वर्ष 2019 में चेक बाउंस प्रकरण का निर्णय होने के बाद भी पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने याचिका को खारिज कर दिया और निचली अदालत के निर्णय को सही ठहराया, जबकि प्रकरण में चेक बाउंस का दोषी एक वर्ष की सजा भी काट चुका था। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुनाया।

एडीजीसी दांडिक दीपक कुमार अरोरा ने बताया कि वर्ष 2014 में अनुज कुमार पाठक निवासी गणेशपुर नारायणपुर ने चतुर्थ अपर सिविल जज सीनियर डिविजन की अदालत में याचिका दायर की थी। इसमें बताया था कि उसने विजय नगर चितरंजन नगर काली नगर दिनेशपुर निवासी रमेश कुमार बैरागी को छह लाख रुपये दिए थे और उसकी एवज में अभियुक्त ने एक चेक दिया था। जब चेक बैंक में लगाया तो चेक बाउंस हो गया और अभियुक्त द्वारा रकम वापस नहीं की। प्रकरण की सुनवाई वर्ष 2014 से वर्ष 2019 तक चली और अदालत ने दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद दोषी रमेश कुमार को एक साल का कारावास व 8.80 लाख रुपये देने का फैसला सुनाया था। प्रकरण में एक वर्ष की सजा काटने के बाद याचिकाकर्ता अनुज कुमार पाठक ने 10 जनवरी 2020 को प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशुतोष कुमार मिश्र की अदालत में याचिका दायर करते हुए 12 लाख रुपये का दावा पेश किया। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि चेक बाउंस प्रकरण में दोषी एक वर्ष का कारावास काट चुका है।

पुनर्विचार याचिका की समय अवधि निकल चुकी है और एडीजीसी दीपक कुमार अरोरा के कथन को सही मानते हुए अदालत ने याचिका को खारिज कर दिया।

# भतीजी को घुमा रहे युवक पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास

- जान से मारने की धमकी और मोबाइल तोड़ा
- स्टोन क्रशर के लेन-देन विवाद बताया जा रहा

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार** : क्षेत्र के बरुवाबाग (सिसौना) निवासी लवलेश कुमार चौहान ने पुलिस को सौंपी तहरीर में उस पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास कर जानलेवा हमले की कोशिश का आरोप लगाया है।

पीड़ित के अनुसार 8 जुलाई की शाम करीब 5:30 बजे वह शालक स्टोन क्रेशर के सामने अपनी दो वर्षीय भतीजी को टहलाने निकले था। इसी दौरान इश्तियाक उर्फ गुड्डू का ड्राइवर ट्रैक्टर लेकर वहां पहुंचा। लवलेश ने उसे रोककर इश्तियाक से फोन पर बात कराने को कहा, क्योंकि उसका स्टोन क्रशर जय श्रीराम इंफ्राटेक एलएलपी में बतौर मैनेजर रहते हुए इश्तियाक से पैसों का लेन-देन बाकी था। ड्राइवर के बुलाने पर इश्तियाक मौके पर आया और आते ही लवलेश से गाली-गलौच करने लगा। इसके बाद उसने ड्राइवर को ट्रैक्टर से उतार दिया और खुद ट्रैक्टर पर चढ़ाते हुए कहा कि मैं आज तुझे जान से मार दूंगा। उसने लवलेश पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की, जिससे उसे चोटें आईं और उसका मोबाइल भी टूट गया। घटना के बाद आरोपी मौके से ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**आक्रोश** ऑनलाइन साइट बंद होने से हैं परेशान, वन नेशन-वन कार्डधारकों ने सस्ता गल्ला दुकान पर फिर काटा हंगामा

# राशन नहीं मिलने से नाराज उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, रुद्रपुर



सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकान के सामने हंगामा काटते कार्डधारक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भारत सरकार की राशन वितरण योजना वन नेशन वन कार्ड के धारक पिछले कुछ दिनों से सस्ता गल्ला दुकानों के चक्कर काटने को विवश हैं। घंटों लाइन में खड़े होने के बाद भी बैरंग लौट रहे हैं। कई दिनों से चक्कर काटने के बाद आखिरकार कार्डधारक का आक्रोश भड़क गया। जिसके बाद कार्ड धारकों ने आदर्श कॉलोनी स्थित सस्ता गल्ला दुकान पर हंगामा काटा। बताया कि यूपी ऑनलाइन साइड नहीं चलने से कार्ड धारक बेहद ही परेशान हैं।

गुरुवार को बड़ी संख्या में वन नेशन वन कार्ड योजना के यूपी कार्ड धारक सस्ता गल्ला की दुकान पहुंचे और हंगामा काटना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि 28 जून को भी कार्डधारक ने हंगामा काटा था। उन्होंने बताया कि पिछले कई दिनों से कार्डधारक गल्ला विक्रेता की दुकान पर खड़े हो रहे हैं और बिना राशन के ही वापस लौटना पड़ा है। दिहाड़ी मजदूरी छोड़कर लाइन में लगने के कारण सैकड़ों लोगों की आर्थिक स्थिति भी बिगड़ती जा रही है। उन्होंने बताया कि यूपी कार्डधारकों की ही ऑनलाइन शुरू नहीं होती है। गुरुवार को भी घंटों लाइन में लगने के बाद भी राशन नहीं मिल पाया। बार-बार साइड नहीं चलने के कारण गरीबों की भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं होता है तो कार्डधारक विक्रेता की दुकान के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे।



काशीपुर में सूर्या फैक्ट्री के अंदर इसी जगह फटा था हाइड्रोजन गैस सिलेंडर। ● अमृत विचार



घायलों का हाल जानते कुमाऊं मंडल आयुक्त दीपक रावत व जिलाधिकारी नितिन भदौरिया व एसएसपी मणिकांत मिश्रा।

# विस्फोट की आवाज सुन कर्मचारियों में मची अफरातफरी

## घटना के वक्त कई कर्मचारियों को नहीं थी विस्फोट के कारणों की जानकारी, धमाका सुनकर कई कर्मचारियों ने लगाई बाहर दौड़

संवाददाता, काशीपुर



श्यामू। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार:** सूर्या फैक्ट्री में कर्मचारी रोजाना की तरह ही गुरुवार को भी काम पर आए। सब कुछ सामान्य था लेकिन अचानक हाइड्रोजन गैस सिलेंडर फटा तो फैक्ट्री में चारों और धुआं-धुआं हो गया। जिससे वहां अफरा तफरी मच गई। हर कोई बाहर को दौड़ पड़ा। अधिकतर कर्मचारियों को पता ही नहीं चला कि फैक्ट्री में आखिर हुआ क्या है। लेकिन कर्मचारियों ने एक तेज धमाके की आवाज जरूर सुनी।

गुरुवार को रोजाना की तरह सूर्या फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों ने शिफ्ट के तहत फैक्ट्री में एंट्री ली। इसके बाद सभी कर्मचारी अपने-अपने प्लांट के लिये रवाना हुए।

काम शुरू करने के बाद प्लांट के फिलामेंट प्लांट, स्टोर रूम और डाउन लाइटर प्लांट के बीच में बनी एक गैलरी में हाइड्रोजन गैस सिलेंडर से भरे एक सिलेंडर में अचानक विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना तेज था कि फिलामेंट प्लांट, स्टोर रूम और डाउन लाइटर प्लांट की खिड़कियां आदि के शीशे टूटकर हवा में तेजी से उछले और वहां काम करने वाले कर्मचारियों को जा लगे। अचानक हुए विस्फोट को कर्मचारी भी समझ नहीं पाये। कई कर्मचारी लहूलुहान होकर नीचे गिर गये। जबकि कइयों को घटना होने के घंटों बाद होश आया।



घायल आलोक।



सजनी।



ज्योति।



पूनम।



मनीषा।



रीता।



रोहिताश।



अंकित।



गौरव।



आलोक।




काशीपुर में सूर्या फैक्ट्री के बाहर खड़ा अग्निशमन का वाहन। ● अमृत विचार

### सायरन बजा, कर्मियों ने लगाई असेंबली प्वाइंट की ओर दौड़

**काशीपुर :** सूर्या फैक्ट्री में जैसे ही हाइड्रोजन गैस सिलेंडर फटा तो फैक्ट्री में सायरन बजने शुरू हो गये। जब तक काम कर रहे कर्मचारी कुछ समझ पाते तब तक सभी को असेंबली प्वाइंट पर आने की चेतावनी दी जाने लगी। कर्मचारी काम बीच में छोड़ तेजी से असेंबली प्वाइंट की ओर दौड़ पड़े।

### घटना के बाद कर्मचारियों को भेजा घर

**काशीपुर :** सूर्या फैक्ट्री में हाइड्रोजन गैस सिलेंडर फटने के बाद मची अफरा तफरी को देखते हुए फैक्ट्री प्रबंधन तत्काल सक्रिय हो गया और उन्होंने बसों के जरिये कर्मचारियों को घर भेजना शुरू कर दिया। इस दौरान अपने वाहनों से आए कर्मचारियों से भी फैक्ट्री गेट के बाहर अन्य लोगों से बात करने से मना कर दिया। घटना के बाद फैक्ट्री कर्मियों के चेहरों पर खौफ नजर आया।

### मीडिया कर्मियों के प्रवेश पर लगाई रोक

**काशीपुर :** सूर्या फैक्ट्री में घटना के बाद किसी भी व्यक्ति को फैक्ट्री के अंदर नहीं जाने दिया गया। मीडिया कर्मियों के प्रवेश पर भी पूरी तरह से रोक लगा दी गई। इस दौरान फैक्ट्री से बाहर आने वाले लोगों से भी मीडिया कर्मियों से बातचीत नहीं करने दी गई।

### एंबुलेंस और प्राइवेट वाहनों से घायलों को पहुंचाया निजी अस्पताल

**काशीपुर :** सूर्या फैक्ट्री में घटना के बाद घायलों को फैक्ट्री में ही बनी डिस्पेंसरी में प्राथमिक इलाज दिया गया। जिन घायलों की ज्यादा स्थिति खराब हुई उन्हें एंबुलेंस और प्राइवेट वाहनों के जरिये निजी अस्पताल पहुंचाया गया।

### किसी के कान हुए सुन्न तो किसी का बीपी हुआ डाउन

**काशीपुर :** सूर्या फैक्ट्री में हाइड्रोजन गैस सिलेंडर में हुए भयानक विस्फोट के बाद वहां काम कर रहे कई लोगों के कान सुन्न हो गये। जबकि घटना के बाद कई लोगों को सांस लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बताया जाता है कि सह कर्मियों ने ऐसे लोगों को बड़ी मुश्किल से प्लांट से निकालकर असेंबली प्वाइंट तक पहुंचाया। अस्पताल में भी कई महिलाओं का बीपी काफी समय तक डाउन रहा। हालांकि इलाज के बाद स्थिति में सुधार आया।

### धमाका सुन कई महिलाएं हुईं बेहोश

**काशीपुर :** फैक्ट्री में हाइड्रोजन गैस सिलेंडर के फटने से धमाका इतना तेज हुआ कि बताया जाता है कि वहां काम करने वाले कई युवतियां और महिलाएं मौके पर ही बेहोश हो गई। अस्पताल में भर्ती करने के कई घंटों बाद उन्हें होश आया।

### स्कूल की बस को भी नहीं जाने दिया गया अंदर

**काशीपुर :** सूर्या फैक्ट्री के अंदर आवासीय कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों के अधिकतर बच्चे शहर के कई स्कूलों में पढ़ते हैं। घटना के समय बच्चे स्कूल गये हुए थे। लेकिन जब छुट्टी के बाद कर्मचारियों के बच्चों को लेकर स्कूल की बस फैक्ट्री पहुंची तो बच्चों को फैक्ट्री के गेट के बाहर ही उतार लिया गया। इसके बाद बच्चों को अंदर ले जाया गया।

### कुमाऊं आयुक्त और जिलाधिकारी ने जाना घायलों का हाल

**काशीपुर :** गुरुवार को सूर्या फैक्ट्री में हाइड्रोजन गैस सिलेंडर फटने से एक श्रमिक की मौत और दर्जनों के घायल होने के सूचना मिलने पर मंडलायुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल आयुष्मान चिकित्सालय पहुंचे। उन्होंने घायलों हाल जाना व उनके परिजनों से वार्ता की। मंडलायुक्त रावत ने चिकित्सा अधिकारियों से वार्ता कर कहा कि घायलों का हर संभव उपचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से भी वार्ता हो गई है। मुख्यमंत्री ने भी घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा यदि किसी घायल के लिये उच्च चिकित्सालय भेजना पड़े तो भेजा जाएगा। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि घायलों का हर संभव इलाज किया जाएगा। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को चिकित्सालय में बने रहने के निर्देश दिए तथा घायलों के स्वास्थ्य पर नजर रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सूर्या फैक्ट्री में घटना को देखते हुए राहत बचाव के लिये एनडीआरएफ को भी भेजा।

# दूसरे सिलेंडर फटते तो स्थिति हो सकती थी और भयावह

कुंदन बिष्ट, काशीपुर

- घटना स्थल पर मौजूद थे कई और सिलेंडर
- एक ही सिलेंडर फटने से बनी यह स्थिति

**अमृत विचार:** सूर्या फैक्ट्री में महज एक हाइड्रोजन सिलेंडर फटने में एक व्यक्ति की की जान चले जाने और एक दर्जन के घायल होने से स्टाफ के लोग स्तब्ध हैं। लेकिन जहां यह सिलेंडर फटा, बताया जाता है कि वहां करीब दो दर्जन से अधिक सिलेंडर रखे हुए थे। ऐसे में यदि दूसरे सिलेंडर भी फटते तो बहुत बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

गुरुवार को फैक्ट्री में हाइड्रोजन सिलेंडर के फटने की घटना बहुत बड़ी तबाही लेकर नहीं आई। लेकिन बताया जाता है कि जहां यह एक सिलेंडर फटा वहां पर दर्जनों की संख्या में सिलेंडर रखे हुए थे। अन्य सिलेंडरों के फटने की स्थिति में हादसा बड़ा हो सकता था। एक निजी अस्पताल में भर्ती फैक्ट्री के कर्मी अंकित कुमार ने बताया कि फिलामेंट प्लांट और स्टोर रूम के पास ही एक गैलरी में हाइड्रोजन गैस के सिलेंडर रखे रहते हैं। कहा कि वह क्वालिटी डिपार्टमेंट में कार्यरत हैं। जब वह स्टोर में सामान लेने जा रहे थे। तभी अचानक एक विस्फोट हुआ और चारों और धुआं-धुआं हो गया। जब तक वह कुछ समझ पाते तब तक फैक्ट्री का सायरन बजने लगा। जिसके बाद वह असेंबली प्वाइंट की ओर भागे।

उन्होंने बताया कि घायलों का फैक्ट्री में स्थिति डिस्पेंसरी में इलाज किया गया। जो ज्यादा घायल थे उन्हें एंबुलेंस की मदद से निजी अस्पताल में भेजा गया। एक कर्मचारी रोहतास ने बताया कि धमाका इतना तेज था कि फिलामेंट प्लांट के शीशें चकनाचूर हो गये और कांच के टुकड़े वहां काम करने वाले कर्मचारियों को लगे। जिससे वह घायल हो गये। बताया कि उस समय प्लांट में अधिक कर्मचारी नहीं थे। जिससे घटना ने विकराल रूप नहीं लिया।

### हादसे के घायल

1- पूनम पुत्री जगन्नाथ निवासी वैशाली कॉलोनी काशीपुर
2-रीता पुत्री मलखान सिंह निवासी धर्मपुर जसपुर, डिलारी, मुरादाबाद
3-गौरव पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी गुहारी गोटिया, बहेड़ी जिला बरेली
4- संजनी पुत्री सियाराम निवासी सहजपुर थाना नवाबगंज बरेली हाल निवासी वैशाली कॉलोनी, काशीपुर
5- आलोक कुमार पुत्र सुशील कुमार निवासी जसपुर खुर्द, काशीपुर
6-गिरिजा देवी पत्नी मनोज पाल निवासी हरिया वाला
7-मनीषा पुत्री चंद्रपाल निवासी बसई,इस्लामनगर काशीपुर
8-ज्योति पुत्री मदन कुमार निवासी टांडा उज्जैन काशीपुर
9- रोहितास सिंह पुत्र राजपाल निवासी सुआवाला,अफजलगढ़ बिजनौर
10- अंकित कुमार शर्मा पुत्र सीताराम शर्मा निवासी फरीदपुर कासम
11-रोहित पुत्र कलुआ निवासी चकठीरीया डान थाना भगतपुर मानपुर जिला मुरादाबाद
12- शुभम।



काशीपुर में एक निजी अस्पताल में घायलों का हाल जानते मेयर दीपक बाली।



काशीपुर में निजी अस्पताल संचालक से घायलों की स्थिति को लेकर वार्ता करते सीएमओ।

# कंपनी कर्मियों के प्रति संवेदनशील

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** सूर्या फैक्ट्री में हाइड्रोजन गैस सिलेंडर फटने के मामले में प्रबंधन ने अपना पक्ष रखा है। फैक्ट्री के मुख्य महाप्रबंधक संजीव कुमार ने बताया कि लगभग 11 बजे हाइड्रोजन सिलेंडर फटने से दुर्घटनावश एक कर्मचारी की मृत्यु हो गई और एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बताया कि हाइड्रोजन सिलेंडर फटने के कारण खिड़कियों के शीशे टूटने से कुछ 6 कर्मचारियों को थोड़ी बहुत चोटें आई, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिये काशीपुर आयुष्मान अस्पताल भेजा गया, जो अब सामान्य हैं। एक व्यक्ति रोहित गंभीर रूप से घायल है। लेकिन वह खतरे से बाहर है। घटना की सूचना तत्काल प्रशासन को दी गई, प्रशासन ने भी त्वरित कार्यवाही करते हुए सहयोग किया। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम ने मौके वारदात पर पहुंचकर जायजा लिया और फॉरेंसिक की टीम ने भी जांच की। कहा कि कंपनी सदैव से अपने कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील रहती है, आवश्यकता पड़ने पर यदि डाक्टर का परामर्श होता है तो गंभीर रूप से घायल कर्मचारी के इलाज को हायर सेंटर में भेजने का निर्णय लिया जाएगा, अभी घायल व्यक्ति खतरे से बाहर है।

### टाइम लाइन

- 11 बजे हाइड्रोजन गैस का सिलेंडर फटा
- 11.05 बजे फैक्ट्री में बजा सायरन
- 11.30 बजे पुलिस को मिली सूचना
- 11.35 बजे एंबुलेंस से घायलों का रवाना करना किया शुरू
- 12.00 बजे कर्मियों को बसों से भेजना शुरू किया
- 1.20 बजे कमिश्नर, डीएम, एसएसपी पहुंचे आयुष्मान अस्पताल।

## कार में जानबूझकर टक्कर मारने का आरोप

**बाजपुर :** कार में टक्कर मारने को लेकर दो पक्षों में गाली-गलौज हो गई। एक पक्ष ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मुड़िया पिस्तौर निवासी ईशान पुत्र इरफान ने पुलिस को बताया कि 9 जुलाई की सायं करीब 5 बजे वह अपने मित्र शिवपुरी निवासी सौरभ पुत्र श्री नेकराम के साथ कार से भौना रोड पर गया था और भैंसिया फार्म के आगे स्थित एक परचून की दुकान पर सामान लेने के लिए कार रोकी। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद ग्राम गुमसानी निवासी एक युवक व उसके दो साथियों ने कार के शीशे में जोर से हाथ मार दिया और गाली-गलौज करने लगा। वह बिना कुछ कहे कार लेकर जाने लगा, तो आरोपितों ने भी उसका पीछा शुरू कर दिया। इतना ही नहीं जानबूझकर कार में बार-बार पीछे से जोरदार टक्कर मारते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा।

# चोरी के जेवरात सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

- ढाई साल पहले पकड़िया में हुई थी चोरी
- पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त बाइक भी कब्जे में ली

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** ढाई साल पहले पकड़िया में हुई चोरी के मामले में पुलिस को भारी सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी के जेवरात के साथ तीन आरोपियों को धर दबोचा है। वहीं चोरी में प्रयुक्त बाइक को कब्जे में ले ली है।

2 दिसंबर को पकड़िया निवासी जगदीश गुप्ता पुत्र रघुवीर गुप्ता ने घर से जेवरात चोरी होने की रिपोर्ट दर कराई थी। जिसमें आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने काफी प्रयास किया लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। बीते दिवस बुधवार को मुखबिर ने सूचना दी कि कुछ संदिग्ध लोग पूरनपुर रोड से जाने वाले हैं। झनकईया थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चूकापुल पर चेकिंग अभियान चलाया। जहां मुखबिर द्वारा बताए लोग पहुंचे तो पुलिस ने रोक लिया और उनकी तलाशी ली। जिनके पास सोने चांदी के जेवरात बरामद हुए। पूछताछ में उन्होंने स्वयं को पकड़िया निवासी शोएब, जाहिद हुसैन और इकरार बताया। सख्ती से पूछताछ करने पर पता चला कि तीनों ने 26 नवंबर 2022 की रात को चोरी की घटना को अंजाम दिया था। और अब उन गहनों को बेचने के लिए पूरनपुर जिला पीलीभीत ले जा रहे थे। पुलिस ने उनके कब्जे से सोने की चेन, एक जोड़ी झुमकी, एक जोड़ी टॉप्स, दो अंगूठी, चार लौंग और चार चांदी के सिक्के सहित बाइक बरामद की। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद धारा 411/457/34 आईपीसी की बढ़ोत्तरी कर उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया। पुलिस टीम में थाना झनकईया प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र गौरव, उपनिरीक्षक मनोज सिंह देव, लक्ष्मण दत्त जोशी, गोविंद वर्मा, रमेश सिंह जीना, शाकिर अली आदि थे।



चोरी के जेवरात के साथ पकड़े गए आरोपियों के साथ पुलिस टीम।

तैयारी | काशीपुर-रुद्रपुर यातायात किया डायवर्ट, भारी वाहनों का रहेगा प्रवेश वर्जित

# कांवड़ यात्रा को लेकर जारी हुआ यातायात चार्ट

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** श्रावण मास में कांवड़ मेले को लेकर जनपद यातायात पुलिस ने मार्ग डायवर्जन चार्ट जारी कर दिया है। ताकि कांवड़ियों की पैदल यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाया जा सके।

गुरुवार को यातायात डायवर्जन में काशीपुर में डाक कांवड़ यात्रियों के सभी वाहन मानपुर रोड से होते हुए स्टेडियम तिराहा, चीमा चौराहा, जसपुर खुर्द रोड होते हुए चैती तिराहा निर्धारित हुई है। सामान्य यातायात बैलजुड़ी मोड़ होते हुए मंडी चौक टांडा तिराहा से गंतव्य तक रहेगा। कांवड़ यात्रा के दौरान निर्धारित मार्ग पर किसी भी वाहन का प्रवेश वर्जित रहेगा। निर्धारित मार्ग केवल कांवड़ियों के प्रयोग के लिए होगा। ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद से आने वाले कांवड़ यात्रा मंडी तिराहे से बैलजुड़ी मोड़ से होते हुए जसपुर मोड़, अलीगंज से आने वाले कांवड़ यात्री बांस खेड़ा खुर्द होते हुए दडियाल रोड खोखरा देवी मंदिर रोड खड़कपुर देवीपुरा गांव से चैती चौराहा से होकर जाएंगे।

रुद्रपुर के लिए काशीपुर रोड से आने वाले सभी प्रकार के भारी वाहन दिनेशपुर मोड़ गदरपुर व जाफरपुर मोड़ से दिनेशपुर मोड़, पंतनगर टांडा, रामपुर रोड़ से आने वाले सभी प्रकार के वाहन इंद्रा चौक, जाफरपुर मोड़, दिनेशपुर, पंतनगर नगला तिराहा, बरेली सितारगंज से आने वाले भारी वाहन आदित्य चौक किच्छा से नगला, दिनेशपुर से होते हुए जाएंगे। इसके अलावा हल्द्वानी, पंतनगर, सिडकुल जाने वाले भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### अनियंत्रित भीड़ होने पर भी प्लान जारी

**रुद्रपुर :** श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दौरान जहां यातायात डायवर्जन चार्ट जारी होने के बाद यदि हाईवों पर कांवड़ियों की भारी भीड़ या फिर अनियंत्रित होने की स्थिति में एसएच हॉस्पिटल सितारगंज, थाना पुलभट्टा, दरऊ चौक किच्छा, लालपुर किच्छा, तुलसी द्वार, बगवाड़ा मंडी, करतारपुर मोड़, डिबडिबा मोड़, कीरतपुर मोड़ कोतवाली रुद्रपुर, रामपुर बॉर्डर, छतरपुर मोड़ पंतनगर, जाफरपुर मोड़ दिनेशपुर, महतोष व मोतियापुर मोड गदरपुर, स्वार बॉर्डर दोराहा, बरहैनी बाजपुर, लोहियापुर, पैगा आईटीआई, प्रतापपुर चौकी काशीपुर, सूर्या बॉर्डर थाना कुंडा, धर्मपुर बॉर्डर व नादेही बॉर्डर कोतवाली जसपुर तक भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया जाएगा।

### आवश्यक सेवाएं रहेंगी प्रारंभ

**रुद्रपुर :** श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दौरान जहां भारी वाहनों के अलावा कांवड़ यात्रियों के वाहन को निर्धारित मार्ग दे दिया गया है, लेकिन यातायात पुलिस ने दूध, गैस, फल, सब्जी एवं पेट्रोलियम पदार्थ आदि की आवाजाही सामान्य रहेगी और प्रवेश वर्जित रहेगा।

# कांवड़ यात्रा में हुड़दंगियों पर रखें पैनी नजर : रावत

- यूपी और उत्तराखंड के अधिकारियों की समन्वय बैठक

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** कुमाऊं आयुक्त की अध्यक्षता में हुई यूपी और उत्तराखंड के अधिकारियों की समन्वय बैठक में कांवड़ यात्रा को सुगम एवं सुरक्षित सफल बनाने पर चर्चा हुई। कांवड़ यात्रा के दौरान हुड़दंगियों, उपद्रवियों, आपराधिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाये। दोनों प्रदेशों के अधिकारी फोन नंबर व ट्रैफिक डायवर्जन प्लान आपस में साझा कर लें। संवेदनशील व संयमित होकर कार्य करें।

गुरुवार को आईजीएल सभागार में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत की अध्यक्षता में यूपी व उत्तराखंड के अधिकारियों की अंतराज्यीय समन्वय बैठक हुई। कुमाऊं आयुक्त ने कहा कि समन्वय बैठक का उद्देश्य कांवड़ियों के लिए सुव्यवस्थित, सुगम, शांतिपूर्ण माहौल प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से 9 अगस्त तक प्रस्तावित है। कहा जहां पर कांवड़िये विश्राम करते हैं व लंगर लगते हैं, वहां पर भी सुरक्षा बल तैनात रहें। कहा कांवड़ यात्रा के दौरान दोनों प्रदेशों के क्यूआरटी टीमें भी तैनात रहें। कांवड़ यात्रा में जो अधिकारी, कर्मचारी तैनात रहेगें व संयमित व्यवहार रखें। उन्होने अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर संवेदनशील व भड़काऊ पोस्ट न करें ताकि धार्मिक सौहार्द बना रहें। उप महानिरीक्षक मुरादाबाद मंडल मुनिराज ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी रियल टाइम सूचनाएं साझा करें व यात्रा डायवर्जन प्लान आपस में साझा करते हुए ट्रैफिक सुव्यवस्थित संचालित करें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की पांच जिलों की सीमाएं ऊधम सिंह नगर जिले से मिलती हैं। इसलिए दोनों राज्यों के पुलिस बॉर्डर पर एक साथ ड्यूटी करें ताकि आपस में संवाद बना रहें। एसपी यातायात मुरादाबाद, रामपुर, अपर पुलिस अधीक्षक काशीपुर ने गत वर्षों की कांवड़ यात्रा की घटनाओं को साझा करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा को सुचारू एवं सुरक्षित संचालन के लिए सभी जनपदों के बीच प्रभावी समन्वय अति महत्वपूर्ण है। सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान व ट्रैफिक डायवर्जन प्लान साझा होना भी अति आवश्यक है। डीएम नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रामपुर विद्या सागर, बरेली नॉर्थ मुकेश चंद्र, एसपी क्राइम निहारिका तोमर, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसडीएम काशीपुर अभय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।




काशीपुर में आयोजित बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते मंडल आयुक्त रावत।

सुव्याहृतानि सुक्तानि सुकृतानि ततस्ततः।
सञ्चिन्वन् धीर आसीत् शिलाहरी शिलं यथा ॥

जैसे साधु –संन्यासी एक –एक दाना जोड़कर जीवन निर्वाह करते हैं ,वैसे ही सज्जन पुरुष को चाहिए कि महापुरुषों की वाणी ,सूक्तियों तथा सत्कर्मों के आलेखों का संकलन करते रहना चाहिए।

## संपादकीय

# नदियों का पुनरुद्धार

उत्तर प्रदेश की नदियां सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और कृषि परंपरा की जीवनरेखा रही हैं, लेकिन समय के साथ इनमें से कई नदियां मृतप्राय हो गईं या फिर प्रदूषण के कारण दम तोड़ने लगीं। महत्वपूर्ण है कि प्रदेश सरकार नदी संस्कृति को पुनः जीवित कर रही है। सरकार ने नदियों के पुनरुद्धार और जल संरक्षण पारितंत्र के लिए एक बड़ी पहल करते हुए समन्वित रणनीति अपनाई है जिसके तहत प्रदेश की प्रत्येक नदी को उसके स्रोत से लेकर अंतिम संगम बिंदु तक चिन्हित किया जाएगा और संबंधित सभी जिलों को संयुक्त कार्ययोजना बनाकर जरूरी कदम उठाने होंगे। यह केवल पर्यावरणीय सुधार नहीं, बल्कि विरासत को पुनर्जीवित करने का संकल्प है। जानना आवश्यक है कि नदी पुनरुद्धार का तात्पर्य विविध प्रकार के पारिस्थितिक, भौतिक, स्थानिक और प्रबंधन उपायों और प्रथाओं से है। इनका उद्देश्य जैव विविधता, मनोरंजन, बाढ़ प्रबंधन और भूदृश्य विकास के लिए नदी प्रणाली की प्राकृतिक स्थिति और कार्यप्रणाली को पुनर्स्थापित करना है। नदी पुनरुद्धार सतत जल प्रबंधन का एक अभिन्न अंग है और यह जल रूपरेखा निर्देश और राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय जल प्रबंधन नीतियों के उद्देश्यों का प्रत्यक्ष समर्थन करता है। प्राकृतिक परिस्थितियों को बहाल करके, नदी पुनरुद्धार नदी प्रणालियों की लचीलापन क्षमता में सुधार करता है। यह नीति न केवल जल जीवन मिशन और नमामि गंगे जैसे अभियानों को मजबूती देगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि, पशुपालन जैसे क्षेत्रों में भी सकारात्मक प्रभाव डालेगी।

नदियों में सालभर जल प्रवाह बना रहेगा, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि होगी और पर्यावरणीय संतुलन कायम होगा। सरकार की यह पहल केवल जल प्रवाह बहाल करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य जल गुणवत्ता सुधार, जल उपलब्धता बढ़ाना, जैव विविधता का संरक्षण और पर्यावरणीय पुनर्संतुलन सुनिश्चित करना है। इस पहल का उद्देश्य नदी संरक्षण के लिए विज्ञान और नवाचार के नए आयाम खोलना है। उत्तर प्रदेश में नदियों का यह पुनरुद्धार अभियान आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध जल, हरित परिवेश और समृद्ध परंपरा का उपहार देगा। वास्तव में उत्तर प्रदेश सरकार ने नदियों को जीवनदायिनी धरोहर के रूप में पुनर्जीवित करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। योगी सरकार का यह प्रयास दिखाता है कि इच्छाशक्ति हो तो सूखी हुई नदियां भी दोबारा बह सकती हैं और एक बार फिर जीवन और संस्कृति को पोषण दे सकती हैं। राज्य सरकार की यह पहल उत्तर प्रदेश की नदियों को जीवित धरोहर के रूप में संरक्षित करने की दिशा में अहम कदम है, जो अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा बन सकता है।

# जनसंख्या की राजनीति और मनुष्य की अस्मिता


जय प्रकाश पांडेय 'पहाड़ी'
मैनेजर ओएनजीसी,देहरादून

वस्तुत: जनसंख्या का प्रश्न मात्र संख्या का नहीं, आत्मा के क्षरण का संकेत है। जब देश में प्रतिदिन 63,000 से अधिक बच्चे जन्म लेते हैं और उनमें से अनेक को जन्म हेतु मूलभूत सुविधाएं नहीं ,शिशु आहार तक सुलभ नहीं है, तो यह कोई जन्मोत्सव नहीं, एक सामाजिक त्रासदी है।और जब उसी समाज में स्वास्थ्य पर व्यय प्रति व्यक्ति केवल 215 डॉलर है, जो वैश्विक औसत का आधा भी नहीं, तो फिर यह आंकड़ा आत्ममुग्धता नहीं, आत्मग्लानि का विषय होना चाहिए।



शहर की कॉन्फ़्रेंस में वे अपनी वातानुकूलित बैठक में गर्भनिरोधक पर नैतिकता का भाषण देते हैं,नीति समीक्षा करते हैं जहां चाय पर चर्चा की जाती है, लेकिन उसको भरता सरकारी नौकर है।वो नौकर, जिसके पांच बच्चों के नाम उन्हें याद नहीं, लेकिन जिसकी पत्नी को अधिकारी महोदय हर साल "परिवार नियोजन शिविर" में भेजने की सलाह देते हैं। यह विडंबना है की जहां बच्चे सबसेज्यादा पैदा होते हैं, वहां गर्भनिरोधक उपलब्ध नहीं होते।जहां भूख सबसे ज्यादा है, वहां 'जनसंख्या नियंत्रण' पर सेमिनार होते हैं।और जहां कुपोषण से बच्चे मरते हैं, वहीं "जनसंख्या विस्फोट" की चेतावनी दी जाती है।

विश्व जनसंख्या दिवस पर जब सारी दुनिया जनगणना के आंकड़ों को लेकर उल्लास में डूबी होती है, तब एक विवेकशील समाज के लिए यह उत्सव नहीं, आत्ममंथन का अवसर होना चाहिए। यह दिन केवल इस बात की घोषणा के लिए नहीं है कि पृथ्वी पर अब लगभग 8.2 अरब लोग विचरण कर रहे हैं, बल्कि इस प्रश्न को उठाने का समय है कि इनमें से कितने वास्तव में 'मानव' हैं, ऐसे मानव जिनमें विवेक है, संवेदना है और सत्य के साथ चलने की शक्ति है। और यह भी देखना ज़रूरी है कि ऐसे कितने लोग हैं जिनके लिए जीवन का मतलब बिना समझे जन्म लेना, बिना मक़सद जीना, और अंततः किसी सरकारी सूची में एक नाम बनकर रह जाना, बस इतना रह गया है।

बीते वर्षों में जब भारत ने चीन को पछाड़कर विश्व की सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश बनने का तमगा प्राप्त किया, तब दिल्ली से बनारस तक तालियां बजीं, जैसे किसी युद्ध में विजय हुई हो। किंतु यह नहीं देखा गया कि उस विजय का मूल्य क्या है? इसका मूल्य है लगभग 1.46 अरब शरीरों को सांस देना, रोज़गार देना, शिक्षा देना और न्याय देना। और प्रश्न यह है कि क्या किसी भी सत्ता के पास इतने हाथ, इतना विस्तारित हृदय और इतनी ईमानदारी है ?

वस्तुतः जनसंख्या का प्रश्न मात्र संख्या का नहीं, आत्मा के क्षरण का संकेत है। जब देश में प्रतिदिन 63,000 से अधिक बच्चे जन्म लेते हैं और उनमें से अनेक को जन्म हेतु मूलभूत सुविधाएं नहीं ,शिशु आहार तक सुलभ नहीं है, तो यह कोई जन्मोत्सव नहीं, एक सामाजिक त्रासदी है। और जब उसी समाज में स्वास्थ्य पर व्यय प्रति व्यक्ति केवल 215 डॉलर है, जो वैश्विक औसत का आधा भी नहीं, तो फिर यह आंकड़ा आत्ममुग्धता नहीं, आत्मग्लानि का विषय होना चाहिए।

हर वर्ष 11 जुलाई को जब 'जनसंख्या दिवस' मनाया जाता है, तो सरकारी पोस्टरों पर मुस्कराते दो बच्चे, एक संतुष्ट पिता और शालीन मां दिखाई जाती है ,मानो दो संतानें होने पर ही इस देश में जीवन सफल हो। इन पर टंगे नारे- "हम दो, हमारे दो" को देखकर लगता है कि जैसे भारतवर्ष की सारी समस्याओं का समाधान केवल एक और संतान से बच जाने में छुपा है।

लेकिन जिस गली से ये पोस्टर गुजरता है, वहां आठ बच्चों की मां सिलाई मशीन चला रही होती है, और उसके घर में सरकारी जनगणना कर्मी महीनों से नहीं आया। सरकार जागरूकता फैला रही है, लेकिन जिनके पास न नींद है, न रोटी उन्हें 'जागरूकता' शब्द में भी भूख लगती है। दरअसल, अब जनसंख्या मात्र सामाजिक समस्या नहीं, एक राजनीतिक औज़ार बन गई है। लोकतंत्र में जब जन की संख्या, जन की सत्ता पर हावी हो जाए, तब जनगणना भी सत्ता की गणना बन जाती है।

अभी पंचायत चुनावों का मौसम है। गांव के गंगाराम जोशी ने अपनी पूरी ज़िंदगी समाज सेवा में लगा दी। हर साल बच्चों की फीस भरता रहा, नाली खुद बनवाता था, हल जोतता और मुसीबत में सबसे आगे रहता था। इस बार उसने सोचा था कि ग्राम प्रधान पद पर खड़ा होगा। लेकिन जैसे ही नामांकन पत्र जमा किया, तहसील से आवाज़ आई -"आप चुनाव नहीं लड़ सकते आपके तीन बच्चे हैं।"अब लोकतंत्र की योग्यता संतान की संख्या से तय हो रही है। राजनीति अब विचार, सेवा और नेतृत्व नहीं, बल्कि प्रजनन नियंत्रण की पात्रता परीक्षा बन गई है। आप कितना पढ़े-लिखे हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आपने जीवन में क्या किया, ये भी बेमानी है। यदि आपके बच्चे दो से अधिक हैं, तो आप इस लोकतंत्र में अयोग्य हैं। गंगाराम जैसे लोगों के लिए अब चुनाव भी एक सपना है जिसे संविधान की धारा नहीं, जनसंख्या नियंत्रण नीति खारिज कर देती है। सरकारी अफसर कहते हैं -"जनसंख्या अगर यूं ही बढ़ती रही, तो देश संभालना मुश्किल हो जाएगा। यह कहकर वे फाइल बंद करते हैं और उसी काग़ज़ पर दोपहर का मीनू लिख देते हैं।जिनके बच्चे साल में चार बार विदेश घूमें और स्कूल की फ़ीस एक किसान की सालाना आय से ज़्यादा हो ,वे समझाते हैं गांव की औरत को कि दो से ज्यादा बच्चे देश के लिए ख़तरा हैं।

शहर की कॉन्फ़्रेंस में वे अपनी वातानुकूलित बैठक में गर्भनिरोधक पर नैतिकता का भाषण देते हैं,नीति समीक्षा करते हैं जहां चाय पर चर्चा की जाती है, लेकिन उसको भरता सरकारी नौकर है। वो नौकर, जिसके पांच बच्चों के नाम उन्हें याद नहीं, लेकिन जिसकी पत्नी को अधिकारी महोदय हर साल "परिवार नियोजन शिविर" में भेजने की सलाह देते हैं। यह विडंबना है की जहां बच्चे सबसे ज्यादा पैदा होते हैं, वहां गर्भनिरोधक उपलब्ध नहीं होते। जहां भूख सबसे ज्यादा है, वहां 'जनसंख्या नियंत्रण' पर सेमिनार होते हैं। और जहां कुपोषण से बच्चे मरते हैं, वहीं "जनसंख्या विस्फोट" की चेतावनी दी जाती है। सरकारें कभी 'जनधन', कभी 'जनभागीदारी', कभी 'जनसेवा' की बात करती हैं। लेकिन जब कोई चूड़ी बेचने वाला तीसरी बार पिता बनता है, तो वह संविधान का अपराधी बन जाता है। जनसंख्या अब आर्थिक दर का बोझ नहीं रही वस्तुतः वह अब राजनीतिक पात्रता की परीक्षा भी बन गई है। यहां तक कि कुछ प्रदेशों में प्रस्ताव आ चुके हैं कि सरकारी नौकरी, राशन कार्ड और बीमा योजनाओं तक का हक केवल दो बच्चों तक सीमित रखा जाए। अब रोटी और रोज़गार की पात्रता भी शिशु संख्या से तय होगी।

भारत की बड़ी आबादी 10 से 24 वर्ष के युवाओं की है। यह कोई साधारण आंकड़ा नहीं, एक ऐसे मोड़ पर खड़ी संभावना है जहां से राष्ट्र या तो निर्माण की ओर बढ़ेगा, या विस्फोट की ओर। यदि इन युवाओं को शिक्षा मिली, रोज़गार मिला, सोचने और चुनने की आज़ादी मिली, तो यही पीढ़ी भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है। लेकिन यदि उन्हें दिशा नहीं मिली, तो यही ऊर्जा सड़कों पर एक गुस्सैल, भटकी हुई भीड़ के रूप में नारे बनकर लौटेगी जिसे रोका नहीं जा सकेगा।

## प्रसंगवश

# पक्षपात पूर्ण व्यवहार छोड़ें

यह सच है कि महिलाओं की बढ़ती प्रत्याशा और आत्मविश्वास ने पुरुष समाज में एक खलबली सी मचा दी है। चंद स्त्रियों के अनपेक्षित कारनामों के बल पर पूरे स्त्री समुदाय को बदनाम करना कहां उचित है? जरूरत इस बात की है कि हम उड़ती-उड़ती बातें ना करें और तह पर जाकर देखें कि अगर किसी स्त्री ने विद्रोह किया है तो उसकी वजह क्या है? महिलाओं पर पड़ने वाला सामाजिक और पारिवारिक दबाव किसी से छुपा नहीं है। वह घंटों नौकरी करके घर आती है पर उसकी थकान से किसी को कोई मतलब नहीं। अधिकतर घरों में उसे एक कप चाय का प्याला भी तैयार नहीं मिलता। उसे खुद ही चाय बना कर पीनी होती है और दूसरों को भी पिलानी होती है। कभी किसी वजह से घर पहुंचने में देर हो जाए तो कई लाल पीली आंखें उसे घूरती हैं मानो वह कोई गुनाह करके आ रही हो। कुछ स्त्रियां इस तरह के दवाब को सह लेती हैं पर कुछ नहीं सह पातीं। जो नहीं सह पाती हैं वो या तो खुद को नुकसान पहुंचती है या फिर दूसरे को। महिला मांग में सिंदूर, बिंदी, चूड़ी, पायल में इस कदर उलझा कर रख दिया जाता है कि वह एक सीमित दायरे में कैद हो जाती है। कहीं-कहीं तो उसका बाहर जाकर नौकरी करना भी मंजूर नहीं होता लेकिन जहां पर यह मंजूर भी है वहां उम्मीद की जाती है कि घर में वह एक घरेलू स्त्री की तरह व्यवहार करे और पति को परमेश्वर माने। समाज में कुछ प्रतिशत ही ऐसे पुरुषों का होगा जो इस बात से इत्तेफाक नहीं रखते। बच्चों को सिखाना होगा कि न पति परमेश्वर है न पत्नी देवी। दोनों समान इंसान हैं।


अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

दोनों में वैचारिक सामंजस्य, एक दूसरे के लिए सम्मान और विश्वास का भाव होना जरूरी है। एक समय था जब लड़का लड़की एक दूसरे को देखे बिना विवाह के बंधन में बंध जाते थे। गृहस्थी तो तब भी चल जाती थी बल्कि आज से बढ़िया चलती थी। लड़ाई झगड़ा कम होते थे। स्त्री का प्रतिकार और अधिकार कम होता था लेकिन कुछ समझदार लोगों ने इसके दुष्परिणाम देखकर ही शादी से पहले लड़के और लड़की को मिलने और अकेले में बात करने का महत्व समझा। क्या बुरा है अगर आज लड़की शादी से पहले लड़के से उसके स्वास्थ्य, इनकम, पारिवारिक व्यवस्थाओं के बारे में सवाल करती है तो? वह अपना भविष्य सुनिश्चित करना चाहती है। परिवार में वह अपनी स्थिति यदि पत्नी या बहू की चाहती है, नौकरानी की नहीं तो इसमें भी क्या गलत है? लड़के या लड़की की कोई बीमारी, प्रेम प्रसंग या किसी भी तरह की कोई कमी छुपा कर कई बार शादी कर दी जाती है और फिर यह शादी दोनों घरों में बर्बादी लाती है। कई बार हमारे जाति, धर्म, पारिवारिक स्थिति, वित्तीय स्थिति को लेकर सारे पैमाने सही होते हैं लेकिन फिर भी शादियां नहीं टिक पाती हैं। इसकी वजह स्पष्ट है कि आज भी अधिकतर घरों में, खास कर लड़कियों से, रिश्ता तय करते वक्त उनकी पसंद नहीं पूछी जाती है। कई बार लड़की अपने प्रेम प्रसंग के बारे में परिवार वालों को बता देती है लेकिन इसे नजरअंदाज कर गुपचुप तरीके से उसकी शादी कर दी जाती है जो घातक है।

आज सामाजिक बंधनों को ढीला कर लड़कियों को आजादी देना जरूरी है, सशक्तिकरण के नाम पर उत्तरदायित्वों का झुनझुना थमाना नहीं। हमारा कानून भी इतना सशक्त हो कि लोगों में इसका भय हो। साथ ही साथ तलाक की प्रक्रिया भी आसान और जल्दी निपटने वाली हो। हमारे देश में तलाक के मामले साल दर साल अदालतों में घूमते रहते हैं। इसे फास्ट ट्रैक में लाकर जल्दी निपटने की जरूरत है। शादी किसी भी लकड़ी की जीवन की अनिवार्यता नहीं है। बेटी को पढाएं, लिखाएं और आत्मनिर्भर बनाएं। शादी का फैसला उसके ऊपर छोड़ दें। इस निर्णय में अगर वह आपकी सहायता मांगे तो मदद जरूर करें।

माता-पिता का भी यह फर्ज होता है कि बेटी व बेटे दोनों को बचपन से ही समान रूप से जिम्मेदारी बांटे। बेटी को संस्कारों की घुट्टी पिलाने से पहले बेटों को भी दूसरी महिलाओं से व्यवहार करना सिखाएं। बेटियों को आत्मरक्षा के गुण सीखने के साथ-साथ मानसिक द्वंद्व से बचना भी हमें सिखाना होगा।

# बिहार चुनाव से पहले घोषणाओं का लगा अंबार


सुनील कुमार महला
स्तंभकार

आंकड़े बताते हैं कि बिहार में साल 2020 के विधानसभा चुनाव में तो पुरुषों के मुकाबले 5 .24 फीसदी अधिक महिलाओं ने वोट डाले थे।

हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिला आरक्षण को लेकर एक बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने यह घोषणा की है कि बिहार राज्य की मूल निवासी महिलाओं को अब राज्य की सभी सरकारी सेवाओं, संवर्गों और सभी स्तरों के पदों पर सीधी नियुक्ति में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा तथा यह आरक्षण सभी प्रकार की सरकारी नौकरियों पर लागू होगा।

बिहार में 60 प्रतिशत जातीय-आर्थिक आरक्षण पहले से ही लागू है। 35 प्रतिशत मूल बिहारी महिलाओं के इस आरक्षण के बाद यह बढ़ कर 74 प्रतिशत पर पहुंच जाएगा, जिसका सीधा असर अनारक्षित वर्ग पर पड़ेगा जिसके लिए बस 14 प्रतिशत सीटें ही बचेंगी। वर्तमान में राज्य में 18 प्रतिशत अतिपिछड़ा, 12 प्रतिशत अन्य पिछड़ा, 16 प्रतिशत एससी, एक प्रतिशत एसटी और ओबीसी महिलाओं का 3 प्रतिशत आरक्षण लागू है। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का 10 प्रतिशत भी है।

बहरहाल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इसका फैसला (आरक्षण देने का) लिया गया है। यहां यह उल्लेखनीय है कि देश में सभी राज्य सरकारें महिलाओं को कुल पदों में अपने-अपने हिसाब से आरक्षण देती रहीं हैं। जैसे कि उत्तराखंड में सरकारी भर्तियों में महिलाओं के लिए 30 फीसदी आरक्षण, मध्य प्रदेश सरकार ने हाल ही में महिलाओं के लिए सरकारी नौकरियों में 35 फीसदी आरक्षण, यूपी में राज्य सरकार की ओर से 20 फीसदी आरक्षण, केरल-कर्नाटक, तेलंगाना-पंजाब में 33 फीसदी, और त्रिपुरा में 33 फीसदी पद नौकरियों में आरक्षित किए गए हैं। संशोधन संविधान के अनुच्छेद 309 के तहत राजस्थान की भजनलाल सरकार ने कुछ समय पहले राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम-1989 में संशोधन करते हुए सीधी भर्ती में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया था।

बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, ऐसे में यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एक प्रकार से महिलाओं पर लगाया गया बड़ा दांव ही कहा जा सकता है, ताकि आने वाले विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी जीत हासिल कर सके। गौरतलब है कि साल 2005 में महिला सशक्तिकरण की बात करके ही नीतीश कुमार सत्ता में आए थे। बहरहाल, राजनीतिक दल और उनके नेता यह बात अच्छी तरह से जानते हैं कि आज के समय में महिला वोटरों की चुनावों में बहुत बड़ी भूमिका होती है। नीतीश कुमार भी अच्छी तरह से वाकिफ हैं कि आज के समय में बड़ी संख्या में महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने लगी हैं। आंकड़े बताते हैं कि बिहार में साल 2020 के विधानसभा चुनाव में तो पुरुषों के मुकाबले 5.24 फीसदी अधिक महिलाओं ने वोट डाले थे। जानकारी के अनुसार वर्ष 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों में 59.69 फीसदी महिलाओं ने वोट दिए थे और 26 महिलाएं जीतकर आगे आईं थीं। हालांकि, वर्ष 2015 में 28 महिलाएं जीतकर विधानसभा पहुंचीं थीं। नीतीश कुमार जानते हैं कि महिलाओं के वोट हासिल कर वे सत्ता की चाबी तक आसानी से पहुंच सकते हैं।

चुनाव से पहले नीतीश कुमार, ने मतदाताओं को लुभाने के लिए लाभकारी योजनाओं की राशि भी बढ़ाई। उपलब्ध जानकारी के अनुसार सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि बढ़ाकर 60 लाख परिवारों को फायदा पहुंचाया है। इतना ही नहीं, नीतीश कैबिनेट ने सीता मंदिर के लिए 883 करोड़ रुपये की बड़ी राशि देने का ऐलान किया। इसी प्रकार से बिहार में बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को मिलने वाली पेंशन राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये प्रतिमाह कर दी गई, जिसे जुलाई से मिलने की बात कही गई है। और तो और नीतीश ने राज्य की युवा आबादी को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बिहार युवा आयोग की भी घोषणा की है।

नीतीश कुमार इस प्रकार की घोषणाओं से सामाजिक संतुलन और सियासी समीकरणों को साध रहे हैं। कुल मिलाकर, सच तो यह है कि बिहार चुनाव से पहले जनता दल (यूनाइटेड) ने 'पच्चीस से तीस, फिर से नीतीश' का नारा दे दिया है। इधर, राजद नेता तेजस्वी यादव बेरोजगारी और डोमिसाइल के मुद्दे को जोर-शोर से उठा रहे हैं। ऐसे में, नीतीश सरकार के महिला आरक्षण के इस नीतिगत दांव व अन्य दावों को अच्छी तरह से समझा जा सकता है। वैसे भी महिला आरक्षण बिहार जैसे राज्य में एक बड़े सामाजिक बदलाव का वाहक बन सकता है।

## सोशल फोरम

# दिक्कत दूसरी है

जब राजनीति विचारधारा से विमुख होकर धर्म आधारित हो जाएगी तो धार्मिक उन्माद, वैमनस्य, विवाद और नफ़रत को बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। उसी तरह धार्मिक राजनीति को जातिगत राजनीति से रोकने की कोशिश कीचड़ को कीचड़ से धोने जैसा होगा। इसलिए कि यह अस्वाभाविक है। जिन लोगों ने लोहिया जी को ठीक से पढ़ा-समझा है वे जानते हैं कि वे सामाजिक न्याय स्थापित करने के लिए जातिवाद के घनघोर विरोधी थे। मुस्लिम राजनीति को लेकर भी उनकी सोच साफ थी।वे मुसलमानों को दो धाराओं में रूपायित करते थे। एक अकबर की धारा और दूसरी औरंगजेब की धारा। अब सारे मुगल शासक मुस्लिम थे इसलिए सब अच्छे थे। सबका पक्ष लेना ही लेना चाहिए। तो सारे हिन्दू भी अच्छे हैं उनका पक्ष लेना ही लेना चाहिए। हमारी जाति वाले हैं तो अच्छे ही अच्छे हैं। इस विचलन को वे समझ रहे थे। लोहिया जी की दूसरी बात गैर सवर्ण नेतृत्व को लेकर है। वे अनेक तरह की सावधानी और सतर्कता सुझाते हैं। गैरसवर्णों के बीच से ऐसा नेतृत्व उभरे जिसके पीछे चलते हुए सवर्ण भी गौरव महसूस करें। उनका दृढ़ विश्वास था और वे लिखते भी हैं कि सामाजिक न्याय बिना सवर्ण सहयोग के संभव ही नहीं। इसको उदाहरण देकर उन्होंने समझाया है। आज मेरा यह दृढ़ विश्वास है कि अगर लोहिया जी अखिलेश जी और तेजस्वी जी के खिलाफ खड़े होकर चुनाव लड़ते तो उनकी हार निश्चित होती। वैसे लोहिया जी के इतिहास बोध और सामाजिक विकास को लेकर मेरे अनेक रिजर्वेशन हैं। यह तो सभी के साथ होता है।


कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

आज की दिक्कत दूसरी है। जो धार्मिक कट्टरता या जातिवादी वर्चस्व की छाली चाभ चुका है, वह लोहिया, अंबेडकर और गांधी के विचार की परवाह करेगा कि तर माल पर हाथ साफ करेगा! हालात इस हद तक पहुंच गया है कि घुसपैठिया वोटर सूची में जुड़ गया है तो उसे रहना चाहिए। कल मोदी हट जाएंगे। वे घुसपैठिए रह जाएंगे। फिर उनके खाने,रहने और नौकरी आप अपने मूल नागरिकों से छीनकर ही तो दोगे? आज तक साहित्य, जीवन और राजनीति में सब सिखाने वाले ही मिलते हैं। ज्ञानवान जगह-जगह विचरण कर रहे हैं। कोई सीखने वाला नहीं दिखा। दिखेगा तो बताइएगा।

**-फेसबुक वॉल से**

# भारतीय सांस्कृतिक विकास की दार्शनिक यात्रा


डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आज का समाज देवताओं को भी बाज़ार में बेचता है। "कस्टमाइज्ड देवता", "पर्सनल मंत्र", "डिजिटल यज्ञ"–ये सब इस बात का प्रमाण हैं कि ईश्वर और देवता अब उपभोक्ता की जरूरत के हिसाब से ढाले जा रहे हैं।

भारतीय सांस्कृतिक विकास को एक सरसरी निगाह से देखने पर एक क्रम दिखाई पड़ता है। यह क्रम हैः प्रकृति से देवता -देवता से मानवीकरण -मानव में देवत्व - मानव केंद्रीयता। प्राकृत शक्तियों से देवता तकः भारतीय सभ्यता का प्रारंभिक चरण प्रकृति के रहस्यमय अनुभव से उत्पन्न हुआ। मानव जब बिजली, वृष्टि, अग्नि, सूर्य, उषा, रात्रि आदि को देखता था, तो उसमें किसी अदृश्य शक्ति का अनुभव करता था। ऋग्वेद में अग्नि, इंद्र, वायु, वरुण जैसे देवताओं का वर्णन इसी अनुभव का प्रमाण है। ये देवता न तो सर्वशक्तिमान थे, न ही सर्वव्यापक; बल्कि विशेष प्राकृतिक घटनाओं के आधिष्ठाता माने जाते थे। उदाहरण के लिए, इंद्र वर्षा और युद्ध के देवता थे, वरुण जल और ऋत (ऋतु/नैतिक व्यवस्था) के रक्षक थे। इस चरण में मनुष्य का दृष्टिकोण प्रकृति-केंद्रित था। वह प्रकृति से अनुकूलता चाहता था, और पूजा एक प्रकार की संवाद प्रक्रिया थी।

देवताओं का मानवीकरण और देवियों की कल्पनाः जैसे-जैसे समाज अधिक संगठित हुआ, देवताओं को मानवीय गुण दिए जाने लगे। इंद्र के लिए ईर्ष्या, गर्व और कामना जैसे भाव जोड़े गए। अग्नि को यज्ञ का "पुरोहित" कहा गया। सूर्य को "आत्मा" कहा गया, जिसने दार्शनिक चिंतन को जन्म दिया। स्त्री शक्ति के रूप में देवियों की कल्पना हुई - उषा (प्रभात), सरस्वती (ज्ञान), लक्ष्मी (संपत्ति), पार्वती (शक्ति)। यह मानवीकरण संकेत देता है कि मानव समाज देवताओं को अपने सामाजिक ढांचे के अनुरूप गढ़ने लगा। देवता, अब केवल प्राकृतिक नहीं रहे, बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक प्रतीक भी बन गए।

पुरुषार्थ और देवत्वः ऋग्वैदिक युग से उत्तरवैदिक युग तक आते-आते यज्ञ का स्थान व्यक्तिगत तप, साधना और कर्म ने लेना शुरू किया। उपनिषदों में आत्मा और ब्रह्म का विचार सामने आया, जिसने "मनुष्य स्वयं दिव्यता का धनी है" का बोध कराया। यहीं से पुरुषार्थ (मानव प्रयास) का महत्व बढ़ा। राम कथा में मर्यादा पुरुषोत्तम राम को अवतारी रूप में दिखाया गया। महाभारत में कृष्ण ने अर्जुन को कर्म और स्वधर्म का उपदेश दिया। यह क्रमशः देवत्व का मानवीकरण नहीं, बल्कि मानव का देवत्वकरण था। यानी, देवता धीरे-धीरे मानव के भीतर देखे जाने लगे।

अवतारवादः मानव में देवत्व का शिखरः अवतारवाद भारतीय चिंतन की एक विलक्षण विशेषता है। विष्णु के दशावतार, शिव के विभिन्न रूप, स्थानीय देवताओं के अवतारी रूप, संतों की पूजा और उनका देवत्व। ये सभी दर्शाते हैं कि मानव ने देवत्व को न केवल आकाश में, बल्कि अपने ही समाज में और अपने ही भीतर स्थापित कर लिया।

भक्ति और ज्ञान का द्वंद्वः यहां एक गहरी दार्शनिक गुत्थी भी उपस्थित होती है। भक्ति मार्ग में मनुष्य स्वयं को ईश्वर के आगे शरणागत मानता है। ज्ञान मार्ग में आत्मा को ब्रह्म के समान ही घोषित किया जाता है (अहं ब्रह्मास्मि)। यह विरोधाभासी लगता है। परंतु गहराई से देखें तो यह विरोधाभास नहीं, बल्कि भारतीय सोच की व्यापकता का प्रमाण है। बर्ट्रेंड रसल ने इशारा किया है (हालांकि वे इस बात को क्रिश्चिनिटी और भय मनोविज्ञान से संदर्भित करते हुए कहते हैं ) कि किसी (दैवी) सत्ता के आगे आत्मसमर्पण की आदत मनुष्य को मानवीय सत्ता के सामने आत्मसमर्पण करना भी सिखलाती है। भक्तिमार्ग इस आत्मसमर्पण की जमीन तैयार करता है। स्पिनोजा ने तो वैज्ञानिक/प्राकृतिक नियमों को ही ईश्वर माना, हालांकि स्पिनोजा नास्तिक तो कतई नहीं थे। मानवकेंद्रीयता और आधुनिक कालः बाद के युगों में जैसे-जैसे विज्ञान, तर्क और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का बोध बढ़ा, मनुष्य ने अपने को सृजन का केंद्र मानना शुरू किया। (पुनर्जागरण काल में यूरोप में यह दृष्टिकोण "ह्यूमैनिज्म" के रूप में फला-फूला।) भारत में आधुनिक सुधार आंदोलनों (ब्रह्मसमाज, आर्यसमाज, आदि) ने कर्म और विवेक को प्राथमिकता दी। गांधी ने भी "सत्य" को ईश्वर कहा और आत्मशुद्धि व सेवा को सर्वोच्च साधना बताया। हालांकि, भारत में आज भी व्यापक स्तर पर मूर्तिपूजा और मंदिर-केन्द्रित धार्मिकता विद्यमान है। फिर भी, भीतर-भीतर "स्व" को खोजने, आत्मदिव्यता को अनुभव करने की आकांक्षा भी विद्यमान है। आज का समाज देवताओं को भी बाज़ार में बेचता है। "कस्टमाइज़्ड देवता", "पर्सनल मंत्र", "डिजिटल यज्ञ" — ये सब इस बात का प्रमाण हैं कि ईश्वर और देवता अब उपभोक्ता की जरूरत के हिसाब से ढाले जा रहे हैं। यह न केवल मानवकेंद्रीयता है, बल्कि एक प्रकार की आध्यात्मिक उपभोक्तावादिता है, जिसमें देवत्व एक उत्पाद बन गया है। पूजा करवाना, पाठ करना, कथावाचन, प्रवचनोत्सव, गुरुमंत्र देना, समारोह की व्यवस्था, वगैरह आर्थिक कृत्य हो गये हैं, धंधा हो गये हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम में धूमधाम से मना गुरु पूर्णिमा पर्व

## रुद्रपुर में वैष्णो भजन मंडली ने कई भजन किए पेश, श्रद्धालुओं ने माता को कराया स्नान, वस्त्र भेंटकर फूलों का हार किया अर्पित

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** आदर्श कॉलोनी स्थित वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम (वैष्णो देवी मंदिर), अनंत श्री विभूषित वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी ब्रह्मलीन मां हंसेश्वरी भारती महाराज स्वर्ग फार्म वाली देवी के पावन धाम पर हर वर्ष की भांति इस बार भी गुरु पूर्णिमा का महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इसके बाद शुरू हुआ भजनों का दौर। गुरुवार को कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले सुबह स्वर्ग फार्म वाली देवी की तपोस्थली स्थल पर माता को स्नान करा कर वस्त्र भेंट किए गए। साथ ही सुंदर फूलों का हार अर्पित किया गया।

इस दौरान सभी ने माता की तपोस्थली के दर्शन किए व साक्षात जागृत स्वरूप को शीश नवाया। सुबह से अनुयाई माता को गुरु पूर्णिमा की बधाई देने व आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे। इस दौरान वैष्णो भजन मंडली ने सुए-सुए चोलिया वालिए भोली मां, मेरी मैया मुझको देना सहारा, एक तेरा आसरा होवे, मेरा किसे न पूछ्या हाल मां, मुझे मां से मिलाने वाले गुरुदेव नमः, मैं हर पल तेनु ध्यावा स्वर्ग फार्म वाली कहलान वालिए, आओ गुरुवार मेरे समेत कई भजन प्रस्तुत किए। अंत में माता जी की तपोस्थली पर आरती के साथ विशाल भंडारा आयोजित हुआ। इस अवसर पर महंत श्याम खुराना, सतनाम, कंचन, राजीव ग्रोवर, नरेश गई, राजेश आनंद, हरीश, अनिल शर्मा, कपिल, सनी, जिगर गुंबर, गौरव गुंबर, सुनीता अरोड़ा, आशा अरोड़ा, जगदीश अरोड़ा, अरविंद मिश्रा, सीमा, अनिल शर्मा, अशोक, प्रीति, जया, गगन, कोमल, अंकित, जीतू, कविता सोढ़ी थे।



शक्ति पीठाधीश्वरी ब्रह्मलीन मां हंसेश्वरी की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।



रुद्रपुर में गुरु पूर्णिमा पर भाजपा द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम। ● अमृत विचार

# भाजपा ने उत्कृष्ट काम करने वालों को किया सम्मानित

संवाददाता, गदरपुर

- गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित
- भाजपा किसान मोर्चा का कार्यक्रम

**अमृत विचार :** भाजपा किसान मोर्चा की टीम ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर समाज में बेहतर काम कर रहे लोगों को सम्मानित किया।

मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और गुरु पूर्णिमा सम्मान समारोह कार्यक्रम के सह-संयोजक नरेश हुड़िया के नेतृत्व में टीम ने ग्राम सूरजपुर नंबर-1 में गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथी भाई मुख्त्यार सिंह तथा राजकीय इंटर कॉलेज गदरपुर के प्रधानाचार्य परशुराम दिवाकर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रीतपाल सिंह संधू, दीपक शर्मा, विवेक पंवार, देवेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे। इसके अलावा समाज सेवा में अग्रणी रहने वाले देवेंद्र सिंह को वार्ड नंबर-10 स्थित उनके प्रतिष्ठान पर पहुंचकर सम्मानित किया गया। नरेश हुड़िया ने कहा कि समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहने वाले देवेंद्र सिंघ द्वारा सिलाई केंद्र एवं विभिन्न स्कूलों के बच्चों के सहायतार्थ आयोजित कार्यक्रम के अलावा मुक्तिधाम की सेवा तथा योग शिक्षक के रूप में सेवा कार्य करने पर उन्हें सम्मानित किया गया । वहीं पूर्व पालिकाध्यक्ष अंजु भुड्डी ने कहा कि समाज सेवा के कार्य में देवेंद्र सिंह द्वारा वर्तमान समय तक अनेकों समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहकर अपनी सेवाएं प्रदान की जा रही है। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अरविंद पाल, मंडल महामंत्री अजय बठला, मनोज शर्मा, राजू शर्मा, मनोज चौहान, गुरजीत सिंह, प्रभजोत सिंह, परमजीत कौर, गुरजीत कौर, हरमीत कौर, सरस्वती, शीतल एवं परमजीत कौर आदि मौजूद रहे।



गुरुओं को सम्मानित करते पालिकाध्यक्ष गुंबर। ● अमृत विचार

# पालिकाध्यक्ष ने गुरुजनों को किया सम्मानित

संवाददाता, गदरपुर

- गुरुजनों ने पहल की सराहना जताया आभार

**अमृत विचार :** गुरुपूर्णिमा के अवसर पर नगर पालिका परिषद मे एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गुरुवार को पालिका सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर ने गुरुजनों को सम्मानित किया एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान सभी गुरुजनों ने पालिकाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया और उनके द्वारा शहर मे किये जा रहे कार्यों की सराहना की गई। कार्यक्रम में मोहन लाल अरोरा, रमेश चन्द मोर्या, शिवनारायण वर्मा, विरेन्द्र यादव, विजयपाल चौहान, अशोक चौहान, पूरन चौहान, प्रभाकर तिवारी, रामविलास शाह, मदनपाल सिंह, ब्रिजेश दूबे, ब्रीतराज चावला, गुलाबराम गुप्ता, अभीमन्यु सिंह, मुक्ताप्रसाद शर्मा, सभासद रमन छाबडा, मुकेश चावला, सभासद प्रतिनिधी इदरिस पाशा, आकाश कोचर मौजूद रहे।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



खटीमा में लायंस क्लब के नवनियुक्त पदाधिकारियों के प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित लोग।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** लायंस क्लब द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में तराई रीजन के नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। उद्घाटन मंडलाधीश डिस्ट्रिक्ट गर्वनर डॉ. राम चन्द्र मिश्रा ने किया। पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गर्वनर डॉ. मिश्रा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को आगामी कार्यों की जानकारी दी। पिछली कार्यकारिणी पदाधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। लायंस क्लब अध्यक्ष देवेंद्र भट्ट, सचिव रविश भटनागर, कोषाध्यक्ष ओशो मलिक, सुनील रैदानी, अंकित पांडे, अजय अग्रवाल, बसंत जोशी, जीडी जोशी, नरेश गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, रमेश अग्रवाल व सुनील रैदानी रहे।

# किशोर की मौत में चालक पर केस

**काशीपुर :** कुछ दिन पूर्व ट्रैक्टर की चपेट में आकर एक किशोर कि मौत हो गई थी। मामले में मृतक किशोर के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में ग्राम हिम्मतपुर, हेमपुर इस्माइल निवासी रिंकू पुत्र किशन लाल ने बताया कि बीती सात जुलाई की दोपहर करीब 3 बजे उसका पुत्र आनंद घर के पास किराने की दुकान पर जा रहा था।

तभी गलत साइड से चल रहे ट्रैक्टर संख्या एचपी 56ए 3072 के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसके पुत्र को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके से भाग रहे आरोपी चालक को लोगों ने पकड़ लिया। उसने अपना नाम सोनू निवासी हरिनगर, कुंडेश्वरी बताया। उसने चालक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

# हिंद में इंस्पायर अवार्ड मानक कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** हिंद पब्लिक स्कूल में इंस्पायर अवार्ड मानक स्कीम के अंतर्गत नोडल शिक्षकों के अभिमुखीकरण एवं नए आइडिया को प्रमोट करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। सभी विद्यालय आइडिया बॉक्स का उपयोग, आइडिया कॉन्टेक्स्ट का आयोजन के उपरांत नवाचारी आइडिया के अपलोड करने पर चर्चा की गई। बैठक में जूनियर से इंटर तक के समस्त मान्यता प्राप्त सीबीएसई/उत्तराखंड बोर्ड के विद्यालय शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में हिंद पब्लिक के प्रबंधक नीरज कुमार एवं प्रधानाचार्य भुवन चंद्र जोशी ने किया। इस मौके पर इंस्पायर अवार्ड मानक के ब्लॉक के समन्वय निर्मल कुमार नियोलिया ने इंस्पायर अवार्ड मानक में नवाचार के उद्देश्यों बारे में बताया। शिवालिक साइंस फाउंडेशन की ओर से विनय जोशी, सुमित पांडे, तरुण कोठरी, ऐपीएफ आलोक, मंजू खन्ना, पूजा जोशी, रजत भटनागर, गौरव सिंह, राकेश कुमार मौर्य, प्रमोद पाण्डेय उपस्थित रहे।

## पूर्व नगर अध्यक्ष एमए राहुल बसपा से निष्कासित

**काशीपुर :** बसपा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर राव ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर पूर्व नगर अध्यक्ष एमए राहुल को निष्कासित कर दिया गया है। राव के अनुसार उन्हें बार-बार अवगत कराया जा रहा था लेकिन वह अनुशासन हीनता से बाज नहीं आ रहे थे। उनका अब पार्टी से कोई लेना देना नहीं है।

# कीचड़ से बदहाल हुई मुख्य सड़क को श्रमदान कर किया गया दुरुस्त

- बच्चों व ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत
- ग्राम सभा पहाड़ी ओकरौली में समाजसेवियों की बड़ी पहल

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार :** ग्राम सभा पहाड़ी ओकरौली स्थित बालाजी एक्शन के सामने लंबे समय से मुख्य मार्ग पर जलभराव और कीचड़ की समस्या बनी हुई थी, जिससे स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को गुजरनें में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

बरसात के मौसम में यह समस्या और विकराल हो गई थी। जिस पर लोगों ने श्रमदान कर समस्या का समाधान किया और मार्ग की स्थिति सुधारी। जानकारी के अनुसार पूर्व ग्राम प्रधान राधा देवी एवं समाजसेवी बलवीर भैया ने पहल करते हुए सामूहिक प्रयासों से उक्त मार्ग पर आरपीएम (रेडियम प्रोसेस मैटेरियल) डलवाया और पूरे रास्ते को ऊंचा करवाया। इस कार्य में पंडित भुवन आर्य, नाथू भाई, नवीन भाई, विनोद राजा, वर्तमान ग्राम प्रधान, पद सदस्य अर्जुन भाई और बबलू सहित कई जागरूक ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अब इस मार्ग से स्कूली बच्चों सहित सभी ग्रामीणों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। जनता ने इसके लिए सभी सहयोगियों का आभार जताया।



आरबीएम व रेता डाल कर सड़क को सही करते पूर्व प्रधान व समाजसेवी।

# स्कूल को निकला किशोर लापता

**काशीपुर :** घर से स्कूल के लिए निकला उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज का कक्षा नौ का छात्र लापता हो गया। पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

लक्ष्मीपुर पट्टी, निवासी भूपेन्द्र सिंह पुत्र सौराज सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 14 साल का पुत्र आयुष उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज में कक्षा 9 में पढ़ता है। आयुष बीते बुधवार को घर से सुबह करीब 7 बजे स्कूल जाने के लिए निकला था। स्कूल से छुट्टी के बाद जब शाम 4 बजे तक घर नहीं पहुंचा, तो आयुष की खोजबीन करने लगे। आयुष के बारे में स्कूल से पता करने पर क्लास टीचर द्वारा बताया गया कि आयुष स्कूल नहीं आया। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।




जसपुर में तिरंगा यात्रा निकालते एबीवीपी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## स्थापना दिवस पर एबीवीपी ने निकाली तिरंगा यात्रा

**जसपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों ने स्थापना दिवस पर तिरंगा यात्रा निकाली। उन्होंने इस दौरान सभी से एकजुट रहकर समाज एवं छात्र हित में कार्य करने का आह्वान किया। एबीवीपी के कार्यकर्ता सुभाष चैक पर जमा हुए हैं। वह यहां से हाथ मे तिरंगा लिए नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए झंडा चौक पहुंचे। उन्होंने इस दौरान देशभक्ति के नारे भी लगाए। झंडा चौक पर आयोजित सभा में कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि की। इसके बाद एबीपीवी के इतिहास पर रोशनी डाली और एबीपीवी के समाज एवं छात्र हित में किए कार्यों से रूबरू कराया। वहां दीपक राणा, विशाल कश्यप, अशोक प्रजापति, चंद्रपाल सिंह, नितिन, अभिनव व उत्कर्ष समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक में ग्राहक सम्मेलन आयोजित

- बैंक ने दिलाया बेहतर सेवा का भरोसा

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक के कंजाबाग चौक पर नए परिसर के शुभारंभ पर ग्राहक सम्मेलन आयोजित किया गया। बैंक उपाध्यक्ष सुरेश जैन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बैंक के ग्राहकों ने अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

बैंक के शाखा सचिव संजय शाह ने बैंक की भावी योजनाओं से अवगत कराया और कहा कि बैंक बेहतर ग्राहक सेवा के लिए वचनबद्ध है। कंजाबाग के समीप नए परिसर में स्थापित कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक के ग्राहक सम्मेलन में खातेदारों ने ग्राहकों की बेहतर सुविधा के लिए बैंक की एक शाखा और खोलने, व्यापारियों ने बैंक लिमिट को बढ़ाने एवं लिमिट को हर दिन सुचारू रखने के सुझाव दिए। इस दौरान संचालन मंडल सदस्य गिरीश पाठक, हरीश शाह, मानव संसाधन प्रमुख दिनेश जोशी ने विचार रखे। शाखा प्रबंधक नरेन्द्र सिंह बिष्ट ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। वहां अनुज सिंह शाही, रमेश चन्द्र अग्रवाल, होशियार सिंह वल्दिया, अर्शदीप सिंह, श्री राम अरोड़ा, अंसार हुसैन, जगदीश गुप्ता आदि मौजूद थे।



खटीमा में कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक के ग्राहक सम्मेलन में उपस्थित लोग।

# शहर में बाइक चोरों का आतंक, तीन बाइक चुराईं

संवाददाता, रुद्रपुर

- पेट्रोल खत्म होने के बाद भी वाहन ले गए चोर
- ट्रांजिट कैंप व रुद्रपुर में मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार :** कोतवाली और थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में ऑटो लिफ्टर गिरोह का आतंक बरकरार है। घटना को अंजाम देते हुए चोरों ने ट्रांजिट कैंप से दो और आदर्श कॉलोनी चौकी इलाके से एक बाइक चोरी कर ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार आदर्श कॉलोनी घास मंडी निवासी सोनू गुप्ता ने अपनी बाइक को लॉक कर घर के बाहर खड़ी की थी और बाइक में पेट्रोल भी नहीं था। 7 जुलाई की देर रात्रि एक बाइक पर दो युवक आए और चलती बाइक से कूदकर एक युवक नीचे उतरा और बाइक का लॉक तोड़कर बीच सड़क ले आया। जहां बाइक सवार युवक पेट्रोल नहीं होने के बावजूद पैर से धक्का लगाकर बाइक चोरी कर ली। दूसरी घटना में विजय कुमार शर्मा निवासी आवास विकास ने बताया कि 26 जून की सुबह जब उसने देखा तो बाइक चोरी हो चुकी थी। तीसरी घटना में वार्ड-दो ट्रांजिट कैंप निवासी सचिन वर्मा ने बताया कि 8 जुलाई की रात्रि को चोरों ने बाइक संख्या यूपी-26 एम-1905 को चोरी कर ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर तलाश तेज कर दी है।

# केवी स्कूल बना पीएम श्री विद्यालय

- प्रबंधन समिति की बैठक में फर्नीचर, जनरेटर की व्यवस्था

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** केन्द्रीय विद्यालय की प्रबंधन समिति की बैठक में फर्नीचर, जनरेटर की व्यवस्था उपलब्ध कराने एवं एक हाउस कीपर की व्यवस्था स्वीकृत कर विद्यालय की सुविधाओं को सुचारू रखने का निर्णय लिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ रविन्द्र सिंह बिष्ट नगर आयुक्त काशीपुर, तुषार सैनी उप जिलाधिकारी, रामयश प्राचार्य सरस्वती एकेडमी, अनिल सिंह बिष्ट तथा हरप्रीत कौर ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय अध्यक्ष जिलाधिकारी नितिन कुमार भदौरिया के निर्देशन में नामित अध्यक्ष तुषार सैनी उप जिलाधिकारी का स्वागत एवं रविन्द्र सिंह बिष्ट नगर आयुक्त काशीपुर का शाल ओढ़ाकर भावपूर्ण विदाई दी गयी। इस दौरान उनके द्वारा विद्यालय को दिए सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया गया। केन्द्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में केन्द्रीय विद्यालय के पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय बनने एवं शत प्रतिशत परीक्षाफल के लिए विद्यालय परिवार एवं बच्चों व उनके अभिभावकों को बधाई दी गई। एसडीएम सैनी ने विद्यालय को हर संभव सहायता का आश्वासन देते हुए विद्यालय के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बनने पर बधाई दी। विद्यालय के प्राचार्य त्रिभुवन प्रकाश आर्य ने बेहतर शिक्षा व्यवस्था के साथ ही विद्यालय में सुचारू रूप से शिष्टाचार अपनाने का भरोसा दिलाया। शैलेन्द्र कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संचालन नकुल सिंह देवपा व हरप्रीत कौर ने किया। इस अवसर पर ललित मोहन जोशी, एमएल सरोज, हरप्रीत कौर, भारती यादव, जितेन्द्र कुमार वर्मा आयकर अधिकारी, दीपेन्द्र जोशी, गीतिका देवी, गौरव तिवारी, खेम चन्द, सुधांशु, मनीषा, पुरुषोत्तम, त्रिलोक आदि मौजूद रहे।




खटीमा में केंद्रीय विद्यालय की प्रबंध समिति की बैठक में नगर आयुक्त रविंद्र बिष्ट को स्मृति चिह्न प्रदान करते आयोजक।

## कैंसर शिविर में 10 मरीजों को जांच के बाद दिया परामर्श

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** जिला चिकित्सालय रुद्रपुर में एक विशेष नि:शुल्क कैंसर शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. शशांक बंसल ने 10 कैंसर मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया और जांच की। गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आम-जनमानस तक कैंसर के इलाज को सुगम किया जाना है। जो मरीज आर्थिक तंगी के कारण अपना इलाज पूर्ण नहीं कर पाते हैं अथवा चिकित्सक तक नहीं पहुंच पाते हैं उनको लक्षित कर उचित परामर्श प्रदान किया जाना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। शिविर में सर्वाधिक मरीज स्तन कैंसर से संबंधित आये। इस दौरान वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. बंसल ने बताया कि 24 तारीख को पुन: जिला चिकित्सालय भ्रमण कर अपने सेवाएं देंगे। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अग्रवाल ने बताया कि भविष्य में भी अन्य रोगों से भी संबंधित विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# बाल विवाह रोकने को लेकर लोगों को किया जागरूक

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** नगर पंचायत शक्तिगढ़ में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के सहयोगी संगठन इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल डेवलपमेंट द्वारा संचालित एक्सेस टू जस्टिस के तहत आयोजित कार्यक्रम में बालविवाह रोकने को लेकर लोगों को जागरूक किया।

नगर पंचायत सभागार मे आयोजित कार्यक्रम में इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल डेवलपमेंट द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत परियोजना प्रबंधक प्रेमा दानू, समन्वयक कुमारी चंदना ने बाल तस्करी, बाल श्रम, बाल विवाह एवं बाल अधिकारों की सुरक्षा, अपराधों से बचाव व संरक्षण की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल, सभासद एवं महिलाओं ने बाल विवाह खिलाफ हर संभव प्रयास करने, परिवार पड़ोस व समुदाय में बाल विवाह न हो यह सुनिश्चित करने तथा बाल विवाह के किसी प्रयास की सूचना पंचायत व सरकार को देने एवं बच्चों की शिक्षा व सुरक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुनीता सरकार, विक्रम सिंह भंडारी, गोविंद पोखरिया, गोविंद सरकार, शीला पोद्दार, मनोज सरकार, विधान मजुमदार, अनीता रानी, राधा नेगी, कौशल्या राय, सीमा सरकार, वन्दना चौबे ममता पन्त आदि मौजूद थे।



नगर पंचायत शक्तिगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि व महिलाएं।

# पॉलिसी में इंसेंटिव प्रावधानों को करें शामिल: मुख्य सचिव

## बैठक में अधिकारियों ने उत्तराखंड की इलेक्ट्रिक वाहन (मैन्युफैक्चरिंग एंड परचेजिंग) पॉलिसी- 2025 का ड्राफ्ट किया प्रस्तुत



देहरादून में गुरुवार को अधिकारियों की बैठक लेते मुख्य सचिव आनंद बर्धन। ● अमृत विचार

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में परिवहन विभाग और संबंधित अधिकारियों द्वारा उत्तराखंड की इलेक्ट्रिक वाहन (मैन्युफैक्चरिंग एंड परचेजिंग) पॉलिसी- 2025 का ड्राफ्ट प्रस्तुत किया गया। बैठक में उत्तराखंड में इलेक्ट्रिक वाहन के अनुकूल इकोसिस्टम तैयार करने के उद्देश्य से तैयार की जा रही ईवी पॉलिसी के विभिन्न आयामों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

मुख्य सचिव ने परिवहन विभाग और संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि उत्तराखंड में ग्रीन परिवहन की अवधारणा को साकार करने तथा प्रधानमंत्री के इलेक्ट्रिक वाहन के संबंध में 2030 तक के लक्ष्य के अनुरूप पॉलिसी में मैन्युफैक्चरर, उपभोक्ता और संचालक सभी के लिए बेहतर इंसेंटिव का प्रावधान शामिल करें, जिससे इलेक्ट्रिक वाहन का एक बेहतर इकोसिस्टम विकसित हो सके।

उन्होंने बेहतर इंसेंटिव के साथ-साथ इलेक्ट्रिक वाहन के अनुकूल में आने वाले अवरोधों के त्वरित समाधान के लिए पॉलिसी में प्रभावी और त्वरित निगरानी तंत्र का प्रावधान करने के भी निर्देश दिए। सचिव विनय शंकर पांडेय और परिवहन विभाग द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि उत्तराखंड में इलेक्ट्रिक वाहन के अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए इस पॉलिसी में मैन्युफैक्चरर से लेकर उपभोक्ता, संचालक और चार्जिंग स्टेशन स्थापन इत्यादि के लिए बेहतर इंसेंटिव का प्रावधान किया जा रहा है। कहा कि इस पॉलिसी में कार्बन क्रेडिट बेनिफिट के लिए प्रेरक इंसेंटिव, इंडस्ट्री साइड और उपभोक्ता साइड के लिए इंसेंटिव, कैपिटल सब्सिडी, स्टाम्प ड्यूटी, ब्याज सब्सिडी, भूमि रिबेट, रिसर्च एंड डेवलपमेंट फैसिलिटी इत्यादि सभी के लिए इंसेंटिव का प्रावधान की बात है। इसमें वाहन की अलग-अलग श्रेणी टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर, ई बस इत्यादि के क्रम में इंसेंटिव का प्रावधान शामिल होगा। उन्होंने बताया कि भारत में कुल वाहन की संख्या 34 करोड़ है। जिसमें 61.65 लाख इलेक्ट्रिक वाहन हैं। उत्तराखंड में कुल वाहन 4215496 है जिसमें कुल इलेक्ट्रिक वाहन 84614 हैं। बैठक में प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव विनय शंकर पांडेय, डॉ आर राजेश कुमार व एस एन पांडेय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### रिमोट एरिया का कोई भी गांव इंटरनेट कनेक्टिविटी से न हो वंचित: सीएस

**देहरादून :** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में टेलीकम्युनिकेशन विभाग के तत्वावधान में आठवीं राज्य स्तरीय ब्रॉडबैंड समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में टेलीकम्युनिकेशन विभाग, मोबाइल कम्युनिकेशन प्रदाता फर्म और संबंधित अधिकारियों द्वारा भारत सरकार की संचार और इंटरनेट कनेक्टिविटी से संबंधित परियोजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में विभिन्न विभागों से संबंधित विभिन्न मुद्दों और उसके समाधान पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विभिन्न मोबाइल कम्युनिकेशन प्रदाता फर्म द्वारा रिमोट एरिया में उच्च तीव्रता की इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रोवाइड करने में कुछ क्षेत्रों में सड़क संपर्क का न होना बताया। जिस पर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि रिमोट एरिया में एक भी विलेज अथवा एक भी कस्बा इंटरनेट कनेक्टिविटी से वंचित नहीं होना चाहिए। यदि कुछ जगह सड़क संपर्क मार्ग ना हो तो वहां पर हवाई ट्रांसपोर्ट द्वारा उपकरणों को पहुंचाया जाए और इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान की जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि पिटकुल के पास 617 किलोमीटर की फाइबर ऑप्टिकल लाइन बिछी हुई है उसको विभिन्न टेलीकॉम कंपनियां रेंट पर लेकर उसका उपयोग सकती हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि चूंकि राज्य में राइट ऑफ वे रूल्स- 2014 पहले से ही लागू हैं। इसलिए उसके अनुसार ही इंटरनेट कनेक्टिविटी से संबंधित सेवाएं देना सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने पुराने टेलीकॉम टॉवर्स को नियमित करने तथा कॉमन डक्ट और एरियल केबल पॉलिसी बनाने के लिए सचिव आईटी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने लोक निर्माण विभाग, यूपीसीएल, पिटकुल, फॉरेस्ट, बीएसएनएल तथा संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि इंटरनेट कनेक्टिविटी और संचार कनेक्टिविटी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जो भी इश्यू उनसे संबंधित हैं उनका त्वरित निराकरण करें। इसके लिए संबंधित जिला प्रशासन, टेलीकॉम डिपार्टमेंट और संबंधित टेलीकॉम सेवा प्रदाता कंपनी के साथ आपसी समन्वय स्थापित करते हुए उनका समाधान निकालें। उन्होंने सभी मोबाइल कम्युनिकेशन प्रदाता कंपनियों को निर्देशित किया कि शहरों और कस्बों में भी जहां पर कनेक्टिविटी का पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद हैं फिर भी अनेक बार कॉल ड्रॉप की समस्याएं झेलनी पड़ती हैं। इसके लिए सभी कम्युनिकेशन प्रदाता कंपनियां अपने-अपने रिसोर्सेस का पुनः सर्वे कर लें तथा कॉल ड्रॉप या कनेक्टिविटी में अवरोध जैसी समस्याओं का स्थाई समाधान करना सुनिश्चित करें। टेलिकॉम विभाग ने अवगत कराया कि भारतनेट स्कीम के अंतर्गत राज्य में 6590 कनेक्शन दिए जा चुके हैं। राज्य के 30 विकासखंडों की 1819 ग्राम पंचायतों में जिसमें ग्राम पंचायत कार्यालय, पीएससी (प्राथमिक सर्विस सेंटर) इत्यादि में कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई गई है। इनमें 13576 कनेक्शन दिए जा चुके हैं। बैठक में प्रमुख सचिव एल एल फैनई, राज्य में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के नोडल सचिव आईटी नितेश कुमार झा तथा निदेशक आईटीडीए गौरव कुमार, सचिव सी रविशंकर, डिपार्टमेंट ऑफ़ टेलीकम्युनिकेशन से एडीजी वेस्ट यूपी आरएस परमार व डीजीपी रूरल देहरादून राजीव बंसल के अतिरिक्त बीएसएनएल, एयरटेल, जिओ, इंडस टावर तथा संबंधित विभागों व फर्म के अधिकारी व प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित थे।

# लिटिल किंगडम स्कूल में विद्यालय संसद का गठन




लिटिल किंगडम स्कूल में कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** लिटिल किंगडम स्कूल में छात्र-छात्राओं के नेतृत्व को प्रोत्साहित करने के बाद इन्वेस्टिचर सेरेमनी (विद्यालय संसद गठन) कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्रशासिका परविंदर पुरी, प्रधानाचार्य गायत्री खन्ना, विद्यालय के संचालक लक्ष्य शर्मा, उप प्रधानाचार्या सिमरन पुरी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस दौरान छात्रों ने प्रेरणादायक मार्च पास्ट भी प्रस्तुत किया।

गुरुवार को स्कूल समारोह आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के चारों हाउस, बछेंद्री हाउस, आर्यभट्ट हाउस, कल्पना चावला हाउस एवं एपीजे अब्दुल कलाम हाउस के साथ हाउस कैप्टन और वाइस कैप्टन चुने गए। उन्हें औपचारिक रूप से उनके पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी क्रम में हाउस कैप्टन चयन की घोषणा हुई। वहीं स्कूल की वरिष्ठ प्रशासिका परविंदर पुरी ने भी छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आपका सफर केवल शुरुआत है। उन्होंने कहा कि सच्चा नेता वही है जो हर परिस्थिति में धैर्य, अनुशासन और ईमानदारी के साथ काम करे। प्रधानाचार्य गायत्री खन्ना ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नेतृत्व का अर्थ केवल आगे बढ़ना नहीं, बल्कि दूसरों को साथ लेकर चलना हमारी जिम्मेदारी और आत्मविश्वास को दिखाता है।

# पालिकाध्यक्ष ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



सड़क निर्माण का शिलान्यास करते पालिकाध्यक्ष मनोज गुंबर। ● अमृत विचार

**संवाददाता, गदरपुर**

**अमृत विचार:** पालिकाध्यक्ष मनोज गुंबर ने गुरुवार को वॉर्ड नंबर 6 मे सतीमठ मन्दिर रोड से डॉ. प्रशांत अस्पताल तक 2.59 लाख रुपये की लागत से बन रही 28 मीटर सड़क व नाली निर्माण कार्य तथा वार्ड नंबर 6 मे जीवन कोचर के मकान से रचित चावला के मकान तक 5.81 लाख रुपये की लागत से बनने जा रही 66 मीटर सड़क व नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इस दौरानवार्ड न.-6 के सभासद रमन छाबड़ा, वेद ठुकराल, मंगत गुम्बर, मंथन मदान, निखिल गुम्बर, वीना गुम्बर, डॉ. प्रमोद अरोरा, मनीष डावर, मनोज पांडे व आकाश कोचर सहित तमाम वार्डवासी मौजूद रहे।

## उधार के पांच सौ रुपये के लिए हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

**खटीमा:** उधार के पांच सौ रुपये के लिए कूड़ा बीनने वाले बंटी के हत्यारोपी इस्माइल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर रिमांड मांगी है।विगत 7 जुलाई को मुख्य चौक के पास से एक शव बरामद किया था। जिसकी शिनाख्त टनकपुर निवासी बंटी उर्फ विक्की के रूप में हुई थी। बाद में मीना बाजार बनबसा निवासी रंजीत वर्मा पुत्र जगदीश वर्मा ने पंजाबी मोहल्ला निवासी इस्माइल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बंटी ने इस्माइल से पांच सौ रुपए 50 रुपए प्रतिनिदिन के ब्याज पर उधार लिए थे। उस रात इस्माइल पैसे मांगने आया तो बंटी द्वारा पैसे न दिए जाने से गुस्साए इस्माइल ने उसे बुरी तरह से पीट दिया। अगले दिन बंटी मरा मिला। पुलिस ने अभियुक्त इस्माइल पुत्र बाबू पेन्टर निवासी पंजाबी कालोनी को कंजाबाग पुलिया से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर रिमांड मांगी है। टीम में कोतवाल दसौनी, एसएसआई ललित रावल, भूपेंद्र सिंह आदि रहे।

# भाविप के स्थापना दिवस पर 30 यूनिट रक्त एकत्र



भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर में मौजूद रक्तदाता।

**संवाददाता, गदरपुर**

**अमृत विचार:** भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 30 लोगों ने रक्तदान किया गया।

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गदरपुर के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्रांतीय संगठन मंत्री रविंद्र बजाज, शाखा अध्यक्ष राजीव ग्रोवर, सचिव डॉक्टर सोनू विश्वास ने किया। शिविर में शहीद उधम सिंह रक्त कोष रुद्रपुर के टीम द्वारा रक्त संग्रह किया। टेक्नीशियन के रूप में प्रशांत सक्सेना, शारिक मलिक, सोनाली मौर्य और तनु कौर के सहयोग से 30 महादानियों ने रक्त दान किया। पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़, दीपक सुधा, डॉ. विनीत अरोरा, अंजु भुड्डी, राकेश भुड्डी, डॉ. अजय श्रीवास्तव, डॉ. अरविन्द धवन, विनोद चुग, डॉ. ललित मालिक, संजय अरोरा, प्रदीप भुड्डी, परविंदर सिंह बत्रा, हनुमंत भुड्डी, विकास अरोरा, बंटी छावड़ा रहे।

# शहीदी दिवस पर भाई मनी सिंह को किया नमन

- क्विज प्रतियोगिता में सिमरन प्रथम और मनदीप रहे द्वितीय

**संवाददाता, गदरपुर**



कार्यक्रम में मौजूद स्कूली बच्चे व आयोजक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुगल काल में उनकी अधीनगी न कबूल करने और श्री दरबार साहिब अमृतसर की मर्यादा कायम रखने के उद्देश्य से शरीर के टुकड़े-टुकड़े काटकर शहीद किए गए ग्रंथी भाई मनी सिंह जी के शहीदी दिवस पर उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा साहिब में गोष्ठी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया गया।

गुरुद्वारा यादगार भाई मनी सिंह जी ग्राम सरकड़ी, केलाखेड़ा तहसील बाजपुर ऊधमसिंह नगर में आयोजित कार्यक्रम ग्रंथी भाई हरदीप सिंह एवं मीत ग्रंथी भाई जागीर सिंह के प्रयासों से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 80 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में एसजीपीसी उत्तराखंड काशीपुर के प्रचारक भाई हरजिंदर सिंह ने कहा कि भाई मनी सिंह, उनके दादा भाई बल्लू दास जी, पिता माई दास के अलावा उनके 11 भाई तथा सात बेटों के अलावा अन्य रिश्तेदार कुल लगभग 70 लोग धर्म की खातिर जंग करते हुए शहीद हुए। जब श्री अमृतसर में मर्यादा को कायम रखने के उद्देश्य से उनको गिरफ्तार करके लाहौर के सूबेदार जकरिया खां के निर्देश पर धर्म परिवर्तन का दबाव डाला गया तो उनके द्वारा इनकार करने पर उन्हें शहीद कर दिया गया। वहीं सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के प्रचारक देवेंद्र सिंह ने गुरबाणी संथा देते हुए श्री जपु जी साहिब की व्याख्या तथा मूल मंत्र के महत्व को बताते हुए पर्यावरण स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा स्वयं के शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अपने जीवन की कार्यशैली को बदलने के लिए प्रेरित किया। क्विज प्रतियोगिता में सिमरन कौर पुत्री परमजीत सिंह प्रथम, मनदीप कौर पुत्री परमजीत सिंह द्वितीय एवं मनदीप कौर पुत्री गुरदेव सिंह तृतीय रहे। वहीं एसजीपीसी द्वारा प्रदत किए गए मेडल एवं श्री गुरु रामदास सेवा ट्रस्ट के हरविंदर सिंह चुग द्वारा उपलब्ध कराई गईं कॉपियों का वितरण किया गया। तत्पश्चात भाई हरजिंदर सिंह द्वारा सर्वत्र सुख शांति की अरदास के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।



दीप और गौरव को मिठाई खिलातीं जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की।

## दीप और गौरव का उत्तराखंड हॉकी टीम में चयन

**रुद्रपुर :** 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता सब जूनियर टीम का चयन ट्रायल बुधवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी में आयोजित हुआ। जिसमें मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ी दीप मंडल और गौरव भट्ट का चयन उत्तराखंड टीम में हुआ है। जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की ने दोनों खिलाड़ियों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। साथ ही बताया कि प्रतियोगिता 28 जुलाई से 8 अगस्त तक चेन्नई तमिलनाडु में आयोजित होगी। इसमें उत्तराखंड सब जूनियर टीम प्रतिभाग करेगी।

# आईटीआई में 20 जुलाई तक होगा प्रवेश

- प्रशिक्षण सत्र के एक एवं दो वर्षीय प्रथम चरण का चयन परिणाम किया घोषित

**संवाददाता, जसपुर**

**अमृत विचार:** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में पहले चरण के लिए 20 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया चलेगी। इसके लिए शेड्यूल जारी किया गया है। प्रशिक्षण सत्र 2025-26 में एक वर्षीय और 2025-27 में दो वर्षीय में प्रवेश के लिए प्रथम चरण का चयन परिणाम घोषित किया गया है।

राजकीय आईटीआई काशीपुर के नोडल प्रधानाचार्य जेपी टम्टा ने बताया कि ऊधमसिंह नगर जिले में आठ राजकीय आईटीआई संचालित हैं। इनमें प्रशिक्षण प्रवेश के लिए शेड्यूल जारी किया गया है। अभ्यर्थी अपने आवेदन एवं चयन की स्थिति की जानकारी www.vpputtarakhand.in या www.dsde.uk.gov.in वेबसाइट पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं। चयन की स्थिति में बुलावा पत्र प्रदर्शित होगा, जिसे डाउनलोड कर संस्थान में प्रवेश लिया जा सकता है। चयनित अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भी सूचना दी जा रही है। चयन न होने की स्थिति में अभ्यर्थी को उसकी रैंक दिखाई जाएगी उसे फिर अगले चरण के लिए प्रतीक्षा करना होगा। अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र की प्रति, समस्त मूल प्रमाण पत्र उनकी एक-एक सत्यापित एवं आवेदन पत्र की प्रति और दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ संबंधित आईटीआई संस्थान के प्रधानाचार्य से संपर्क करना होगा। संस्थान में पहुंचकर चयनित एवं आवेदक छात्र-छात्राएं प्रवेश के संबंध में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।


## वर्ग पहेली-28

**बाएं से दाएं**

1. 1. चैत में पकने वाला दलहन समूह का एक प्रसिद्ध पौधा, होला 2. इस पौधे से प्राप्त दाना जो भूनकर
5. साबूदाना।
6. कीचड़ आदि के कारण नाली में जल-प्रवाह का अवरुद्ध हो जाना।
7. 1. खर-खर की आवाज़ के साथ गले से बलगम निकालने की स्थिति 2. बलगम, खखार।
8. झांझड़ी, पायल, पैजनी।
9. 1. पशु शावक, छोटा बच्चा 2. छोटा कल्ला, छोटा पौधा 3. मकान बनाने की जगह।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. प्रतिकूल, अननुकूल 2. जिसकी शारीरिक स्थिति में शिथिलता हो।
3. वैश्विक स्तर पर अपनाई गई नई अर्थव्यवस्था जिसमें उद्योग-धंधों की उन्नति के लिए उनके पक्ष में आर्थिक नीतियों को उदार बनाया जाता है।
4. 1. खेदजनक 2. दुखद।
6. 1. तेज़ धार वाला 2. व्यवहार में खरा और साफ़ 3. सभी प्रकार से ठीक 4. जिसमें किसी प्रकार की मिलावट न हो।




### वर्ग पहेली -27 का हल


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 कैं | स | ल | ■ | 2 वि | के | ट |
| ■ | ■ | ■ | ■ | भा | ■ | ■ |
| ■ | 3 वि | ■ | 4 दे | व | की | य |
| 5 वि | चा | र | वा | न | ■ | ■ |
| ■ | र | ■ | गा | ■ | 6 भ | ■ |
| ■ | शी | ■ | 7 र | स | वा | न |
| 8 खि | ल | त | ■ | ■ | नी | ■ |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 जुलाई, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा-12 जुलाई 02.08 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 05.56 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** — आज गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध भावनाएं भड़का सकते हैं। मस्तिष्क में नई योजनाओं का प्रवाह बढ़ता जायेगा। विरोधियों के बीच आपका वर्चस्व बढ़ेगा। पिता की बातें बुरी लग सकती हैं। रियल एस्टेट से जुड़े मामलों सावधानी रखें।

**वृष** — आज आपको किसी को वचन नहीं देना चाहिए। संपत्ति के विक्रय की योजना बनायेंगे। प्रेम विवाह को लेकर सहमति बन सकती है। आपके द्वारा कही गई कोई बात सत्य सिद्ध होगी। किसी मध्यस्थ के कारण से आपका कोई अटका काम बन सकता है।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा परिवर्तन करना पड़ सकता है। बच्चों के व्यवहार में नियंत्रण रखें। किसी धार्मिक संस्था में सम्मिलित हो सकते हैं। आज गृहकार्यों में अत्यधिक व्यस्त रहने वाले हैं। व्यापारिक डील में हानि हो सकती है।

**कर्क** — आज बिगड़ते रिश्तों को जोड़ सकते हैं। मनोरंजन के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। पति-पत्नी आपसी प्रेम और सौहार्द बनाकर रखें। खानपान में आप परिवर्तन कर सकते हैं। सभी कार्य शान्तिपूर्ण रूप से होंगे। कहीं दूर की यात्रा का विचार बना सकते हैं।

**सिंह** — आज आप अत्यन्त प्रसन्न रहने वाले हैं। नए संपर्कों से लाभ मिलेगा। कोई मूल्यवान वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है। दिल की बजाय दिमाग से काम करें। कार्यक्षेत्र में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे।

**कन्या** — आज आपकी व्यवहार कुशलता की प्रशंसा होगी। उधार के लेन-देन में आपको लाभ मिलेगा। घर में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशंसा करेंगे। ऑनलाइन कार्यों से जुड़े प्रकल्पों में सफलता मिलेगी।

**तुला** — आज आपको त्वरित निर्णय नहीं लेने चाहिए। कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं। जोखिम भरे निवेश करने से पहले पूरी जानकारी ले लें। माता के साथ सम्वादहीनता की स्थिति पनप सकती है। व्यापार में आपको एक से अधिक मौके मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज कार्यक्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन हो सकते हैं। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। लोगों के बीच आपके किसी अच्छे काम की चर्चा होगी। प्रेमी आपकी काफी देखभाल करेगा। स्वास्थ्य पहले से बहुत ही अच्छा रहेगा।

**धनु** — आज परोपकार के कार्यों में आप रुचि लेंगे। घर के किसी सदस्य के व्यवहार को लेकर थोड़े खिन्न हो सकते हैं। आज घर में टेलीविजन और फोन पर व्यस्त रहेंगे। दूसरों की सहायता करने से आपको सुकून मिलेगा। किन्तु आत्मसम्मान का सदैव ध्यान रहे।

**मकर** — आज आपके रुके हुए कार्य आज सम्पन्न होंगे। आपकी वाणी में सौम्यता आपको परिवार में विशेष सम्मान की हकदार बनायेगी। ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। दाम्पत्य जीवन में परस्पर प्रेम और विश्वास की भावना में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आज आपको कोई बड़ा और विशेष कार्य प्रारम्भ नहीं करना चाहिए। व्यापार में नुकसान की आशंका से परेशान रहेंगे। छात्र कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। नाक, कान और गला संबंधी समस्या हो सकती है।

**मीन** — आज विद्यार्थी अपनी रणनीति में कुछ प्रयोग कर सकते हैं। स्वजनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा। पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी। उत्तम भोजन के शौकीन रहेंगे। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

## सुडोकू -35

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 3 | 2 | | | | 6 |
| 7 | | | | | 1 | | 5 | |
| | 2 | 4 | | 8 | | 3 | | 1 |
| 1 | | 8 | | | 6 | | 9 | 7 |
| | 5 | | 9 | | | 8 | | |
| 4 | | | | 7 | | | 1 | |
| 8 | | 5 | | | 4 | | 2 | |
| | 7 | | | | | | | 5 |
| | | | 7 | | 2 | | 3 | |

### सुडोकू - 34 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 | 2 | 6 | 4 |
| 6 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 |
| 4 | 1 | 9 | 6 | 2 | 5 | 3 | 8 | 7 |
| 2 | 3 | 8 | 9 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 |
| 1 | 6 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 9 | 5 | 7 | 3 | 8 | 4 | 1 | 2 | 6 |
| 3 | 9 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 8 |
| 8 | 2 | 1 | 4 | 6 | 9 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 4 | 5 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 | 2 |

### चुनाव लड़ने वाले कई दावेदार कर चुके हैं पलायन, महानगरों में भी आवास और जमीन

# शहर में बैठे नेताओं को सता रही गांव की चिंता

कमलेश कनवाल, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** वर्षों पहले गांव से पलायन कर शहर की कोठियों में रह रहे कुछ जनप्रतिनिधियों का नाता गांव से महज इसलिए है कि वह पंचायत का चुनाव आने पर मैदान में उतर सके। वह न तो गांव में रहते हैं और न ही खेती बाड़ी करते हैं, लेकिन शहर में रहकर भी वह गांव का हिस्सा जरूर बने हुए हैं।

जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बीच इन दिनों गांवों में नेताओं की भीड़ जुटी हुई है। ग्रामीण मतदाताओं से तरह-तरह के वायदे किए जा रहे हैं। सड़क, गांव से हो रहे पलायन पर भी चिंता जता रहे हैं। गांव की समस्याओं पर चिंता जताने वाले इन नेताओं में कुछ ऐसे भी हैं जिनका गांव से अब अधिक संबंध नहीं रहा। दरअसल प्रधान से लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्य व जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव लड़ने वाले कुछ नेता करीब एक से दो दशक पहले गांव छोड़ चुके हैं। यहां शहर में जमीन खरीदकर उन्होंने अपने-अपने आवास बनाए हुए हैं। पूरा परिवार शहर में ही रहता है। बच्चों की पढ़ाई से लेकर काम-धंधे सब कुछ शहर से ही हैं, लेकिन गांव की राजनीति का हिस्सा बनने के लिए ऐसे लोगों ने नाम गांव से नहीं हटाया। ताकि वजूद बनाए रख सकें।



#### कुर्सी का लालच पहुंचा रहा गांव

ग्रामीणों का कहना है कि गांव छोड़कर शहर में बस चुके लोगों को कुर्सी का लालच अपनी जन्मभूमि तक पहुंचा रहा है। अगर कुर्सी का लालच नहीं होता तो शायद शहर में बस चुके लोग गांव का रूख नहीं करते।

#### महानगरों में भी आवास और जमीन

गांव छोड़ कर शहर में बस चुके लोग केवल अल्मोड़ा जनपद तक सीमित नहीं है। कई नेताओं ने हल्द्वानी, देहरादून आदि शहरों में भी आवास बनाए हुए हैं। वहां उनके या परिजनों के नाम जमीन भी है।

## मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण आज से

**टनकपुर :** जनपद चम्पावत में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, सुचारू और सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने की तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। इसी कड़ी में चुनाव प्रक्रिया में मतदान दलों के प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है।

नोडल अधिकारी (प्रशिक्षण) जीवन चंद्र कॉलोनी ने जानकारी दी कि पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम के लिए यह प्रथम प्रशिक्षण सत्र 11 व 12 जुलाई को गौरल चौड़ मैदान चम्पावत में आयोजित होगा। यहां प्रतिभागियों को मतदान प्रक्रिया के सैद्धांतिक और व्यवहारिक दोनों पक्षों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी, जिसमें मतदान केंद्रों की व्यवस्था, सामग्री प्रबंधन, मतदान दिवस की कार्य प्रणाली आदि शामिल हैं।

# भाजपा प्रत्याशी विशाखा का निर्विरोध जिपं सदस्य बनना तय

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा ने जिला पंचायत सदस्य चुनाव में जनपद में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। भाजपा ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष के गृह क्षेत्र में सेंध लगाकर उसी सीट से निर्विरोध जिपं सदस्य बनाने में सफलता प्राप्त की है।

गुरुवार को चौंरा जिला पंचायत सीट से निर्दलीय प्रत्याशी बरखा खेतवाल को नाम वापसी के लिए तैयार कर उसका नामांकन वापस करवा दिया। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी विशाखा खेतवाल का चौंरा सीट से निर्विरोध जिपं सदस्य बनना तय हो गया है। बता दें कि जिला पंचायत सीट चौंरा सीट से भाजपा से विशाखा खेतवाल ने नामांकन किया था जबकि उनके खिलाफ मात्र निर्दलीय प्रत्याशी बरखा खेतवाल ने नामांकन किया था तथा कांग्रेस ने कोई प्रत्याशी खड़ा नहीं किया। इधर, बरखा खेतवाल के नामांकन वापस लेने के बाद भाजपाईयों के चेहरे खिल गए हैं। जानकार इसे भाजपा की बढ़ी उपलब्धि व कुशल चुनाव प्रबंधन के रूप में देख रहे हैं। जानकारों का मानना है कि भाजपा ने चुनाव से पहले सटीक रणनीति का प्रदर्शन कर दिया है इससे कांग्रेस को विशेष सतर्क होना होगा।

#### बोले जनप्रतिनिधि

कांग्रेस जिलाध्यक्ष का अपने गृह क्षेत्र की जिपं सीट पर प्रत्याशी खड़ा न किया। जनपद की लगभग सीटों पर कांग्रेस ने कमजोर प्रत्याशी मैदान में उतारे या भाजपा को वाक ओवर दिया है।
-कवि जोशी, पूर्व जिला महामंत्री कांग्रेस

भाजपा चुनावों से पूर्व धन बल का प्रयोग कर रही है जो कि लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। चुनाव प्रचार में भी सत्ता का दुरूपयोग व प्रभाव का प्रयोग किया जा रहा है।
-भगत सिंह डसीला, जिलाध्यक्ष कांग्रेस

# क्वारब की पहाड़ी दरकी, डेढ़ घंटा बंद रहा यातायात

### अल्मोड़ा-हल्द्वानी एनएच पर मुसीबत बनी है क्वारब पहाड़ी, यातायात ठप होने से यात्रियों को करना पड़ा दिक्कतों का सामना

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के क्वारब के पास दकरती पहाड़ी से मुसीबत थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को बारिश के बीच एकाएक क्वारब की पहाड़ी दरक गई। इससे मार्ग में करीब डेढ़ घंटे से अधिक समय तक यातायात ठप हो गया। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

क्वारब की दरक रही पहाड़ी लंबे समय से लोगों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। पहाड़ी से आए दिन मलबा और बोल्डर गिर रहे हैं। इससे हाइवे पर यातायात बाधित हो रहा है। गुरुवार सुबह भी पहाड़ी से मलबा और बोल्डर गिरने लगे। इस कारण सड़क पर आवाजाही बाधित हो गई। लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सड़क बंद होने के कुछ ही देर में दोनों ओर से वाहनों की लंबी कतार लग गई। जेसीबी की सहायता से सड़क पर आए मलबे को हटाने का प्रयास किया गया। करीब आधे घंटे बाद मलबा हटाया जा सका। लेकिन वाहनों की कतार लंबी होने से जाम की स्थिति बनी रही। लोगों के क्वारब की पहाड़ी पार करने में डेढ़ घंटे का समय लग गया। इधर, एनएच के ईई अशोक चौधरी ने बताया कि मार्ग में दोनों ओर से जेसीबी के माध्यम से गिरे मलबे को हटाकर यातायात सुचारू कर दिया गया था।



क्वारब के पास अल्मोड़ा-हल्द्वानी एनएच पर आए मलबे को हटाती जेसीबी।



रानीखेत में बंद पड़े कलमट को खोलती छावनी परिषद की टीम। ● अमृत विचार

#### मूसलाधार बारिश से आया सड़कों पर मलबा

**रानीखेत, अमृत विचार :** बीते दिन हुई मूसलाधार बारिश से बाजार क्षेत्र में बंद पड़े कलमटों के कारण बारिश का पानी सड़कों में आ गया। सुभाष चौक के पास स्थित दुकानों में पानी और मलबा आ जाने से दुकानदारों को काफी नुकसान पहुंचा है। सूचना मिलने पर छावनी परिषद की टीम द्वारा बंद हुए कलमटों को खोला गया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं, घनी आबादी को जोड़ने वाला रानीखेत-किलकोट-पंतकोतली मार्ग में निर्माणाधीन कलमठ का एक हिस्सा बह जाने से मोटर मार्ग पर आवाजाही बंद हो गई। हालांकि बाद में विभाग ने मलबा हटाकर मोटर मार्ग में आवागमन सुलभ कर दिया है। पंतकोटली-वलना मोटर मार्ग के सुधारीकरण और चौडीकरण का कार्य चल रहा है। भारी बारिश के कारण किलकोट के पास निर्माणाधीन कलमठ का एक हिस्सा बह गया। किलकोट, पंतकोटली, खिरखेत, अम्याड़ी, कारचूली सहित आसपास के ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो गया। हालांकि बाद में जेसीबी मशीन से सड़क पर आया मलबा हटाया गया। फिलहाल आवागमन सुचारू कर लिया गया है।

#### जलभराव की समस्या पर प्रशासन सख्त

**टनकपुर, अमृत विचार :** टनकपुर और बनबसा नगर क्षेत्र में जलभराव की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर क्षेत्र में नालियों से जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश जारी किए हैं। गुरुवार को उप जिलाधिकारी आकाश जोशी ने नगर पालिका, लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, सिंचाई विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से टनकपुर के प्रमुख स्थलों पीलीभीत चुंगी से पिथौरागढ़ चुंगी, आईएसबीटी क्षेत्र, टैक्सी स्टैंड मार्ग और रोडवेज मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम जोशी ने एनएचएआई अधिकारियों को बंद पड़ी नालियों को तत्काल खोलने और जल निकासी बहाल करने के निर्देश दिए। साथ ही पीडब्ल्यूडी को टैक्सी स्टैंड के समीप रोडवेज मार्ग पर सड़क के नीचे बनी नाली की सफाई और सड़क के ऊबड़-खाबड़ हिस्से को ठीक करने के निर्देश भी दिए गए। नगर पालिका के ईओ भूपेंद्र प्रकाश जोशी को समस्त नगर क्षेत्र की नालियों की तलीझाड़ सफाई सुनिश्चित करने तथा नालियों पर हुए अतिक्रमण को तत्काल हटाकर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान टैक्सी स्टैंड के समीप संपर्क मार्ग पर सड़क के बीचोंबीच बने एक निर्माण को अतिक्रमण मानते हुए चिन्हित किया गया। इसी क्रम में बनबसा क्षेत्र में भी एसडीएम जोशी द्वारा निरीक्षण किया गया, जहां एनएचएआई के अधिकारियों को नैनीताल बैंक के समीप क्षतिग्रस्त नाली के पुनर्निर्माण और उसकी जल निकासी व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार (सिंचाई विभाग) जगदीश गिरी, ईओ भूपेंद्र प्रकाश जोशी, एसडीओ आरके यादव, अधिशासी अभियंता लक्ष्मण सिंह बोहरा, राजस्व उप निरीक्षक राकेश पंगरिया, केपीएस प्रभारी अनुराग, पालिका कर्मी अर्जुन आदि मौजूद रहे।

## स्टेडियम व सनसाइन पैंथर ने जीते मुकाबले

संवाददाता, अल्मोड़ा

- अल्मोड़ा में अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू
- स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित की जा रही प्रतियोगिता

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा में अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज हो गया है। गुरुवार को प्रतियोगिता के तहत दो मुकाबले खेले गए। जिसमें स्टेडियम-ए और सनसाइन पैंथर की टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज की।

हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि गोपाल सिंह जीना, हरीश कनवाल, प्रकाश तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद सनसाइन वॉरियर और स्टेडियम-ए के बीच उद्घाटन मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्टेडियम की टीम ने निर्धारित ओवरों में 131 रन बनाए। जवाब में सनशासन वॉरियर की टीम 92 रन में ही सिमट गई। वहीं, दूसरे मुकाबले में सनशासन पैंथर ने स्प्रिंग डेल्स स्कूल को परास्त कर मैच अपने नाम किया। इस मौके पर यहां सुशील सोहनलाल, विपुल कार्की, कोच राजेंद्र राणा, नेहा पंत, दीपक तिवारी, विजय गोस्वामी हर्षिता पांडे समेत कई खेल प्रेमी मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि।

## अल्ट्रासाउंड मशीन हुई खराब, मरीज परेशान

संवाददाता, अल्मोड़ा

- अल्ट्रासाउंड जांच ठप होने से मरीजों को झेलनी पड़ी दिक्कतें
- मजबूरन लगानी पड़ी जिला व निजी अस्पतालों की दौड़

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा महिला अस्पताल में गुरुवार को अल्ट्रासाउंड में तकनीकी खराबी आ गई। इससे अल्ट्रासाउंड जांच ठप पड़ गई। जांच नहीं होने से गर्भवती व अन्य महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

जिला अस्पताल के अधीन आने वाले महिला अस्पताल में लंबे समय बाद एक जुलाई से अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा मिलनी शुरू हुई। इससे महिलाओं को काफी राहत मिल रही थी। हर दिन 40 से अधिक गर्भवती महिलाएं इसका लाभ उठा रही थी, लेकिन गुरुवार को फिर महिलाओं को परेशानी से जूझना पड़ा। काफी संख्या में महिलाएं जांच के लिए पहुंची थी, लेकिन कुछ महिलाओं की जांच के बाद अल्ट्रासाउंड मशीन में खराब आ गई। मशीन खराब होने से अल्ट्रासाउंड मशीन खराब हो गई।

महिला अस्पताल में जांच नहीं होने से गर्भवतियों और अन्य महिलाओं को जिला अस्पताल आना पड़ा। इससे जिला अस्पताल में भी लोड काफी बढ़ गया। जांच के लिए महिलाओं को घंटों इंतजार करना पड़ा। कुछ मरीजों को अगले दिन की डेट तक देनी पड़ गई। इस कारण कई महिलाओं ने बेस व निजी अस्पतालों की भी दौड़ लगाई।

## सांसद अजय भट्ट ने मौनी महाराज का लिया आशीर्वाद

**रानीखेत, अमृत विचार :** गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट ने यहां श्री राम मंदिर पहुंचकर मौनी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

यहां पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष मदन सिंह मेहरा, पूर्व जिला महामंत्री प्रेम शर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख धन सिंह रावत, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा पावस जोशी, पूर्व नगर अध्यक्ष राजेंद्र जसवाल, तरुण जोशी, चंदन भगत, राजेंद्र सिंह जसवाल, नोद कुमार, खजान जोशी, शंकर दत्त बुधोड़ी, मनोज जोशी, ललित मोहन जोशी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



ईओ को ज्ञापन देते पर्यावरण मित्र। ● अमृत विचार

#### मांगों को लेकर सौंपा ईओ को ज्ञापन

**बनबसा, अमृत विचार :** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ द्वारा ईओ दीपक चन्द्र को सात सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। संघ के अध्यक्ष प्रमोद रत्नाकर द्वारा दिए ज्ञापन में कहा गया कि पर्यावरण मित्रों की नियुक्ति, मानदेय का सीधा भुगतान, पीएफ व ईएसआई में कटौती, ड्राइवर-कंडक्टर की भर्ती, पर्यावरण मित्रों को आवास, दो-तीन महीने से रुके हुए वेतन को पर्यावरण मित्रों को दिया जाए तथा मोहल्ला स्वच्छता समिति और ठेकेदार के द्वारा कर्मचारी जो भी लगाए जाएं संगठन के द्वारा लगाए जाए। उन्होंने कहा कि 12 जुलाई तक अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में शाखा के अध्यक्ष प्रमोद रत्नाकर, महामंत्री अमन कुमार, राजेंद्र, राजपाल शिवकुमार, अजय, विजयपाल मिथिलेश, सोनू, अभिषेक, कमलेश, सानू आदि पर्यावरण मित्र उपस्थित रहे।

# संचालकों को नियमानुसार दवा बिक्री करने की हिदायत

- जिला विधिक प्राधिकरण व ड्रग्स विभाग ने किया औचक निरीक्षण
- सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ ही लाइसेंस भी चेक किए

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिला विधिक सेवा प्राधिकारण और ड्रग्स व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार को नगर के तमाम मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान संचालकों को नियमानुसार ही दवा बिक्री करने की हिदायत दी।

टीम ने नगर के धारानौला से करबला तक संचालित मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने दवाओं की जांच के साथ ही लाइसेंस चेक किए गए। वहीं, एक्सपारी बॉक्स नहीं मिलने पर मेडिकल स्टोरों के संचालकों को सख्त हिदायत दी गई।

संयुक्त टीम ने मेडिकल स्टोर संचालकों से नियमानुसार ही दवा बिक्री करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी ग्राहकों को बिल देने, सीसीटीवी कैमरे लगाने आदि के निर्देश दिए। इस अवसर पर निरीक्षण में विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शचि शर्मा, ड्रग्स इंस्पेक्टर पूजा जोशी, एसीएमओ डॉ. योगेश पुरोहित, डॉ. दीपिक धर्मशत्तु आदि मौजूद रहे।



मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण करते ड्रग्स व स्वास्थ्य विभाग की टीम। ● अमृत विचार

## बंदरों के आतंक से दिलाए निजात

**बनबसा, अमृत विचार :** बमनपुरी की निवर्तमान ग्राम प्रधान भावना नेगी ने मुख्यमंत्री को दिए ज्ञापन में कहा कि पिछले काफी समय से ग्राम सभा में बंदरों का आतंक बना हुआ है। बंदरों का झुंड फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ ग्रामीणों को भी काट रहे हैं।

कहा कि बंदर घरों के अंदर घुसकर घरेलू सामान को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। बंदरों के खौफ से ग्रामीणों के साथ स्कूली बच्चों का भी घर से निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों द्वारा वन विभाग से पत्राचार कर बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए पिंजरा लगाने की मांग पहले भी की जा चुकी है। उन्होंने मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में जगबूढ़ा पुल से भूमिया मंदिर तक पिंजरा लगाने की मांग की है।

बैठक | जिला सैनिक कल्याण परिषद की बैठक में भूतपूर्व सैनिकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों, सुविधाओं एवं समस्याओं पर की विस्तृत चर्चा

# सैनिकों और पूर्व सैनिकों को मिले पूरा अधिकार : डीएम

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार :** गुरुवार को जिला कार्यालय सभागार में जिला सैनिक कल्याण परिषद की बैठक का आयोजन जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों, सुविधाओं एवं समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक की शुरुआत पिछली बैठक में उठाए गए बिंदुओं की समीक्षा से हुई, जिसमें ईसीएचएस के लिए भूमि, 31 मई 2025 को राइंका दुबचौड़ का नाम शहीद लांस नायक विक्रम सिंह के नाम पर करने आदि विषयों पर चर्चा की गयी।

डीएम ने ईसीएचएस कार्ड धारकों को जिला अस्पताल में आयुष्मान योजना की तर्ज पर कैशलेस उपचार सुविधा उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर भी चर्चा की और चिकित्सा विभाग को इस दिशा में आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए। बैठक में हवलदार प्रकाश सिंह एवं सूबेदार (सेनि.) दिनेश चंद्र द्वारा प्रस्तुत समस्याओं पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में 26 जुलाई को आयोजित होने वाले शौर्य दिवस की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। डीएम ने कहा कि यह दिन शहीदों के सम्मान और उनके योगदान को स्मरण करने का अवसर है, जिसकी गरिमा बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

बैठक में सीडीओ डॉ. जी.एस खाती, सीओ शिवराज सिंह राणा, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी उमेद सिंह, सीएमओ डॉ. देवेश चौहान, मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट, जिला पंचायत राज अधिकारी भूपेंद्र आर्य, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम वीके पाल, नगर पालिका के ईओ भारत त्रिपाठी, लोहाघाट सौरभ नेगी सहित अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी राजेंद्र गहतोड़ी, भूतपूर्व सैनिक मौजूद रहे।



चम्पावत में बैठक लेते डीएम मनीष कुमार। ● अमृत विचार

## मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर जनपद में मतदान स्थलों की तैयारियों को लेकर खंड विकास अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी क्रम में बीडीओ अशोक अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारियों ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय खिरद्वारी का स्थलीय निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र की मूलभूत सुविधाएं जैसे रैंप, पानी, शौचालय, बिजली व्यवस्था आदि की स्थिति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। वहीं खंड विकास अधिकारी पाटी अवनीश सिंह द्वारा संबंधित अधिकारियों के साथ बूथ संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सुचारू एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बीडीओ लोहाघाट कवींद्र रावत बीडीओ बराकोट मोनिका पाल को भी निर्देशित करते हुए कहा कि व्यवस्थाओं की समीक्षा कर यह सुनिश्चित करें कि मतदान के दिन सभी आवश्यक सुविधाएं समय से उपलब्ध हों।

# व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने को प्रयासरत भारत

## पहले चरण को सितंबर-अक्टूबर तक पूरा करने का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत, अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को बातचीत के जरिये अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहा है। वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने गुरुवार को यह बात कही। अग्रवाल प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के मुख्य वार्ताकार भी हैं। इस समझौते के पहले चरण को इस साल शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक पूरा करने का लक्ष्य है। इससे पहले, दोनों देश एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं।

अग्रवाल ने कहा कि भारत ने अबतक 26 देशों के साथ 14 से अधिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) लागू किए हैं। उन्होंने एक्सपोर्ट लॉजिस्टिक पर आयोजित कार्यक्रम में कहा, अब हम प्रमुख बाजारों के साथ जुड़ रहे हैं...हमने हाल ही में ब्रिटेन के साथ एक समझौता किया है। हम यूरोपीय संघ से बातचीत के अग्रिम चरण में हैं। हम अमेरिका के साथ भी समझौते पर बातचीत कर उसे अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं। भारत, चिली और पेरू सहित लातिनी अमेरिकी देशों के साथ भी व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है।

अग्रवाल ने कहा, हमने ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ व्यापार समझौता किया है। हम न्यूजीलैंड से बातचीत कर रहे हैं, हम प्रमुख व्यापारिक साझेदारों तथा प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के साथ व्यापक स्तर पर जुड़े रहे हैं, इससे भारत के लिए भी वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं का हिस्सा बनने के बड़े अवसर उत्पन्न होंगे। हमारे शुल्क में द्विपक्षीय रूप से कटौती की जाएगी, लोग शुल्क और नियामक परिदृश्य का अनुमान लगाने की क्षमता के आधार पर दीर्घकालिक निवेश निर्णय लेने में सक्षम होंगे... इसमें लॉजिस्टिक भी एक प्रमुख निर्धारक होगा। अग्रवाल ने कहा कि सरकार भारत में उद्योग के लिए लॉजिस्टिक लागत को कम करने के लिए काम कर रही है। भारत का निर्यात एवं आयात 1,150 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है, इसलिएलॉजिस्टिक महत्वपूर्ण है। मुख्य वार्ताकार ने कहा कि आने वाले वर्षों में विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी को 10 प्रतिशत तक बढ़ाने में लॉजिस्टिक की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

### भारत-अमेरिका में अंतरिम व्यापार समझौता



- वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव ने कहा- भारत ने 26 देशों के साथ 14 से अधिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) लागू किए

### अमेरिका से वार्ता को भारतीय दल जाएगा वॉशिंगटन

वाणिज्य मंत्रालय का दल प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के साथ एक और दौर की वार्ता के लिए जल्द वॉशिंगटन जाएगा। इसका मकसद कृषि और मोटर वाहन जैसे क्षेत्रों में मतभेदों को दूर करना है। एक सरकारी अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि हम द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के अंतरिम या पहले चरण को अलग-अलग नहीं देख रहे हैं। हम एक पूर्ण समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। हम इसे अंतरिम समझौते के रूप में पेश कर सकते हैं और अन्य मुद्दों पर बातचीत जारी रहेगी। यात्रा की तारीख अभी तय नहीं हुई है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि दल के अगले सप्ताह वॉशिंगटन जाने की उम्मीद है।

### भारत ने जवाबी शुल्क के प्रस्ताव को किया संशोधित

भारत ने इस्पात और एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क को लेकर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मानदंडों के तहत अमेरिका के खिलाफ जवाबी शुल्क लगाने के अपने प्रस्ताव को संशोधित किया है। अमेरिकी सरकार के शुल्क में और वृद्धि के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। अमेरिका ने पहली बार 12 मार्च को एल्युमीनियम, इस्पात और उससे तैयार वस्तुओं के आयात पर 25% शुल्क लगाया था। फिर, 3 जून को शुल्क को बढ़ाकर 50% कर दिया गया। विश्व व्यापार संगठन ने बुधवार को कहा, वस्तु व्यापार परिषद और रक्षोपाय समिति को 12 मई को दी गई अपनी पूर्व अधिसूचना के साथ, भारत उत्पादों और शुल्क दरों को समायोजित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

# आसियान से व्यापार समझौते की वार्ता में तेजी के प्रयास : गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि मौजूदा व्यापार समझौते की समीक्षा के लिए आसियान के साथ चर्चा जारी है और वह वार्ता में तेजी लाने को उत्सुक हैं। गोयल और मलेशिया के उनके समकक्ष टी. जफरुल अजीज के बीच बैठक के दौरान यह मुद्दा उठा।

केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर लिखा, मलेशिया के निवेश, व्यापार एवं उद्योग मंत्री अजीज के साथ सार्थक बैठक की। मलेशिया, आसियान में आर्थिक मामलों पर भारत का स्थायी समन्वयक है। मंत्रियों ने आसियान भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की चल रही समीक्षा और उससे जुड़ी चुनौतियों का समाधान तलाशने पर चर्चा की। उन्होंने कहा, निष्पक्ष व्यापार एवं संतुलित वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए आसियान सदस्य देशों के साथ त्वरित चर्चा की उम्मीद है। हमने दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर चर्चा को आगे बढ़ाने पर भी बात की। यह टिप्पणी इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि समीक्षा वार्ता धीमी गति से आगे बढ़ रही है। भारत उन्नत समझौते की उम्मीद कर रहा है, जो द्विपक्षीय व्यापार में विषमताओं को दूर करेगा एवं अधिक संतुलित व टिकाऊ बनाएगा। आसियान में ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमा, फिलीपीन, सिंगापुर, थाईलैंड व वियतनाम हैं।



- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने मलेशिया के मंत्री के बीच बैठक में मुद्दा उठाया

# द्विपक्षीय व्यापार समझौता: एक आर्थिक सहयोग

द्विपक्षीय व्यापार समझौता दो देशों के बीच व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जाता है। इसके अंतर्गत वस्तुओं, सेवाओं, निवेश और बौद्धिक संपदा अधिकारों जैसे क्षेत्रों में लाभ के लिए नियम और शर्तें तय किए जाते हैं। ऐसे समझौते से व्यापारिक बाधाएं कम होती हैं, शुल्क में छूट मिलती है। द्विपक्षीय व्यापार समझौते कई प्रकार के होते हैं जैसे वस्तु व्यापार, सेवा व्यापार, व्यापक आर्थिक साझेदारी और रणनीतिक क्षेत्रीय समझौते, जो देशों की प्राथमिकताओं पर आधारित होते हैं।

### समझौतों के प्रकार

- **वस्तु व्यापार :** केवल वस्तुओं के आयात-निर्यात पर ध्यान देता है। टैरिफ में रियायतें दी जाती हैं।
- **सेवाओं का व्यापार :** सूचना प्रौद्योगिकी, बैंकिंग, टेलीकॉम, पर्यटन आदि सेवाओं के आदान-प्रदान। पेशेवरों-कामगारों की आवाजाही सुविधाजनक बनाना।
- **व्यापक आर्थिक भागीदारी :** वस्तु, सेवा, निवेश और बौद्धिक संपदा आदि शामिल हैं। यह विस्तृत और गहरा व्यापारिक संबंध बनाता है।
- **रणनीतिक व्यापार :** किसी विशेष क्षेत्र जैसे रक्षा, ऊर्जा, कृषि, या टेक्नोलॉजी के लिए होता है। इसका उद्देश्य रणनीतिक सहयोग बढ़ाना होता है।




### संभावित नुकसान

**घरेलू उद्योग :** सस्ती विदेशी वस्तुएं स्थानीय उत्पादकों को कमजोर कर सकती हैं।

**राजस्व की हानि :** आयात शुल्क घटने से सरकार की आमदनी पर असर पड़ता है।

**असमान लाभ वितरण :** छोटे और कमजोर देशों को अपेक्षाकृत कम लाभ मिल सकता है।

### समझौते से होने वाले लाभ

- **टैरिफ में कमी :** आयात-निर्यात शुल्क घटने से वस्तुएं सस्ती होती हैं।
- **निवेश को बढ़ावा :** विदेशी निवेशकों को स्थिर व अनुकूल वातावरण मिलता है।
- **रोजगार के अवसर :** व्यापार विस्तार से नई नौकरियां उत्पन्न होती हैं।
- **तकनीकी सहयोग :** उन्नत तकनीक व विशेषज्ञता का आदान-प्रदान होता है।
- **राजनयिक संबंध मजबूत :** द्विपक्षीय समझौतों से राजनीतिक और कूटनीतिक रिश्ते भी बेहतर होते हैं।

# गोल्ड ईटीएफ में निवेश 2,081 करोड़, पांच माह का उच्चस्तर

**नई दिल्ली।** सोने में निवेश के माध्यम गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में जून के दौरान 2,081 करोड़ का शुद्ध निवेश हुआ। ये पांच माह में सबसे अधिक मासिक निवेश है। उद्योग निकाय एम्फी ने यह जानकारी दी है।

सोने की कीमतों में मजबूती, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव से गोल्ड ईटीएफ में निवेश बढ़ा है। गोल्ड ईटीएफ एक प्रकार का निवेश साधन है जो सोने को भौतिक रूप में खरीदे बिना निवेश का मौका देता है। इसे शेयरों की ही तरह खरीदा और बेचा जा सकता है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के मुताबिक, गोल्ड ईटीएफ में निवेश जून में खासी बढ़त के साथ 2,081 करोड़ रुपये रहा। मई में 292 करोड़ का शुद्ध निवेश आया था जबकि अप्रैल में 6 करोड़ रुपये और मार्च में 77 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ था। साथ ही 2025 की पहली छमाही में गोल्ड ईटीएफ में निवेश 8,000 करोड़ को पार कर गया।

# सबसे तेज भुगतान भारत में, यूपीआई को श्रेय

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत किसी भी अन्य देश की तुलना में तेज़ भुगतान करता है और इसका श्रेय एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) को जाता है। अंतर्राष्टीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने एक लेख में यह जानकारी देते हुए बताया है कि भारत मे डेबिट और क्रेडिट कार्ड सहित अन्य साधनों का उपयोग घट रहा है।

यूपीआई त्वरित भुगतान प्रणाली है जिसे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा मोबाइल फोन से अंतर-बैंक लेनदेन के लिए विकसित किया गया है। आईएमएफ के वित्तीय प्रौद्योगिकी लेख बढ़ते खुदरा डिजिटल भुगतानः इंटरऑपरेबिलिटी का मूल्य में कहा कि 2016 में पेश होने के बाद से यूपीआई का तेजी से विकास हुआ है, जबकि नकदी के उपयोग के लिए कुछ खंडों में गिरावट आई है। यूपीआई अब प्रति माह 18 अरब से अधिक लेनदेन संसाधित करता है और भारत में अन्य इलेक्ट्रॉनिक खुदरा भुगतानों पर हावी है। भारत अब किसी भी अन्य देश की तुलना में तेज़ भुगतान करता है। साथ ही, नकदी के इस्तेमाल में भी कमी आई है। लेख में भारत के यूपीआई पर लेन-देन की दुनिया को कवर करने वाले आंकड़ों का उपयोग करते हुए इस ढांचे के अनुरूप साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं। यूपीआई एक अंतर-संचालनीय मंच है जो सबसे बड़ी खुदरा त्वरित भुगतान प्रणाली बन गई है। फिनटेक नोट्स आईएमएफ के सदस्यों की ओर से नीति-निर्माताओं को महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यावहारिक सलाह प्रदान करते हैं।




- आईएमएफ ने लेख में किया खुलासा, कहा- भारत मे डेबिट-क्रेडिट कार्ड का उपयोग घटा



## एक नजर

### हैदराबाद में ताड़ी पीने से चार की मौत, 44 भर्ती

**हैदराबाद।** मिलावटी ताड़ी पीने से चार लोगों की मौत हो चुकी है और 44 अस्पताल में भर्ती हैं। गुरुवार को तेलंगाना के स्वास्थ्य मंत्री सी दामोदर राजनरसिम्हा ने सरकारी निजाम आयुर्विज्ञान संस्थान (एनआईएमएस) का दौरा किया और चिकित्सकों से प्रभावितों की जानकारी ली। मंत्री ने बताया कि 31 लोगों का निम्स में, 6 का सरकारी अस्पताल में तथा 7 का निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। उनकी हालत स्थिर है और उनमें से चार का डायलिसिस किया जा रहा है। मरीजों को चार से पांच दिनों में छुट्टी मिलने की संभावना है।

### संपत्ति में वृद्धि पर महाराष्ट्र के मंत्री को आयकर नोटिस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट ने गुरुवार को कहा कि आयकर विभाग ने उन्हें नोटिस जारी कर उनसे 2019 और 2024 के राज्य विधानसभा चुनावों के बीच उनकी संपत्ति में हुई वृद्धि पर स्पष्टीकरण मांगा है। औरंगाबाद (पश्चिम) से विधायक और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना के वरिष्ठ नेता शिरसाट ने कहा कि पार्टी प्रमुख (एकनाथ शिंदे) के बेटे और कल्याण से सांसद श्रीकांत शिंदे को भी आयकर विभाग का नोटिस मिला है।

### 7 करोड़ की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के प्रमुख सदस्य को गिरफ्तार कर सात करोड़ मूल्य की हेरोइन जब्त की है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि दिल्ली के रोहिणी निवासी गौरव (24) को गोपनीय सूचना के बाद गिरफ्तार किया गया था।

# आपातकाल 'काला अध्याय' था : थरूर

## कांग्रेस नेता ने की आलोचना, कहा-1977 के चुनाव में जनता ने इंदिरा को नकारा

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी



वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर ने 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा घोषित आपातकाल की आलोचना की। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने उस दौर की ज्यादतियों का स्पष्ट जवाब उनकी पार्टी को बड़े अंतर से हराकर सत्ता से बाहर करके दिया।

गुरुवार को आपातकाल पर प्रकाशित लेख में कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य ने इसे देश के इतिहास का काला अध्याय बताया और इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी के कृत्यों को याद किया, जिसमें जबरन नसबंदी अभियान एवं नई दिल्ली में झुग्गियों को गिराने के मामले हैं। थरूर ने कहा कि इंदिरा गांधी को इन कठोर कार्रवाई का समर्थन करते हुए देखा गया था। उन्होंने इस मामले में देश की पहली महिला प्रधानमंत्री की आलोचना की, जिन्हें नेहरू परिवार और कांग्रेस भारत की आयरन लेडी मानती है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीडी सतीशन ने लेख पर कहा कि पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व ही इस पर टिप्पणी कर सकता है। थरूर ने इंदिरा गांधी द्वारा घोषित आपातकाल के दौरान उठाए कदमों पर कहा कि अनुशासन और व्यवस्था के लिए किए गए प्रयास अक्सर क्रूरतापूर्ण कृत्यों में बदल जाते हैं। पिछड़े ग्रामीण इलाकों में मनमाने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए हिंसा और बल का इस्तेमाल किया गया। थरूर ने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि ज्यादतियां होने के बावजूद इन कृत्यों को कुछ गरिमा के साथ चित्रित किया गया।

### कांग्रेस आपातकाल की सोच का समर्थन करती है: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने गुरुवार को कांग्रेस पर उस सोच को बढ़ावा देने का आरोप लगाया, जिसने आपातकाल लाया था। पार्टी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के खिलाफ बिहार में राहुल गांधी का प्रदर्शन विपक्षी पार्टी की इस सोच को रेखांकित करता है कि संवैधानिक संस्थाओं की वैधता उनकी चुनावी जीत या हार पर निर्भर करती है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कुछ कांग्रेस नेताओं द्वारा अपने वरिष्ठ सहयोगी शशि थरूर की आलोचना पर विपक्षी पार्टी पर निशाना साधा।

कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने थरूर पर कटाक्ष करते हुए 'एक्स' पर लिखा, जब कोई सहकर्मी भाजपा की बातों को शब्दश: दोहराने लगता है, तो आप सोचने लगते हैं – क्या वह तोता बन रहा है? नकल करना पक्षियों में अच्छा लगता है, राजनीति में नहीं। क्योंकि थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत की कार्रवाइयों का समर्थन करते हुए टिप्पणियां और लेख लिखे हैं।

# भूस्खलन प्रभावित मंडी जिले में सेना तैनात

नई दिल्ली/शिमला, एजेंसी

सेना ने हिमाचल के मंडी जिले में बाढ़ और भूस्खलन की वजह से शेष हिस्सों से कट चुके दूरदराज के गांवों तक राहत सामग्री पहुंचाने के लिए राज्य के प्रमुख स्थानों पर टुकड़ियां तैनात की हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विपक्ष के नेता जय राम ठाकुर के साथ राहत प्रयासों के लिए प्रमुख योजनाओं को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है।

सुक्खू ने बुधवार को थुनाग क्षेत्र का दौरा किया और गुरुवार को एक्स पर इसकी तस्वीरें साझा कीं। सेना के मुताबिक उसका एक ब्रिगेड कमांडर परिचालन अद्यतन जानकारी और बल की टुकड़ियों के साथ मंडी में है। सेना के मुताबिक ब्रिगेड कमांडर की मुख्यमंत्री और मंडी के जिला उपायुक्त के साथ बैठक की योजना है।



हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला की सेराज घाटी में बादल फटने से हुई तबाही।

### पूर्वोत्तर में बाढ़ : सेना ने 3800 लोगों को बचाया

**गुवाहाटी।** सेना ने पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भारी बारिश और बाढ़ के मद्देनजर व्यापक मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियान (एचएडीआर) शुरू किया है। सेना के मुताबिक उसने 40 राहत टुकड़ियां तैनात की हैं और 3,820 लोगों को बचाया है। सेना ने नगालैंड, असम और मणिपुर में समन्वित तैनाती के साथ ऑपरेशन जल राहत-2 के तहत बचाव अभियान शुरू किया है। इन प्रयासों का नेतृत्व असम राइफल्स (उत्तर) के मुख्यालय महानिरीक्षक द्वारा स्थानीय नागरिक प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। इसके अनुसार सेना ने अबतक खाने के 1,361 पैकेट बांटे हैं और पानी की 15,421 बोतलें वितरित की हैं।

# गुरुग्राम : पिता ने ही गोली मारकर की राज्यस्तरीय टेनिस खिलाड़ी की हत्या

गुरुग्राम, एजेंसी

हरियाणा के गुरुग्राम में राज्य स्तरीय टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की गुरुवार को उनके पिता ने ही गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि घटना सुशांत लोक में स्थित दो मंजिला मकान में हुई।

अधिकारियों ने बताया कि 25 वर्षीय राधिका जब खाना बना रही थी तभी उसे पीछे से गोली मारी गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी। राधिका के पिता 49 वर्षीय दीपक यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके पास से .32 बोर की लाइसेंसी पिस्तौल मिली है। पिता द्वारा घटना को अंजाम देने के पीछे की मंशा स्पष्ट नहीं है। पुलिस के मुताबिक पिता ने राधिका को पांच से अधिक गोलियां मारी हैं। घटना के समय राधिका की मां भूतल पर थीं। राधिका पहली मंजिल पर स्थित रसोईघर में थीं। गुरुग्राम सेक्टर 56 पुलिस थाना के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि हम परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर रहे हैं। जांच चल रही है और जल्द ही तस्वीर साफ हो जाएगी। टेनिस खिलाड़ी का परिवार गुरुग्राम के सेक्टर-57 स्थित सुशांत लोक-फेज 2 में रहता है और मूल रूप से वजीराबाद गांव का निवासी है।



- पुलिस के मुताबिक पिता ने राधिका को मारी पांच से अधिक गोलियां

# 40 वर्ष बाद 90 साल के बुजुर्ग को मिली भ्रष्टाचार मामले में राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 1984 के भ्रष्टाचार के मामले में 90 वर्षीय बुजुर्ग को राहत देते हुए उसकी सजा को घटाकर एक दिन किया और कहा कि यह देरी शीघ्र सुनवाई के संवैधानिक प्रावधान के ठीक उलट है।

न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने कहा कि 40 वर्षों तक उस व्यक्ति के भाग्य को लेकर बनी अनिश्चितता ही सजा की अवधि घटाने वाला खुद में एक कारक है। न्यायाधीश ने 8 जुलाई को कहा, सजा पर विचार करते समय, इसे घटाने का महत्वपूर्ण कारक अपीलकर्ता की उम्र है। 90 वर्ष की आयु में, गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित होने से वह कारावास के शारीरिक और मनोवैज्ञानिक प्रभावों को नहीं झेल सकता। यह परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अपीलकर्ता की सजा की अवधि कम करने के लिए एक उपयुक्त मामला है। इसलिए, अपीलकर्ता द्वारा काटी गई सजा की अवधि घटाई जाती है।

# वडोदरा पुल हादसा : मृतकों की संख्या 17 हुई, लापता लोगों की तलाश जारी

वडोदरा, एजेंसी

गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुल के ढहने की घटना में मृतकों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 17 हो गई जबकि तीन-चार लापता लोगों की तलाश जारी है।

बुधवार सुबह पादरा कस्बे के गंभीरा गांव के पास चार दशक पुराने पुल का हिस्सा ढहने से कई वाहन महिसागर नदी में गिर गए। यह पुल आणंद और वडोदरा जिलों को जोड़ता है। वडोदरा के एसपी रोहन आनंद ने बताया, अब तक 17 शव बरामद किए जा चुके हैं जबकि तीन. चार लोग अब भी लापता हैं। तलाश एवं बचाव अभियान अब भी जारी है।

### चार अभियंताओं को मुख्यमंत्री पटेल ने किया निलंबित

**अहमदाबाद।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुल के एक हिस्सा ढहने के मामले में गुरुवार को राज्य के सड़क एवं भवन विभाग के चार अभियंताओं को निलंबित कर दिया। सरकारी विज्ञप्ति अनुसार सड़क एवं भवन विभाग का प्रभार संभालने वाले मुख्यमंत्री पटेल ने विशेषज्ञों से पुल पर की गई मरम्मत, निरीक्षण और गुणवत्ता जांच पर रिपोर्ट तैयार करने को कहा था और इसी रिपोर्ट के आधार पर चार अभियंताओं को निलंबित करने का निर्णय लिया गया।

# स्कूल में छात्राओं के कपड़े उतरवाने पर प्रधानाचार्य सहित दो गिरफ्तार

ठाणे, एजेंसी

- डीईओ ने जांच बीईओ को सौंपी, कहा- रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई

मासिक धर्म हो रहा है या नहीं इसका पता लगाने के लिए ठाणे स्थित निजी स्कूल की छात्राओं के कपड़े उतरवाने के आरोप में पुलिस ने प्रधानाचार्य और एक अन्य कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी।

ठाणे जिला परिषद के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) बालासाहेब रक्षे ने कहा कि जांच के आदेश दे दिए गए हैं, जिसका नेतृत्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) करेंगे और रिपोर्ट देंगे, जिस आधार पर जिला प्रशासन कार्रवाई करेगा। इस घटना के बाद स्कूल प्रधानाचार्य को बर्खास्त कर दिया गया गया। शाहपुर थाने के अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने बुधवार रात स्कूल की प्रधानाचार्य और एक परिचारिका को गिरफ्तार कर लिया। छात्रा के अभिभावक द्वारा दर्ज कराई शिकायत के अनुसार पांचवीं से दसवीं कक्षा तक की छात्राओं को स्कूल के सभागार में बुलाकर प्रोजेक्टर पर शौचालय और फर्श पर खून के धब्बों की तस्वीरें दिखाई गईं, जिन छात्राओं मासिक धर्म न होने की बात कही। उन्हें परिचारिका एक-एक करके शौचालय ले गई और उनकी जांच की। एएसपी(ठाणे ग्रामीण) राहुल जाल्टे ने बताया कि पुलिस पूरी घटना की जांच कर रही है। वहीं, कुछ वकीलों ने दोनों आरोपियों की पैरवी करने से मना कर दिया है।

# बंगाल सरकार ने जांच में प्रगति की रिपोर्ट न्यायालय को सौंपी

**कोलकाता।** प. बंगाल सरकार ने लॉ कॉलेज की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में कोलकाता पुलिस द्वारा की जांच पर गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के समक्ष प्रगति रिपोर्ट पेश की। साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज परिसर में पूर्व छात्र और दो वरिष्ठ छात्रों द्वारा छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म किए जाने के मामले में अदालत ने पुलिस की 'केस डायरी' पर भी गौर किया। इस मामले में जांच की प्रगति रिपोर्ट एक सीलबंद लिफाफे में पेश की गई। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की खंडपीठ ने राज्य सरकार को मामले की जांच में आगे की प्रगति पर चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अदालत ने निर्देश दिया कि मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी।

**विधि छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला**

# उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने दर्जी कन्हैया लाल की हत्या पर आधारित फिल्म उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर गुरुवार को तब तक के लिए रोक लगा दी जब तक केंद्र सरकार फिल्म पर स्थायी प्रतिबंध लगाने की याचिकाओं पर फैसला नहीं कर लेती। फिल्म 11 जुलाई को रिलीज होने वाली थी।

मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और अनीश दयाल की खंडपीठ ने याचिकाकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे दो दिन के अंदर अपनी शिकायत केंद्र के पास लेकर जाएं। कन्हैया लाल हत्याकांड के आरोपियों ने अदालत में याचिका दायर की है, जिसमें कहा गया है कि फिल्म की रिलीज से मामले की निष्पक्ष सुनवाई की संभावना खतरे में पड़ जाएगी। पीठ ने कहा कि निश्चित रूप से याचिकाकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के पास उपलब्ध विकल्प का इस्तेमाल नहीं किया है। हम याचिकाकर्ता को पुनरीक्षण विकल्प इस्तेमाल करने का निर्देश देते हैं। लिहाजा, जब तक अंतरिम राहत देने के आवेदन पर सरकार कोई निर्णय नहीं ले लेती, तब तक फिल्म की रिलीज पर रोक रहेगी। उदयपुर के कन्हैया लाल की जून 2022 में मोहम्मद रियाज और मोहम्मद गौस ने हत्या कर दी थी।



- फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की याचिकाओं पर फैसले तक रोक

### दिल्ली दंगा: दस्तावेज तैयार न करने पर पुलिस को फटकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने फरवरी 2020 दंगों के मामले में आरोपियों को दिए जाने वाले दस्तावेजों की प्रतियों को तैयार करने में देरी को लेकर पुलिस के अधिकारी को फटकार लगाई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने 4 जुलाई को कहा कि अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ पूरक आरोपपत्र, फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) रिपोर्ट और सबूतों वाली पेन ड्राइव दाखिल की है। अदालत ने कहा, जांच अधिकारी (आईओ) ने अभियुक्तों को दी जाने वाली प्रतियां तैयार नहीं की हैं। मुझे इस बात पर भी गौर करना होगा कि आईओ सुबह 10.30 बजे तक अदालत में पेश नहीं हुए और जब वे पेश हुए तब भी वे अभियुक्तों के लिए कोई प्रतियां नहीं लाए। आईओ के आचरण पर मामले में देरी हुई है। यह जानकारी उत्तर-पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त को दी जाए ताकि आईओ पर कार्रवाई हो सके और अगली सुनवाई की तारीख तक रिपोर्ट पेश की जाए।





# रूट ने इंग्लैंड को संभाला, 200 के पार पहुंचाया स्कोर

## तीसरा टेस्ट मैच : भारत ने इंग्लैंड की रन गति पर नियंत्रण बनाए रखा, नीतीश कुमार रेड्डी ने झटके दो विकेट

**लंदन, एजेंसी**

भारत ने इंग्लैंड की रन गति पर नियंत्रण बनाए रखा लेकिन जो रूट और ओली पोप ने बृहस्पतिवार को यहां लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन चाय तक मेजबान टीम को दो विकेट पर 153 रन तक पहुंचा दिया। खबर लिखे जाने तक इंग्लैंड ने चार विकेट के नुकसान पर 226 रन बना लिए थे। जो रूट 82 और कप्तान बेन स्टोक्स 32 रन बनाकर खेल रहे थे।

इससे पहले अपने अति आक्रामक 'बैजबॉल' रवैये के लिए मशहूर इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में काफी धीमी बल्लेबाजी की। टीम ने इस दौरान सिर्फ 70 रन जोड़े लेकिन इस दौरान भारतीय गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा। चाय के समय रूट (109 गेंद पर 54 रन) और पोप (103 गेंद पर 44 रन) क्रीज पर थे। दोंनो ने पारंपरिक टेस्ट मैच की बल्लेबाजी शैली अपनाई और अब तक तीसरे विकेट के लिए 109 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं।

रूट ने फाइन लेग क्षेत्र में चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। भारत ने उम्मीद के मुताबिक एकमात्र बदलाव करते हुए प्रसिद्ध कृष्णा की जगह बुमराह को एकादश में शामिल किया। बेन स्टोक्स ने कोच ब्रैंडन मैकुलम के मार्गदर्शन में खेलते हुए घरेलू मैच में सिर्फ दूसरी बार पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बेन डकेट (40 गेंद पर 23 रन) और जैक क्रॉली (43 गेंद पर 18 रन) की सलामी जोड़ी ने पहले घंटे में 13 ओवर में बिना किसी नुकसान के 39 रन बनाकर इंग्लैंड को सतर्क शुरुआत दिलाई। मैदान की ढलान के कारण भारतीय गेंदबाजों को गेंदबाजी करते समय अभ्यस्त होने में कुछ समय लगा। कप्तान शुभमन गिल ने बुमराह और एजबेस्टन में मैच में 10 विकेट लेने वाले आकाश दीप को नई गेंद सौंपी। गिल ने पहले घंटे के बाद नर्सरी एंड से रेड्डी को गेंद थमाई और उन्होंने निराश नहीं किया। पहला विकेट भाग्य के सहारे मिला जब डकेट ने लेग साइड के बाहर की शॉर्ट गेंद पर विकेटकीपर ऋषभ पंत को कैच थमा दिया। पोप अगली ही गेंद पर आउट हो सकते थे लेकिन गिल गली में मुश्किल कैच लपकने में नाकाम रहे। ओवर की आखिरी गेंद पर क्रॉली का विकेट गिरा। रेड्डी की पिच होने के बाद बाहर की ओर सीम करती हुई गेंद क्रॉली के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर के दस्तानों में चली गई। हालांकि इस प्रतिष्ठित मैदान की क्षमता 30 हजार दर्शकों से कुछ अधिक है लेकिन ऐसा लग रहा था जैसे पूरा लंदन इस आयोजन स्थल की ओर उमड़ पड़ा हो।



इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट पारी के दौरान शॉट लगाते हुए। • एजेंसी

### अगर भारत इंग्लैंड को 300 से कम रनों पर समेट देता है, तो गेंदबाजों ने अपना काम किया: अनिल कुंबले

**नई दिल्ली** : तीसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल शुरू होते ही, जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ अनिल कुंबले ने शुरुआती सत्र, नीतीश कुमार रेड्डी के जरिए भारत को मिली शुरुआती सफलताओं और नई गेंद से निपटने में इंग्लैंड के प्रदर्शन पर चर्चा की। तीसरे टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को पहले सत्र के बाद 'मैच सेंटर लाइव' पर बात करते हुए, अनिल कुंबले ने भारत और इंग्लैंड के बीच **शुरुआती मुकाबलों पर अपना आकलन साझा किया** : मुझे लगता है कि दोनों टीमें इस सत्र के परिणाम से काफी हद तक खुश होंगी। भारत को लग सकता है कि उसने एक और विकेट लेने का मौका गंवा दिया, खासकर दो शुरुआती आउट होने के बाद। दिलचस्प बात यह थी कि सफलता बुमराह, आकाशदीप या सिराज से नहीं मिली – यह नीतीश कुमार रेड्डी थे जिन्होंने आगे बढ़कर न केवल एक, बल्कि दो महत्वपूर्ण विकेट लिए। आगे बढ़ते हुए, स्लिप क्षेत्ररक्षण महत्वपूर्ण होगा। उछाल और गति में निरंतरता नहीं रही है – गेंद हमेशा आसानी से कीपर के पास नहीं पहुंच रही है – इसलिए भारत को घेरे में सतर्क रहना होगा। **नीतीश कुमार रेड्डी के नई गेंद से आश्चर्यजनक प्रभाव के बारे में** : यह उनकी लंबाई और उनके हाई-आर्म एक्शन का नतीजा था – यही अंतर पैदा करता था। इस सतह पर, जोफ्रा आर्चर जैसा गेंदबाज बहुत खतरनाक हो सकता है, और नीतीश ने इसकी झलक दिखाई। यहां की ढलान गेंद को बाएं हाथ के बल्लेबाज से दूर ले जाने में मदद करती है, और दुर्भाग्य से बेन डकेट दो बार इसका शिकार हुए। क्रॉली के आउट होने की बात करें तो वह एक खूबसूरत पारी थी। उनकी लंबाई और लाइन बिल्कुल सही थी, और गेंद पिच से इतनी दूर गई कि किनारे तक पहुंच गई।

### पंत उंगली में चोट की वजह से मैदान से बाहर, जुरेल कर रहे कीपिंग

**लंदन** : भारत को लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन के दूसरे सत्र में ध्रुव जुरेल को विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी के लिए बुलाना पड़ा। दरअसल, ऋषभ पंत को दूसरे सत्र में लेग स्टंप के बाहर जाती हुई गेंद को कलेक्ट करते हुए बाएं हाथ की उंगली में चोट आ गई थी। जिसके बाद उनके उपचार के लिए खेल को काफी देर रोकना भी पड़ा, लेकिन इसके बावजूद पंत दर्द में नजर आए। उन्होंने इंग्लैंड की पारी का वह 34वां ओवर तो पूरा किया लेकिन उसके बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। 2017 से ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में नियम में बदलाव आया था जिसके बाद से मैच के दौरान विकेटकीपर को चोट लगने पर दल में मौजूद विशेषज्ञ विकेटकीपर से सब्सटिट्यूट किया जा सकता है, लेकिन वह सिर्फ कीपिंग कर सकता है। बल्लेबाजी करने की अनुमति उस सब्सटिट्यूट विकेटकीपर की नहीं होती है। डेब्यू करने के बाद से पंत भारत के लिए टेस्ट में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने इस सीरीज के पहले टेस्ट में भी दो शतक लगाए थे और एंडी फ्लॉवर के बाद ऐसा करने वाले दुनिया के सिर्फ दूसरे विकेटकीपर बन गए। जुरेल ने भारत के लिए पंत की अनुपस्थिति में ही टेस्ट डेब्यू किया था, उन्होंने अपनी पहली सीरीज में 63.33 की औसत से रन बनाए थे। लेकिन जैसे ही पंत की वापसी हुई, उन्हें अपना स्थान खोना पड़ा। हालांकि ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर उन्हें एक टेस्ट में बतौर बल्लेबाज़ खिलाया गया था लेकिन उस टेस्ट की दोनों पारियों का उनका योग 12 रन था।





लॉर्ड्स स्थित एमसीसी संग्रहालय में अपने चित्र के अनावरण के दौरान स्वयं मौजूद सचिन तेंदुलकर। • एजेंसी

## एमसीसी संग्रहालय में सचिन के चित्र का अनावरण

**लंदन, एजेंसी**

● स्टुअर्ट पियर्सन ने यह चित्र 18 वर्ष पहले अपने घर पर ली गई तस्वीर से बनाया है

भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच की शुरुआत से पहले बृहस्पतिवार को लॉर्ड्स के एमसीसी (मेरिलबोन क्रिकेट क्लब) संग्रहालय में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के चित्र (पोर्ट्रेट) का अनावरण किया गया।

यह पोर्ट्रेट स्टुअर्ट पियर्सन राइट ने 18 वर्ष पहले अपने घर पर ली गई एक तस्वीर से बनाया है। यह पोर्ट्रेट इस वर्ष के अंत तक एमसीसी संग्रहालय में रहेगा और उसके बाद इसे पवेलियन में लगाया जाएगा। यहां जारी की गई एक विज्ञप्ति में कहा गया है जैसे-जैसे काम आगे बढ़ा, पियर्सन राइट का दृष्टिकोण भी बदलता गया और अंततः घिसे हुए एल्युमीनियम पर तेल की चित्रकारी के साथ यह समाप्त हुआ। इसमें अमूर्त पृष्ठभूमि तेंदुलकर की कालातीतता को दर्शाती है, जो किसी युग तक सीमित नहीं है। पियर्सन राइट ने इससे पहले कपिल देव, बिशन सिंह बेदी और दिलीप वेंगसरकर के चित्र बनाए हैं। विज्ञप्ति के अनुसार तेंदुलकर ने कहा यह बहुत बड़ा सम्मान है। भारत ने जब 1983 में विश्व कप जीता था, तब लॉर्ड्स से मेरा पहला परिचय हुआ था। उन्होंने कहा मैंने हमारे कप्तान कपिल देव को ट्रॉफी उठाते देखा। उस पल ने क्रिकेट में मेरे सफर को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज जब पवेलियन में मेरा पोर्ट्रेट लगाया गया है, तो ऐसा लग रहा है जैसे मेरा सफ़र पूरा हो गया हो। जब मैं अपने करियर के बारे में सोचता हूं तो मेरे चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। लॉन्ग रूम गैलरी खेल जगत की सबसे पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित गैलरी है। क्लब में वर्तमान में लगभग 3,000 तस्वीरें हैं, जिनमें से लगभग 300 पोर्ट्रेट हैं। पियर्सन राइट ने कहा यह स्पष्ट था कि एमसीसी नहीं चाहता था कि यह पोर्ट्रेट मेरे द्वारा बनाए गए भारतीय क्रिकेट से जुड़े पिछले चित्रों के समान प्रारूप में हो, इसलिए इस चित्र के साथ एक नया दृष्टिकोण अपनाया गया।

## एक नजर

### संन्यास ले चुके क्रिकेटरों की लीजेंड्स लीग क्रिकेट 19 नवंबर से

**नई दिल्ली** : संन्यास ले चुके क्रिकेटरों की फ्रेंचाइजी आधारित टी 20 प्रतियोगिता लीजेंड्स लीग क्रिकेट का चौथा सत्र 19 नवंबर से 13 दिसंबर तक भारत के विभिन्न शहरों में आयोजित किया जाएगा। लीग के चेयरमैन विवेक खुशालानी ने यहां एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा हमें लीजेंड्स लीग क्रिकेट के चौथे सत्र की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। इस साल, हम ज्यादा मैचों, ज्यादा आयोजन स्थलों और दिग्गज खिलाड़ियों के बड़े पूल के साथ इसे अधिक आकर्षक बना रहे हैं। यह टूर्नामेंट कई शहरों में आयोजित किया जाएगा। आने वाले हफ़्तों में आयोजन स्थलों और कार्यक्रम के साथ ही टीमों की संरचना और प्रमुख खिलाड़ियों की घोषणा भी की जाएगी। इस टूर्नामेंट के पिछले सत्र में शिखर धवन, सुरेश रैना, आरोन फिंच, मार्टिन गुप्टिल, गौतम गंभीर, क्रिस गेल, हाशिम अमला और रॉस टेलर जैसे खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

### पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में आकर्षण का केंद्र होंगे सुमित अंतिल

**बेंगलुरु** : दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल शुक्रवार से यहां कांतीरावा स्टेडियम में शुरू हो रही इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मुख्य आकर्षण होंगे। यह सितंबर में होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। इस दो दिवसीय चैंपियनशिप में भारत के 262 खिलाड़ी भाग लेंगे, जो नयी दिल्ली में होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए खिलाड़ियों के पास आखिरी मौका होगा। अंतिल के अलावा प्रवीण कुमार (ऊंची कूद, टी 44), दो बार के पैरालंपिक रजत पदक विजेता योगेश कथुनिया (डिस्कस थ्रो, एफ 56), धर्मबीर नैन (क्लब थ्रो, एफ 51), रिंकू हुड्डा (भाला फेंक, एफ 46) और सिमरन (100 मीटर और 200 मीटर, टी 12) के प्रदर्शन पर भी सभी की निगाहें टिकी रहेंगी।

### फीफा रैंकिंग में भारत 133वें स्थान पर, नौ साल में सबसे खराब रैंकिंग

**नई दिल्ली** : भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम जून में मिली दो हार से बृहस्पतिवार को जारी फीफा रैंकिंग में छह पायदान की गिरावट से 133वें स्थान पर खिसक गई। भारत चार जून को एक अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में थाईलैंड (0-2) से हार गया और फिर एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के मैच में उसे निचली रैंकिंग वाली हांगकांग (0-1) से भी पराजय झेलनी पड़ी। इसके बाद मुख्य कोच मनोलो मारकेज ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से नाता तोड़ लिया। इससे पहले पिछली बार भारतीय टीम की सबसे खराब रैंकिंग दिसंबर 2016 में थी जब वह 135वें स्थान पर थी। भारत की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग फरवरी 1996 में 94 थी। भारतीय टीम के अभी 1113.22 रेटिंग अंक हैं जबकि पहले उसके 1132.03 अंक थे। वह 46 एशियाई देशों में 24वें स्थान पर है जिसमें जापान (17वीं रैंकिंग) सबसे आगे है।

## हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय शिविर के लिए खिलाड़ियों की घोषणा की

**बेंगलुरु, एजेंसी**

हॉकी इंडिया ने बृहस्पतिवार को 14 जुलाई से सात अगस्त तक यहां साई केंद्र में आयोजित होने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 33 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। यह शिविर भारतीय टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि वह दो बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों (ऑस्ट्रेलिया दौरे और 29 अगस्त से सात सितंबर तक राजगीर में होने वाले हीरो एशिया कप) की तैयारी कर रही है। एशिया कप का विजेता अगले साल 14 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले एफआईएच पुरुष विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगा। यूरोप में प्रो लीग 2024-25 के निराशाजनक अभियान के बावजूद कोचिंग स्टाफ का ध्यान आगामी टूर्नामेंटों से पहले लय हासिल करने और महत्वपूर्ण विभागों में सुधार करने पर लगा है। गोलकीपिंग इकाई में कोई बदलाव नहीं हुआ है जिसमें कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा, पवन और मोहित एचएस मौजूद हैं।



### संभावित 33 खिलाड़ी

**गोलकीपर** : कृष्ण बी पाठक, सूरज करकेरा, पवन, मोहित एचएस। **डिफेंडर** : सुमित, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, संजय, यशदीप सिवाच, अमनदीप लाकड़ा। **मिडफील्डर** : राज कुमार पाल, नीलकंठ शर्मा, हार्दिक सिंह, राजिंदर सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, पूवन्ना सीबी, विष्णुकांत सिंह। **फॉरवर्ड** : गुरजंत सिंह, अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, आदित्य अर्जुन लगागे, सेल्वम कार्थी, उत्तम सिंह, अंगद बीर सिंह।

### भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने आयरलैंड को 6-0 से हराया

**नीदरलैंड** : भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां हॉकी क्लब ओरांजे रूड में आयरलैंड को 6-0 से करारी शिकस्त दी। यह भारत ए की आयरलैंड के खिलाफ लगातार दूसरी जीत है, जिसे उसने दौरे के पहले मैच में 6-1 से हराया था। उत्तम सिंह ने भारत ए के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद कप्तान संजय ने स्कोर 2-0 कर दिया। मिडफील्डर मोहम्मद राहील मौसीन ने लगातार दो गोल दागे। अमनदीप लाकड़ा और वरुण कुमार ने एक-एक गोल किया।

## रियल मैड्रिड को शिकस्त देकर पीएसजी फाइनल में

**ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)** : चैंपियंस लीग के चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फैबियान रुइज़ के दो गोल की मदद से पहले 24 मिनट में तीन गोल की बढ़त बनाकर रियाल मैड्रिड को 4-0 से करारी शिकस्त देकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका सामना चेल्सी से होगा।

रुइज ने छठे मिनट में और ओसमान डेम्बेले ने नौवें मिनट में डिफेंडर राउल असेंशियो और एंटोनियो रुडिगर की गलतियों का फायदा उठाकर गोल दागे। इसके बाद 24वें मिनट में रुइज़ ने जवाबी हमले में स्कोर 3-0 कर दिया। पीएसजी की तरफ से गोंकालो रामोस ने 87वें मिनट में एक और गोल किया। रियाल के किलियन एमबाप्पे अपनी पूर्व टीम के खिलाफ पहले मैच में किसी भी समय खास चुनौती पेश नहीं कर पाए। पीएसजी रविवार को फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के लिए उतरेगा।

## भारतीय महिला टीम ने श्रृंखला जीती

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

भारत ने अपने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत चौथे मैच में छह विकेट से जीत हासिल कर इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतकर नया इतिहास रचा। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है।

अंतिम मैच शनिवार को बर्मिंघम में खेला जाएगा। भारत ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र टी-20 मैच में इंग्लैंड को हराया था। उसके बाद से भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू और विदेशी धरती पर खेली गई प्रत्येक महिला टी-20 श्रृंखला में हारती रही थी।

बुधवार की रात को खेले गए मैच में भारत की शानदार जीत में स्पिन गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभाई। राधा यादव (2/15), श्री चरणी (2/30) और दीप्ति शर्मा (1/29) ने मिलकर पांच विकेट लिए और मेजबान टीम को सात विकेट पर 126 रन पर रोक दिया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज़ शेफाली वर्मा (32) और स्मृति मंधाना (31) ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी करके जीत की नींव रखी। भारतीय टीम ने 17 ओवर में चार विकेट पर 127 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि महिला टी-20 विश्व कप अगले साल इंग्लैंड में खेला जाएगा और इससे उसे यहां की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में मदद मिलेगी।




जीत के बाद जश्न मनातीं भारतीय महिला टीम की खिलाड़ी। • एजेंसी

● इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार महिला टी20 सीरीज जीतकर रचा नया इतिहास

### हम आगे भी बड़ी उपलब्धि हासिल करना चाहते हैं: राधा



**मैनचेस्टर** : अपनी स्पिन गेंदबाजी से भारत की इंग्लैंड के खिलाफ महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाने वाली बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने कहा कि टीम कोई बड़ी उपलब्धि हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध थी। इस बार का विश्वास और समर्पण वाकई अलग है।

## अनिसिमोवा ने सबालेंका को हराकर उलटफेर किया

**लंदन, एजेंसी**

तेरहवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा ने बृहस्पतिवार को यहां विम्बलडन में शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका को 6-4, 4-6, 6-4 से हराकर उलटफेर करते हुए अपने करियर में पहली बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में प्रवेश किया।

अनिसिमोवा ने बर्नआउट के कारण एक साल पहले टेनिस से ब्रेक लिया था। न्यू जर्सी में जन्मी और फ्लोरिडा में पली-बढ़ी अनिसिमोवा 17 साल की उम्र में 2019 फ्रेंच ओपन में सेमीफाइनल में हार गई थीं। मई 2023 में उन्होंने यह कहते हुए टूर से ब्रेक ले लिया कि वह लगभग एक साल से मानसिक स्वास्थ्य से जूझ रही हैं। चौथे मैच प्वाइंट पर फोरहैंड विनर के साथ दो घंटे 36 मिनट के मुकाबले को समाप्त करने के बाद अनिसिमोवा ने कहा यह अभी वास्तविक नहीं लग रहा है। मुझे नहीं पता कि मैंने यह जीत कैसे हासिल की। अब ट्रॉफी के लिए शनिवार को उनका सामना इगा स्वियातेक और बेलिंडा बेनसिच के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। इस तरह लगातार आठवीं बार विम्बलडन को नई महिला चैंपियन मिलेगी। सबालेंका अक्टूबर में स्वियातेक को हटाकर शीर्ष पर पहुंची थी। सबालेंका इस हार से सेरेना विलियम्स के बाद लगातार चार ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने से चूक गईं।



महिला एकल सेमीफाइनल में बेलारूस की आर्यना सबालेंका को हराने के बाद अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा खुशी जताती हुईं। • एजेंसी

### जोकोविक विंबलडन के सेमीफाइनल में

**लंदन** : नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके पुरुष एकल में रिकॉर्ड 14वीं बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से होगा। अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में विश्व के 22वें नंबर के खिलाड़ी फ्लेवियो कोबोली को 6-7 (6), 6-2, 7-5, 6-4 से हराया। इससे पहले तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर ने शानदार सर्विस और तेज फोरहैंड का इस्तेमाल करते हुए 10वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को 7-6 (2), 6-4, 6-4 से हराया। जोकोविच को सिनर से पिछले चार मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है।

## श्रेयंका और साधु ऑस्ट्रेलिया दौर के लिए भारत ए टीम में

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल और तेज गेंदबाज टिटास साधु को अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए बृहस्पतिवार को भारत ए महिला टीम में चुना गया। चोटों से वापसी करने वाली इन दोनों खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलियाई दौरे की टीम में शामिल किया गया जो सात से 24 अगस्त के बीच तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय, इतने ही वनडे और चार दिवसीय एक मैच खेलेगी।

श्रेयंका पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में हुए महिला टी20 विश्व कप के बाद से चोट के कारण नहीं खेल पा रही थीं। उन्हें सितंबर में महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग में खेलने के लिए गत चैंपियन बारबाडोस रॉयल्स ने पहले ही चुन लिया है। वहीं साधु श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला में नहीं खेली थीं और चोट के कारण अप्रैल में इंग्लैंड के मौजूदा सफेद गेंद के दौरे के लिए भी टीम में नहीं थीं।

**भारत की टी20 टीम** : राधा यादव (कप्तान), मीनू मणि (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, डी वृंदा, सजना सजीवन, उमा छेत्री (विकेटकीपर), राघवी बिष्ट, श्रेयंका पाटिल, प्रेमा रावत, नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), तनुजा कंवर, जोशिता वीजे, शबनम शकील, साइमा ठाकोर, टिटास साधु।

**वनडे और चार दिवसीय टीम** : राधा यादव (कप्तान), मीनू मणि (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, तेजल हसबनिस, राघवी बिष्ट, तनुश्री सरकार, उमा छेत्री (विकेटकीपर), प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), धारा गुज्जर, जोशिता वीजे, शबनम शकील, साइमा ठाकोर, टिटास साधु।

# कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

- खालिस्तानी आतंकवादी हरजीत सिंह लाडी ने ली जिम्मेदारी

कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया स्थित सरे में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर बुधवार रात फायरिंग की गई। कपिल शर्मा ने तीन दिन पहले 7 जुलाई को कैप्स कैफे नाम के इस कैफे का उद्घाटन किया था। खालिस्तानी आतंकवादी हरजीत सिंह लाडी ने हमले की जिम्मेदारी ली है जो एनआईए का मोस्ट वांटेड है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हमलावरों ने कपिल शर्मा के कैफे पर नौ राउंड फायरिंग की। उन्होंने इस फायरिंग का वीडियो भी बनाया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में कैफे के बाहर एक कार में बैठा व्यक्ति गाड़ी के अंदर से फायरिंग करते दिख रहा है। हालांकि घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

बताया जा रहा है कि हरजीत सिंह लाडी बब्बर खालसा इंटरनेशनल का सदस्य है और उस पर इनाम भी घोषित है। कपिल शर्मा ने पत्नी गिन्नी चतरथ के साथ रेस्टोरेंट इंडस्ट्री में कदम रखा है। गोलीबारी के बाद पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच की। बताया जा रहा है कि लाडी ने कुछ दिन पहले एक कॉमेडी शो के दौरान निहंग सिखों के खिलाफ टिप्पणी को लेकर कपिल शर्मा के कैफे पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया।

# कोयंबटूर विस्फोट का मुख्य आरोपी 29 साल बाद गिरफ्तार

**चेन्नई।** तमिलनाडु पुलिस ने 1998 के कोयंबटूर सिलसिलेवार बम विस्फोटों और हत्या के मामलों में 29 साल से फरार मुख्य आरोपी को गुरुवार को कर्नाटक के विजयपुरा जिले से गिरफ्तार कर लिया।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक तमिलनाडु की एटीएस ने विशिष्ट और खुफिया जानकारी के आधार पर कोयंबटूर बम विस्फोट और प्रदेश में सांप्रदायिक हत्याओं के मामलों के मुख्य आरोपी सादिक उर्फ टेलर राजा उर्फ शाहजहां शेख को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी कोयंबटूर का मूल निवासी है और वह पिछले 29 वर्षों से फरार चल रहा था और 1996 के बाद से कभी गिरफ्तार नहीं हुआ।

# देश भर में फैला हुआ है... धर्मांतरण का जाल

भारत में धर्मांतरण एक संवेदनशील और विवादास्पद मुद्दा है। एक पक्ष इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हिस्सा मानता है तो दूसरे पक्ष के लिए यह राष्ट्रीय सुरक्षा, सांस्कृतिक अस्मिता और जनसंख्या असंतुलन का कारण है। भारत में धर्मांतरण कराने के संगठित प्रयास जो किसी न किसी मिशन का हिस्सा होते हैं, काफी आम हैं। यह मुस्लिम संगठनों और ईसाई मिशनरियों से जुड़ा मुद्दा रहा है। धर्मांतरण का सामाजिक और राजनीतिक पहलू ये है कि इसके पीछे जनसंख्या संतुलन बदलने, वोट बैंक बनाने या किसी समुदाय की सांस्कृतिक पहचान कमजोर करने की मंशा निहित होती है। धार्मिक नजरिए से इसे धर्म प्रचार और आत्मिक मुक्ति का कार्य माना जाता है। बहरहाल, हिंदू समुदाय के गरीब, दलित, आदिवासी समाज के लोग इस मिशन से सर्वाधिक प्रभावित होते हैं।



## धर्मांतरण अभियान के स्रोत

आमतौर पर धर्मांतरण अभियान तीन स्रोतों से संचालित होते हैं। दारुल इस्लाम और तब्लीगी जमात जैसे आंदोलनों के लिए जरिए कुछ इस्लामिक संगठनों पर धर्मांतरण के अभियान चलाए जाने के आरोप लगते रहे हैं। इनकी फंडिंग का स्रोत खाड़ी देशों से आने वाला चंदा, निजी ट्रस्ट और वक्फ बोर्ड को बताया जाता है। दूसरे नंबर पर कई ईसाई मिशनरियां हैं जिन्हें अमेरिका, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों से फंडिंग प्राप्त होती है।

## हर साल करोड़ों की फंडिंग

फॉरेन कॉन्ट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट (एफसीआरए) के तहत विदेशी फंडिंग पर नजर रखी जाती है। एफसीआरए के 2021-22 के आंकड़ों के मुताबिक केरल के बिलीवर्स चर्च को यूएस और कनाडा से 320 करोड़, तमिलनाडु के संगठन वर्ल्ड विजन इंडिया को यूएस से 280 करोड़, झारखंड के कॉम्पैशन ईस्ट इंडिया और केरल के गॉस्पेल फॉर एशिया को अमेरिका से सौ-सौ करोड़, पश्चिम बंगाल की मिशनरीज ऑफ चैरिटी को यूके और कनाडा से 75 करोड़, दिल्ली की इवैनजेलिकल फेलोशिप ऑफ इंडिया को अमेरिका से 50 करोड़ और दिल्ली की इस्लामिक रिलीफ इंडिया को खाड़ी देशों से 20 करोड़ से ज्यादा मिले थे। इस सूची में कई और संगठन हैं जिन्हें विदेशी चंदा मिलता है।

## कोई राज्य अछूता नहीं

- उत्तर प्रदेश में 2021 में एटीएस ने धर्मांतरण रैकेट का भंडाफोड़ कर उमर गौतम और जहांगीर कासमी को गिरफ्तार किया था। 2023 में लव जिहाद के आरोप में कई गिरफ्तारियां हुईं।
- मध्य प्रदेश में 2021 से 2023 के बीच ईसाई मिशनरियों पर आदिवासी इलाकों में धर्मांतरण कराने के कई आरोप लगे।
- छत्तीसगढ़ में 2022-23 में नारायणपुर व बस्तर में आदिवासी धर्मांतरण पर कई झड़पें हुईं, तमाम विरोध प्रदर्शन भी हुए।
- झारखंड में 2017 में फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट बना क्योंकि कई आदिवासी क्षेत्रों में चर्च की गतिविधियों पर सवाल उठे थे।
- ओडिशा में 2008 कंधमाल दंगे हुए। स्वामी लक्ष्मणानंद की हत्या के बाद ईसाई मिशनरियों पर बड़े पैमाने पर आरोप लगे।
- केरल के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में लव जिहाद और धर्मांतरण पर राजनीतिक विवाद हुए। कुछ केस इतने गंभीर थे कि जांच के लिए एनआईए के सुपुर्द किए गए।

## ये हैं धर्मांतरण कराने के प्रमुख हथियार

- लालच : गरीबों को भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, नौकरी का वादा देकर।
- धोखा : धोखे से धार्मिक पहचान बदलकर विवाह, फर्जी पहचान से संपर्क।
- भय और दबाव : जाति अत्याचार या सामाजिक बहिष्कार का डर दिखाकर।
- भावनात्मक अपील : चमत्कार, चंगाई सभा, पापमुक्ति के संदेश के जरिए भ्रमित कर।

## एक नजर

### रूसी सेना को मिली सुखोई जहाजों की एक और खेप

**मॉस्को।** यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझी रूसी फौज को जंगी जहाज सुखोई -34 की एक और खेप मिल गई है। इन जहाजों को बनाने का काम यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन (यूएसी) के पास है। यूएसी की मूल कंपनी रोस्टेक ने गुरुवार को बताया कि रक्षा मंत्रालय को लड़ाकू बमवर्षक सुखोई -34 की पांचवीं खेप सौंप दी गई है। रोस्टेक ने एक पायलट के हवाले से कहा कि सुखोई -34 की ताकत यह है कि यह कई तरह के कामों को बखूबी अंजाम दे सकता है। खासतौर पर इसके हथियारों की रेंज और लड़ाकू अभियानों को अंजाम देने के तरीका विशिष्ट है। इस लड़ाकू विमान को फैक्ट्री परीक्षण के एक पूरे चक्र से गुजरना पड़ा, जिसके दौरान उन्हें घरेलू हवाई क्षेत्र के लिए उड़ान पहले विभिन्न परिचालन मोड के तहत जांचा गया।

### पांच देशों की सफल यात्रा के बाद स्वदेश लौटे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों की आठ दिन की यात्रा संपन्न होने के बाद गुरुवार सुबह स्वदेश लौट आए। प्रधानमंत्री दो जुलाई को घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा पर रवाना हुए थे। यात्रा के अंतिम चरण में वह बुधवार को नामीबिया पहुंचे थे जहां उन्होंने नामीबियाई राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की। श्री मोदी ने नामीबिया की संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को भी संबोधित किया।

### अमरनाथ यात्रियों का नौवां जत्था हुआ रवाना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिये आए 7,307 तीर्थयात्रियों का नौवां जत्था पूरे उत्साह उमंग के साथ भगवती नगर में बने यात्री निवास से पवित्र गुफा मंदिर के लिए गुरुवार को रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि स्वनिर्मित हिम शिवलिंग दर्शन के लिए तीर्थयात्री जम्मू आधार शिविर से 284 गाड़ियों में रवाना हुए। 4,226 तीर्थयात्री पहलगाम और 3,081 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए।

### कठुआ में बारिश के बीच मालगाड़ी पटरी से उतरी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में रेलवे पटरियों के बारिश के पानी में डूब जाने के कारण बृहस्पतिवार को एक मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे जम्मू-पठानकोट मार्ग पर रेल यातायात बाधित हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना जिले के लखनपुर इलाके में हुई जब ट्रेन जम्मू से पंजाब जा रही थी। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना से रेल यातायात बाधित हो गया और ट्रेनों की आवाजाही बहाल करने के प्रयास जारी हैं।

# ब्राजील की ट्रंप को दो टूक - हम संप्रभु राष्ट्र, नसीहत बर्दाश्त नहीं

## अमेरिका की ओर से 50 प्रतिशत टैरिफ पर राष्ट्रपति ने सुनाई खरी-खरी

ब्रासीलिया, एजेंसी

ब्राजील के सामानों पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ का विरोध करते हुए राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा ने कहा है कि ब्राज़ील एक संप्रभु राष्ट्र है जिसके पास स्वतंत्र संस्थाएं हैं और वह किसी भी प्रकार की नसीहत नहीं स्वीकार करेगा।

सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर ट्रंप की टिप्पणी का जवाब देते हुए लूला ने जोर देकर कहा कि ब्राजील एक संप्रभु राज्य है और अपनी लोकतांत्रिक संस्थाओं या न्यायिक प्रक्रियाओं में बाहरी हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। लूला ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से बुधवार को सोशल मीडिया पर दिए गए सार्वजनिक बयान को ध्यान में रखते हुए इन बातों पर प्रकाश डालना जरूरी है कि ब्राजील एक संप्रभु राष्ट्र है जिसके स्वतंत्र संस्थान हैं और वह किसी भी प्रकार की नसीहत स्वीकार नहीं करेगा। अमेरिका और ब्राजील के बीच व्यापार असंतुलन को सिरे से खारिज करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि टैरिफ वृद्धि का मसला ब्राजील के आर्थिक पारस्परिक कानून के अनुसार निपटाया जाएगा। ट्रंप ने ब्राजील पर अमेरिका में स्वतंत्र चुनावों और बोलने की आजादी पर हमला करने का आरोप लगाया था, जिसके जवाब में ब्राजील के राष्ट्रपति ने उन्हें अवांछित सम्राट बताया था।



### अमेरिका से नए शुल्क मसले पर वार्ता करेगा मेक्सिको

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने कहा है कि मेक्सिको का एक प्रतिनिधिमंडल अगले सप्ताह वाशिंगटन में अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात कर नए व्यापार शुल्कों पर बातचीत कर बेहतर समाधान का प्रयास करेगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए आयात शुल्क पर उन्होंने यह प्रतिक्रिया व्यक्त की है। शीनबाम ने बुधवार को अपनी दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इस सप्ताह हमारी एक टीम इस वैश्विक समझौते पर काम करने के लिए अमेरिका की यात्रा पर जा रही है। हमने इस मामले में राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ जी 7 में चर्चा की थी। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई वित्त मंत्री मार्सेलो एबरार्ड करेंगे और इसमें वित्त और विदेश मामलों के सचिवालयों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

### श्रीलंका में 30 प्रतिशत टैरिफ पर विपक्ष के निशाने पर सरकार

**कोलंबो।** श्रीलंका के मुख्य विपक्षी नेता ने देश के सभी आयात पर अमेरिका की ओर से लगाए गए 30 प्रतिशत शुल्क को लेकर सरकार की आलोचना करते हुए इसे खराब वार्ता का परिणाम बताया। अमेरिका ने बुधवार को श्रीलंका समेत सात देशों के शासनाध्यक्षों को पत्र भेजकर उनके आयात पर शुल्क लगाने की बात कही है। अमेरिका का यह कदम कई देशों को लक्षित एक व्यापक व्यापार पहल का हिस्सा है। मुख्य विपक्षी नेता साजिथ प्रेमदासा ने कहा कि 30 प्रतिशत की दर उचित नहीं है। यह खराब बातचीत की कीमत है जो हम चुका रहे हैं। श्रीलंका ने नये शुल्क पर दो दौर की वार्ता की, जिसके बारे में विश्लेषकों का कहना है कि इससे निर्यात क्षेत्र में 50,000 नौकरियां खतरे में पड़ जाएंगी। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके को लिखे पत्र में कहा गया है कि नया 30 प्रतिशत शुल्क एक अगस्त से लागू होगा।

# ईरान से शांति वार्ता सिर्फ एक ख्याली पुलाव: नेतन्याहू

- इजराइली पीएम के बयान से झलकी ट्रंप की कूटनीति से नाउम्मीदी

**यरुशलम।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान एक साल में ही परमाणु बम बना लेगा और अमेरिका- इजरायल विरोधी रवैये के कारण उससे शांति वार्ता की उम्मीद नहीं है। उन्होंने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा कि ईरान से शांति की बातचीत करना महज एक ख्याली पुलाव है। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान अमेरिका और इजराइल दोनों का कट्टर विरोधी है और इसलिए उसे ऐसे किसी समझौते पर राजी नहीं कर सकते, जिसमें वह परमाणु हथियार बनाने की अपनी योजनाओं को छोड़ दे। इजराइली शीर्ष नेतृत्व का यह बयान इशारा करता है कि वह ईरान के साथ भविष्य में किसी भी तरह की अमेरिकी कूटनीति को लेकर बेहद सशंकित और निराशावादी है।

नेतन्याहू ने कहा, ईरान से एक अच्छा समझौते होने का आशय होगा कि वह सभी परमाणु गतिविधियां, सभी संवर्धन बंद कर दे। वह उन बैलिस्टिक मिसाइलों को बनाना बंद कर दे, जो अंतरराष्ट्रीय संधियों के अनुसार नहीं हैं।

# ऑनलाइन सट्टेबाजी: 29 अभिनेता, यूट्यूबर और इन्फ्लुएंसर पर केस दर्ज

हैदराबाद, एजेंसी

- ईडी की बड़ी कार्रवाई, सभी पर अवैध सट्टेबाजी से करोड़ों की धनराशि अर्जित करने का आरोप

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कुछ ऑनलाइन सट्टेबाजी मंचों के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत तेलंगाना में कुछ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबर के अलावा विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबती एवं प्रकाश राज जैसे अभिनेताओं सहित 24 से अधिक मशहूर हस्तियों की भूमिका की जांच के लिए धनशोधन का मामला दर्ज किया है।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक इन माध्यमों से कथित तौर पर अवैध सट्टेबाजी और जुए के जरिए करोड़ों रुपये की अवैध धनराशि अर्जित करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने पीएमएलए के तहत मामला दर्ज करने के लिए पांच राज्यों की पुलिस की प्राथमिकियों का संज्ञान लिया है। ईडी मामले में देवरकोंडा, दग्गुबती, मंचू लक्ष्मी, राज, निधि अग्रवाल, प्रणिता सुभाष, अनन्या नागल्ला, टीवी होस्ट श्रीमुखी के अलावा स्थानीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबर सहित लगभग 29 हस्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

सूत्रों ने बताया कि इन हस्तियों पर सेलिब्रिटी या एंडोर्समेंट शुल्क के बदले जंगली रमी, जीतविन, लोटस365 आदि जैसे सट्टेबाजी ऐप का प्रचार करने का संदेह है। इनमें से कुछ हस्तियों ने पहले कहा था कि वे जिन ऐप और उत्पादों का प्रचार करते हैं उनकी सही कार्यप्रणाली के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं थी।

### कर्नाटक में विधायक के ठिकानों पर ईडी के छापे

**बेंगलुरु।** ईडी ने गुरुवार को फेमा के तहत कर्नाटक कांग्रेस विधायक एसएन सुब्बा रेड्डी के कम से कम पांच ठिकानों पर छापेमारी की। रेड्डी चिक्कबल्लापुरा जिले के बागेपल्ली से विधायक हैं। ईडी छापेमारी का कारण रेड्डी और उनके परिवार के सदस्यों के पास आय से अधिक अघोषित विदेशी संपत्तियां हैं, जिनमें विदेशी बैंक खातों में संदिग्ध जमा राशि और मलेशिया जर्मनी जैसे देशों में अचल संपत्तियों और वाहनों में निवेश शामिल हैं।

# रूस का कीव पर फिर बड़ा हमला मिसाइल-ड्रोन दागे, दो की मौत

कीव, एजेंसी

रूस ने यूक्रेन की राजधानी पर बृहस्पतिवार रात को बड़े पैमाने पर फिर से मिसाइल एवं ड्रोन हमले किए जिससे शहर के कई इलाकों में आग लग जाने से दो लोगों की मौत हो गई।

एक दिन पहले भी रूस ने यूक्रेन पर हवाई हमला किया था जो तीन साल से जारी युद्ध के दौरान सबसे बड़ा हवाई हमला था। कीव क्षेत्रीय प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने दो लोगों की मौत होने की जानकारी देते हुए कहा, कम से कम 13 लोग घायल हुए हैं और कम से कम पांच अन्य जिलों में आवासीय भवनों, कारों, गोदामों, कार्यालयों और अन्य गैर-आवासीय ढांचों में आग लग गई। कीव के मेयर विताली क्लित्स्को ने बताया कि शेवचेनकिव्स्की जिले में एक आवासीय इमारत में आग लग गई और बचावकर्मी राहत एवं बचाव कार्यों में जुटे हैं।



- कई रिहायशी और व्यावसायिक इलाकों में आग लगी, राहत और बचाव कार्यों में जुटे सरकारी कर्मचारी

### अमेरिका ने यूक्रेन को फिर हथियार भेजना शुरू किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन ने यूक्रेन को कुछ हथियार भेजना पुन: शुरू कर दिया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय 'पेंटागन' ने एक सप्ताह पहले ही कहा था कि वह यूक्रेन को हवाई हमलों से बचाव करने वालीं मिसाइल, सटीक निशाना लगाने वालीं तोपें जैसे कुछ हथियार भेजना रोक रहा है क्योंकि अमेरिका इस पर चिंतित है कि उसके अपने हथियारों का भंडार बहुत कम हो गया है।

# कनाडा: दो विमानों की टक्कर में भारतीय ट्रेनी पायलट की मौत

**ओटावा।** कनाडा के मैनिटोबा प्रांत में एक भारतीय ट्रेनी पायलट की विमान दुर्घटना में मौत हो गई। टोरंटो में स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी।

श्रीहरि सुकेश के रूप में पहचाने गए पायलट की मौत उस समय हुई जब एकल इंजन वाला उसका विमान आसमान में एक अन्य विमान से टकरा गया, जो एक कनाडाई युवती उड़ा रही थी। मंगलवार को हुई इस दुर्घटना में कनाडाई युवती की भी मौत हो गई। भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बुधवार को कहा कि वह सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए शोक संतप्त परिवार, पायलट प्रशिक्षण स्कूल और स्थानीय पुलिस के संपर्क में है। कैनेडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन की एक खबर में कहा गया है, दोनों ट्रेनी पायलटों के शव उनके विमानों के मलबे से बरामद हुए हैं।

## यज्ञोपवीत संस्कार



हरिद्वार में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने जनेऊ संस्कार किया। आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाई जाने वाली गुरु पूर्णिमा पर जनेऊ संस्कार कराना विशेष फलदायी माना जाता है। यह संस्कार एक युवा के लिए आध्यात्मिक शिक्षा में दीक्षा का प्रतीक है। इस संस्कार के माध्यम से उसे पवित्र ग्रंथों को सीखने और आत्म-अनुशासन का पालन करने के लिए तैयार किया जाता है। एजेंसी

# पूर्व पीएम हसीना पर मानवता के विरुद्ध अपराध के आरोप

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में मानवता के विरुद्ध अपराध के एक मामले में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ उनकी अनुपस्थिति में बृहस्पतिवार को औपचारिक रूप से आरोप तय किए गए।

विशेष न्यायाधिकरण ने मुकदमे की शुरुआत की तारीख तीन अगस्त तय की है। अभियोजन के वकील ने बताया, बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी-बीडी) ने हसीना के साथ-साथ उनके शासन के दौरान गृह मंत्री रहे असदुज्जमां खान कमाल और तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल मामून के खिलाफ भी आरोप तय किए हैं।

तीनों के खिलाफ पिछले साल जुलाई-अगस्त में छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों को दबाने के उनके प्रयासों के लिए मानवता के विरुद्ध अपराध का मुकदमा चलाने का आदेश दिया है।

अभियोजकों ने कहा कि हसीना के खिलाफ विद्रोह को दबाने के लिए नरसंहार, हत्या और यातना देने का भी आरोप लगाया गया है। उन्होंने बताया कि एकमात्र मौजूद आरोपी मामून को अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। बाकी दो आरोपी शेख हसीना और खान की अनुपस्थिति में मुकदमा चलेगा।



- बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में शुरू हुई कार्रवाई

# यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष ने हासिल किया विश्वास मत

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने बृहस्पतिवार को आसानी से विश्वास मत हासिल कर लिया। यूरोपीय संघ के अधिकतर सांसदों ने उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया।

प्रस्ताव में वॉन डेर लेयेन के खिलाफ कई आरोप लगाए गए थे, जिनमें कोविड-19 महामारी के दौरान टीका निर्माता फाइजर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के साथ निजी तौर पर संदेश साझा करना, यूरोपीय संघ के धन का दुरुपयोग और जर्मनी एवं रोमानिया में चुनावों में हस्तक्षेप शामिल था। फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में यूरोपीय संसद के पूर्ण सत्र के दौरान यह प्रस्ताव 175 के मुकाबले 360 मतों से गिर गया, जबकि 18 सांसदों ने मतदान में हिस्सा न लेने का फैसला किया।

दो टूक

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा- दलाई लामा के चयन के सभी नियम और प्रक्रिया तय

# अगला दलाई लामा लोकतांत्रिक देश से होगा, चीन से नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा है कि अगला दलाई लामा एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक देश से होगा, चीन से नहीं। खांडू ने कहा कि दलाई लामा के चयन की प्रक्रिया किसी वर्तमान दलाई लामा के निधन के बाद ही शुरू होती है। साथ ही उन्होंने प्रार्थना की कि 14वें दलाई लामा अगले 40 वर्षों तक जीवित रहें।

खांडू ने मंगलवार को एक साक्षात्कार में कहा, जैसा मैंने कहा कि दलाई लामा का स्वास्थ्य बहुत अच्छा है और इस बार अपने 90वें जन्मदिन समारोह में दलाई लामा ने भी कहा कि वह लगभग 130 वर्ष तक जीवित रहेंगे। इसलिए हम सभी ऐसी प्रार्थना करते हैं और मुझे पूरी उम्मीद है कि वह 130 वर्ष तक जीवित रहेंगे। मुख्यमंत्री स्वयं दलाई लामा के अनुयायी हैं और बौद्ध समुदाय से ताल्लुक रखते हैं।



खांडू ने कहा कि उन्हें अगले दलाई लामा के चयन की प्रक्रिया, उसके तरीके या विवरण के बारे में जानकारी नहीं है लेकिन चयन की पूरी एक प्रक्रिया होती है। उन्होंने कहा, सभी नियम तय हैं, सभी प्रक्रियाएं तय हैं। इस बारे में अटकलें लगाने का कोई मतलब नहीं है। यह अनुमान लगाने का कोई तुक नहीं है कि उनका जन्म कहां होगा, किस क्षेत्र में होगा, भारत में होगा या तिब्बत में होगा। इस मुद्दे पर केवल एक ही स्पष्टता है कि अगले दलाई लामा का जन्म एक स्वतंत्र दुनिया में होगा। और यह बात शायद दलाई लामा ने एक साक्षात्कार में कही है।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह यह संकेत दे रहे हैं कि अगला दलाई लामा चीन से नहीं होगा और कहीं और से हो सकता है, खांडू ने कहा, हां, निश्चित रूप से चीन से नहीं होगा क्योंकि वहां लोकतंत्र नहीं है। इसलिए जहां कहीं भी लोकतंत्र है... वह दुनिया में कहीं भी हो सकता है। जब उनसे कहा गया कि तिब्बत भी चीन के शासन के अधीन है तो मुख्यमंत्री ने कहा, इसलिए, मैं यह नहीं कह रहा हूं कि यह इस देश या उस देश से होगा।

खांडू ने कहा, अभी यह कहना थोड़ा जल्दबाजी होगी। लेकिन इतना तो तय है कि जहां लोकतंत्र है, जहां लोगों को आजादी है ,जहां वे अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं। मुझे लगता है कि इस बारे में स्पष्टता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गादेन फोडरंग ट्रस्ट अगले दलाई लामा की खोज करेगा। उन्होंने कहा, 15वें दलाई लामा की खोज... पूरी प्रक्रिया वर्तमान दलाई लामा के निधन के बाद ही शुरू होगी। इसलिए इसमें कोई जल्दबाजी नहीं है।

### चीन में दलाई लामा की कोई परंपरा नहीं

दलाई लामा के उत्तराधिकारी के मुद्दे पर चीन की आपत्ति पर खांडू ने कहा, मुझे नहीं पता कि चीन आपत्ति क्यों कर रहा है। चीन में कोई दलाई लामा परंपरा नहीं है। दलाई लामा परंपरा को मुख्यत: हिमालयी क्षेत्र और तिब्बती बौद्धों द्वारा मान्यता प्राप्त है। चीन की इसमें कोई भूमिका नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दलाई लामा परंपरा पहले दलाई लामा से लेकर वर्तमान के 14वें दलाई लामा तक 600 वर्षों से भी अधिक समय से जारी है। उन्होंने कहा कि इस बात को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या दलाई लामा परंपरा जारी रहेगी और क्या अगली दलाई लामा कोई महिला हो सकती है, खांडू ने कहा, 14वें दलाई लामा के 90वें जन्मदिन से पहले बौद्ध परंपराओं के सभी प्रमुखों ने बैठक की और पुष्टि की कि यह परंपरा जारी रहेगी।